ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 30 मई 2024
वर्ष 2, अंक 279, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह 16

पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज 2

## एक नजर

### कुपवाड़ा में सेना के जवानों ने 4 पुलिसकर्मियों के साथ की मारपीट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सेना के जवानों ने चार पुलिसकर्मियों की कथित रूप से पिटाई कर दी। पुलिस दल ने एक मामले की जांच के सिलसिले में कुपवाड़ा के बटपोरा इलाके में प्रादेशिक सेना के एक जवान के घर पर कथित रूप से छापा मारा था। पुलिस के इस कदम से सेना की स्थानीय इकाई में कथित रूप से रोष था, जिसके बाद वे थाने में घुसे और पुलिस कर्मियों को पीट दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि बाद में पुलिस और सेना के जवानों के बीच मामूली मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया है। घायल पुलिस वालों को सौरा स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल (एसकेआईएमएस) में भर्ती कराया गया था।

### रूद्रम- दो मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली रूद्रम - दो मिसाइल का वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई से सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ , वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण की सफलता से रूद्रम -दो की भूमिका की मजबूती से पुष्टि हुई है और इससे भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी।

### परिवार के आठ सदस्यों की हत्या कर की आत्महत्या

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के माहुलझिर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने परिवार के आठ सदस्यों की कुल्हाडी से हत्या कर स्वयं को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिले के माहुलझिर थाना अंतर्गत बोदल कछार गांव में एक आदिवासी परिवार के एक युवक ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है।

# देश में कदम रखते ही गिरफ्तार होगा रेवन्ना

बेंगलुरु, एजेंसी

- म्यूनिख से बेंगलुरु की उड़ान का 30 मई का टिकट बुक कराया
- एसआई बेंगलुरु अड्डे पर गिरफ्तारी के लिए तैनात

जनता दल (सेक्यूलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना ने 30 मई को म्यूनिख से बेंगलुरु की वापसी की उड़ान में टिकट बुक कराया है। देश में कदम रखते ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। रेवन्ना यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

एसआईटी के सूत्रों के अनुसार, जद(एस) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा के 33 वर्षीय पोते रेवन्ना के 31 मई को बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है। एसआईटी रेवन्ना के बेंगलुरु पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार करने के लिए यहां केम्पेगौड़ा हवाईअड्डे पर लगातार नजर रख रही है। हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी के तौर पर फिर से चुनाव लड़ रहे रेवन्ना यह खबर सामने आने के तुरंत बाद विदेश भाग गए थे कि कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने मुख्यमंत्री सिद्दरमैया से उन आपत्तिजनक वीडियो की जांच करने का आदेश दिया है जिसमें रेवन्ना कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण करते हुए दिखायी दे रहे हैं।



**तबाही के निशान**

असम के नागांव में रेमल तूफान का व्यापक पर पड़ा है। भूस्खलन व ज्यादा बारिश होने से बुधवार को भी यहां हाल बेहाल रहा। क्षेत्र की सड़कों व घरों में पानी भर गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ● एजेंसी

# लूटपाट मामले में आजम खां और बरकत दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 2019 के डूंगरपुर बस्ती में मामले आज होगा सजा का ऐलान

**अमृत विचार :** डूंगरपुर बस्ती में लूटपाट व चोरी के मामले में कोर्ट ने बुधवार को सपा नेता मोहम्मद आजम खां और ठेकेदार बरकत अली को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के जज डॉ. विजय कुमार ने दोषी करार दिया है। दोनों को सजा का ऐलान गुरुवार को होगा।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य आरोपों में गंज थाने में मामले दर्ज कराए थे। डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खां, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम छह दिसंबर 16 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा। आरोप है कि दरोगा फिरोज खां ने फायर भी किया। इसके बाद उसकी वाशिंग मशीन, सोना, चांदी के जेवर तथा 5000 रुपये लूटकर ले गए। विवेचना के दौरान सपा नेता आजम खां का भी नाम शामिल किया गया था।

# देश की राजधानी सबसे गर्म

## दिल्ली में पारे ने रचा इतिहास, 52.3 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को देश की राजधानी में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। नई दिल्ली में शाम 4.14 बजे तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह तापमान मुंगेशपुर इलाके में बुधवार को दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय राजधानी में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। मौसम विभाग ने देश के 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं देर शाम दिल्ली में आसमां से बरसी फुहारों ने लोगों को कुछ राहत दी।

उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म वाराणसी रहा, यहां तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं राजस्थान का चूरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच और 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अगले 24 घंटे में केरल तट से टकरा सकता है। अगले एक हफ्ते में यह देश के बाकी हिस्सों तक पहुंच सकता है।



कानपुर में गर्मी से राहत के लिए निगम ने बौछार अभियान चलाया। ● मनोज तिवारी

### पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना

दिल्ली में पानी किल्लत को देखते हुए केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनिटरिंग करेगी। वहीं दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पेड लीव दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने निर्देश जारी किए हैं।

### उप्र में लू से 28 लोगों की मौत

- महोबा में छह, हमीरपुर में तीन, चित्रकूट-बांदा में दो-दो की मौत
- कानपुर में दरोगा सहित तीन लोगों ने तोड़ा दम
- बहराइच तीन, लखनऊ व प्रतापगढ़ एक-एक जान गई


**लखनऊ/ कानपुर।** प्रदेश में प्रचंड गर्मी व लू का दौर जारी है। बुधवार को लू और हीटस्ट्रोक की चपेट में आने से बुधवार को अलग-अलग जिलों से 28 लोगों की मरने की खबर सामने आयीं हैं। महोबा में छह हमीरपुर में तीन,बहराइच तीन, कानपुर देहात में तीन, चित्रकूट और बांदा में दो-दो और लखनऊ व प्रतापगढ़ एक-एक जान गई। इसके अलावा कानपुर में एक दरोगा सहित सात लोगों की मौत लू लगने से हो गई। महोबा में अधिकतम तापमान 46 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। हमीरपुर में 48 डिग्री सेल्सियस रहा। शाम करीब पांच बजे बूंदाबादी के बाद उमस बढ़ गई। जालौन, बांदा व चित्रकूट में अधिकतम तापमान 47 डिग्री, इटावा में 45 .4 डिग्री तो फतेहपुर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सिल्सियस रहा। झांसी 47 .5 डिग्री सेल्सियस रहा। कानपुर में दिन का पारा 46 .8 डिग्री से. रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान 43 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। बहराइच 43 डिग्री से. और प्रतापगढ़ 45 .6 डिग्री सेल्सियस रहा।

# बृजभूषण के बेटे के काफिले की कार ने बाइक सवार 2 युवकों को रौंदा, मौत

संवाददाता, करनैलगंज(गोंडा)



रेहान



सहजाद

- गुस्साए ग्रामीणों ने काफिले पर किया पथराव, वाहन छोड़कर भागा चालक गिरफ्तार



हादसे के बाद खड़ी फार्च्यूनर कार।

**अमृत विचारः** कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सांसद बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल पुलिस स्कोर्ट लिखी फार्च्यूनर कार ने बुधवार की सुबह बाइक सवार दो युवकों समेत तीन लोगों को रौंद डाला। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला अस्पताल में भर्ती है। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने पथराव कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर चालक लवकुश को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के बाद गांव में तनाव है और इस तनाव को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात है।

बुधवार की सुबह बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण सिंह अपने लाल लश्कर के साथ कैसरगंज की तरफ जा रहे थे। करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर छितईपुरवा गांव के समीप काफिले में चल रही पुलिस स्कॉर्ट लिखी फॉर्च्यूनर गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद डाला। हादसे में निंदुरा गांव निवासी रेहान (17) व शहजादे (24) की मौत हो गयी। जबकि छितईपुरवा गांव की रहने वाली महिला सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। सीता देवी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब करण भूषण के काफिले की पुलिस स्कोर्ट लिखी कार ओवरटेकिंग का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार युवक कर के सामने आ गए। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के शिकार लोगों को अस्पताल ले जाने के बजाय काफिले में शामिल अन्य गाड़ियां फर्राटा भरते हुये निकल गयीं। आक्रोशित लोगों ने हादसे को अंजाम देने वाली फॉर्च्यूनर कार पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए कार चालक बस में सवरने लोग भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया जबकि महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया परिजनों संग ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का घेराव किया तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि पीड़ित परिजनों की तहरीर पर आरोपी कार चालक लवकुश श्रीवास्तव निवासी नवाबगंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चांदी में रिकॉर्ड तेजी जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



- 1,150 रुपये चढ़कर 97,100 रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं सोना भी 250 रुपये चढ़ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार तीसरे दिन चांदी में मजबूती बनी रही। इसकी कीमत 1,150 रुपये के उछाल के साथ 97,100 रुपये प्रति किग्रा हो गई।

मंगलवार को चांदी 95,950 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में बुधवार को चांदी 96,493 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। इस बीच, राजधानी में सोना 250 रुपये मजबूत होकर 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) की कीमतें 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद भाव (72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम) से 250 रुपये अधिक है।

# आईटी ने रियल स्टेट कारोबारी की जब्त की 82 एकड़ जमीन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुल्तानपुर रोड स्थित बक्कास गांव में हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** आयकर विभाग ने राजधानी के सुल्तानपुर रोड स्थित बक्कास गांव में 82 एकड़ जमीन जब्त की है। आरोप है कि यह विभिन्न कंपनियों के नाम से खरीदी थी। जब्तीकरण की कार्रवाई के बाद कुर्की की नोटिस भी चस्पा की गई है।

सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आया कि जमीनें तिलिचो इन्फ्राडेवलपर, इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ट्रेपेजियम इन्फ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टेरे नार्मस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पानटियक इन्फ्रा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, एम्ब्लाजान प्रापर्टीज, एवलिन इन्फ्राकान व साईंस्तुति वेंचर के नाम पर खरीदी गई थीं। जमीनों को जब्त करने के बाद कुर्की की नोटिस चस्पा की गई है। आयकर विभाग ने फरवरी माह में बेनामी कंपनियों के जरिए काले धन को रियल एस्टेट में खपाए जाने के मामले में लखनऊ, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद समेत छह शहरों में स्थित 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें हवाला कारोबारी नंद किशोर चतुर्वेदी की कंपनी हमसफर डीलर्स व उसकी सहयोगी कंपनियों के ठिकानों पर छानबीन हुई थी।

# इंडिगो ने महिला यात्रियों के लिए सीट चयन की शुरू की सुविधा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बाजार अनुसंधान के बाद महिला यात्रियों के लिए विशेष सुविधा की पेशकश की है। इसके तहत सीट बुक करने वाली महिलाएं अब वेब चेक-इन के समय अन्य महिला यात्रियों द्वारा बुक की गई सीटों के बारे में जान सकती हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन है। इसकी बाजार हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक है।

अप्रैल में 80 लाख यात्रियों ने इंडिगो की सेवाएं लीं। एयरलाइन ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि उसने एक नई सुविधा शुरू की है जिसका उद्देश्य महिला यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को और सुगम बनाना है। इसे बाजार अनुसंधान के आधार पर शुरू किया गया है। वर्तमान में यह हमारे गर्लपावर सिद्धांत के अनुरूप प्रायोगिक चरण में है। यह सुविधा केवल वेब चेक-इन के दौरान महिला यात्रियों द्वारा बुक की गई सीटों की दृश्यता प्रदान करती है। यह विशेष रूप से महिला यात्रियों के लिए अकेले और साथ ही पारिवार के साथ बुकिंग के हिस्से के रूप में पीएनआर (यात्री नाम रिकॉर्ड) के लिए तैयार की गई है।

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका नामंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली के मुख्यमंत्री को अब 2 जून को जाना ही होगा जेल

सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक जून को समाप्त होने वाली अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने के लिए दायर उनकी याचिका सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है।

अब उन्हें हर हाल में 2 जून को जेल जाना ही होगा। रजिस्ट्रार ने कहा कि न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दिपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के साथ ही नियमित जमानत के लिए निचली अदालत में जाने की भी छूट दी थी, इसलिए उनकी यह याचिका (अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका) विचार करने के योग्य नहीं है। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखने के कारण उनकी वर्तमान याचिका का अदालत के समक्ष विचाराधीन मामले से कोई संबंध नहीं है। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी से कहा था कि (केजरीवाल के) आवेदन को सूचीबद्ध करने के संबंध सीजेआई कोई फैसला कर सकते हैं।

# पैरोल जंप कर फरार इनामी अपराधी मुंबई से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजियाबाद पुलिस ने रखा था 50 हजार का इनाम

**अमृत विचारः** एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी अभियुक्त को मुंबई से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर गाजियाबाद के दो थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। कोरोना के दौरान अदालत से दो महीने का पैरोल मिलने के बाद अभियुक्त फरार हो गया था। एसटीएफ ने अभियुक्त को तीन दिन के ट्रांजिट रिमांड पर गाजियाबाद ला रही है।

एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि शब्बीर पुत्र हसमुद्दीन किशनगंज बिहार का निवासी है। जरी का काम सीखने के लिए दिल्ली आया था। इसी बीच इसकी मुलाकात दिल्ली में रह रहे कुछ आपराधिक तत्वों से हुई, जिसके बाद शब्बीर गाजियाबाद में चोरी और लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देने लगा। गाजियाबाद कोतवाली और विजयनगर थाने में शब्बीर के खिलाफ सात मुकदमे दर्ज हैं। इसी के आधार पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई थी। 2020 में कोरोना महामारी के दौरान शब्बीर को अदालत से दो महीने के लिए पैरोल मिला था, जिसे जंप करते हुए शब्बीर मुंबई भाग गया। शब्बीर पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम रखा था।

# सातवें चरण में 13 सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 30 मई को शाम छह बजे प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने भीषण गर्मी में मतदाताओं व मतदान कर्मियों के बचाव के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। वहीं, दुद्धी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

# मोदी ने पूछा, नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे षड्यंत्र तो नहीं

बारीपदा/बालासोर (ओडिशा), एजेंसी।



- कहा- 10 जून को ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी तो विशेष समिति का गठन कर कराएंगे जांच

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट के पीछे साजिश की आशंका जताते हुए बुधवार को वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी तो वह इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगी।

मयूरभंज और बालासोर लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पांच दशक के अंतराल के बाद केंद्र में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, सवाल ये है कि नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन बाबू के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है। इसलिए 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों गिरती जा रही है। उन्होंने कहा नवीन बाबू की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के पीछे के रहस्य को सामने लाया जाना चाहिए, क्योंकि राज्य के लोगों को इसका कारण जानने का अधिकार है। तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले और पटनायक के करीबी माने जाने वाले बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पूरा ओडिशा चाहता है कि कोई उड़िया राज्य का मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा ओडिशा के लोगों ने राज्य में बीजद के 25 साल के शासन पर पूर्ण विराम लगाने का फैसला किया है।

### पटनायक का मोदी को जवाब, मेरी सेहत ठीक, कर रहा हूं चुनाव प्रचार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि उनकी सेहत ठीक है और वह लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव के लिए गत एक महीने से प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उन्होंने (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) पूर्व में सार्वजनिक रूप से कहा कि मैं उनका अच्छा मित्र हूं। उन्हें मात्र मुझे फोन करके मेरी सेहत की जानकारी लेनी थी लेकिन ओडिशा एवं दिल्ली में भाजपा के कुछ लोग मेरी सेहत को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरी सेहत ठीक है और मैं राज्य में विगत एक महीने से चुनाव प्रचार कर रहा हूं। मोदी के बयान के कुछ घंटों के बाद ही पटनायक की यह प्रतिक्रिया आई है।

## खेल डायरी

### आईडब्ल्यूएल के दूसरे सत्र में खेलेंगी श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी

**नई दिल्ली।** श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी को इंडियन वुमैन्स लीग आईडब्ल्यूएल 2 में क्रमश: पहला और दूसरा स्थान हासिल करने के बाद आईडब्ल्यूएल में प्रोमोट कर दिया गया। श्रीभूमि ने गोवा के मापुसा में दुलेर स्टेडियम में पुधुवाई यूनिकॉर्न्स पर 2-0 की जीत से आईडब्ल्यूएल 2 खिताब अपने नाम किया। पांच टीम श्रीभूमि एफसी, नीता फुटबॉल अकादमी, गढ़वाल यूनाईटेड एफसी, पुधुवाई यूनिकॉर्न्स और एफसी टूएम अंतिम दिन लीग जीतने की दौड़ में बनी हुई थी, लेकिन लीग के अंतिम दौर में श्रीभूमि और नीता फुटबॉल अकादमी ने 10-10 अंक हासिल किए। बेहतर रिकॉर्ड की बदौलत श्रीभूमि को विजेता घोषित किया गया। नीता एफए ने अंतिम दिन एसएजी फुटबॉल अकादमी को हराया।

### एआईएफएफ फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 22 से

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन गुजरात में 22 जून से पांच जुलाई तक स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां फुटबॉल हाउस में हुआ। टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 18 टीम हिस्सा लेंगी। संबंधित राज्य संघों ने 14 टीमों को नामित किया है जबकि पिछले सत्र में फुटसाल क्लब चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली फुटबॉल क्लब, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, मिनर्वा अकादमी एफसी और इलेक्ट्रिक वेंग फुटसाल क्लब को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन लीग सह नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा जहां सभी चार ग्रुप के विजेता सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे।

### नॉर्वे शतरंज: प्रगनानंद हारे, वैशाली को मिली जीत

**स्टवान्गर (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज के दूसरे दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रगनानंद को मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। स्पेयरबैंक 1 एसआर-बैंक में मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और डिंग लिरेन ने आर्मागेडन (सडन डेथ) खेलों में सफेद रंग के मोहरों से जीत हासिल की और प्रत्येक ने 1.5 अंक हासिल किए। विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ 2-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ने वाले भारत के विलक्षण प्रगनानंद ने नॉर्वे शतरंज के मुख्य दौर में अपना पहला क्लासिकल पहला मैच ड्रॉ खेला। उधर, वैशाली ने कोनेरू को हराकर महिला टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है। वैशाली आर ने नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज करने के लिए साथी भारतीय कोनेरू हम्पी को हराया।

### अपने खेल और टीम का ऋणी रहूंगा : छेत्री

**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने की दहलीज पर खड़े भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों और खेल



के हमेशा ऋणी रहेंगे जिन्होंने हमेशा उनकी मदद करके इस मुकाम तक पहुंचाया। भारतीय टीम छह जून को कुवैत के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर खेलने यहां पहुंच गई है। छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। छेत्री ने कहा ये आखिरी कुछ दिन है जो मेरे लिये दुविधा से भरे हैं। अब राष्ट्रीय टीम में मेरे कुछ ही दिन रह गए हैं। भारत के लिए 150 मैचों में 94 गोल करने वाले छेत्री ने कहा मैने अपने सत्र गिनने का फैसला किया है लेकिन कृतज्ञता के भाव से। मैं अपनी टीम और इस खेल के प्रति सदैव ऋणी रहूंगा। अगर भारत जीतता है तो पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। साथ ही एएफसी एशियाई कप सउदी अरब 2027 के लिए स्वत: क्वालीफाई करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाएगा।

### एएसी की नियुक्ति पर रोक, समिति को सौंपी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने बुधवार को भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के दैनिक मामलों की देखरेख के लिए तदर्थ प्रशासनिक समिति (एएसी) की नियुक्ति पर रोक लगाकर खेल संस्था का नियंत्रण 2019 को चुनी गयी कार्यकारी समिति को वापस दे दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजस्थान घुड़सवारी संघ (आरईए) द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 24 मई को ईएफआई का रोजमर्रा का कामकाज देखने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नज्मी वजीरी की अध्यक्षता वाले तदर्थ पैनल की नियुक्ति का आदेश दिया था। महासंघ ने एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ पेटेंट अपील दायर की थी और उसे मनमुताबिक फैसला भी मिला। भारत ने अभी तक ड्रेसज स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक का एक कोटा हासिल किया है जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अनुष अगरवाला ने दिलाया था।

# कोहली-रोहित के लिए खिताब का आखिरी मौका

## 2007 और 2011 विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं दिग्गज, 13 साल बाद फिर जीतना चाहेंगे ट्रॉफी



**बेंगलुरु, एजेंसी**

ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है जो एक-दूसरे से इतने अलग हों लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा। रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरुआत 2007 में बेलफास्ट में की जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला। एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवतः अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा।

अगला टी-20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 साल के होने वाले होंगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। एकदिवसीय प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे। अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी-20 विश्व कप रोहित और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप विराट का दूसरा विश्व खिताब होगा और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में काफी प्रभाव डाला।

**2026** में होगा अगला टी-20 विश्व कप तब रोहित 40 साल के होने वाले होंगे और 38 वर्ष के होंगे कोहली

**2007** बेलफास्ट में रोहित ने जबकि कोहली ने 2008 दांबुला में खेला था अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच

### खास हैं रोहित और विराट की बल्लेबाजी के अंदाज

रोहित में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है जिससे उन्हें मदद मिलेगी, लेकिन कोहली का खेल थोड़ा अलग है। वह कभी-कभार बड़ी हिट लगा सकते हैं लेकिन उन्हें अक्सर स्पिन के खिलाफ जूझना पड़ता है, विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ। टी-20 में धीमे गेंदबाजों के खिलाफ उनका करियर स्ट्राइक रेट 120 के आसपास रहता है। बीच के ओवरों में उनकी प्रगति में बाधा डाली लेकिन इस साल के आईपीएल के दौरान उन्हें इसका समाधान मिल गया। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ स्लॉग स्वीप का इस्तेमाल किया। इसका उनके स्ट्राइक रेट पर अच्छा असर पड़ा क्योंकि कोहली ने 188 गेंदों पर 260 रन बनाए और स्पिनरों के खिलाफ 15 छक्के लगाए। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 139 तक पहुंच गया जो उनके आईपीएल के 124 के समग्र स्ट्राइक रेट से काफी बेहतर है। यह कोहली के लिए टी-20 विश्व कप में काम आ सकता है जहां पिचों के टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ धीमा होने की उम्मीद है जिससे स्पिनरों की अहमियत बढ़ती है। क्रिकेट के दायरे से परे दोनों दिग्गजों का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अंतिम प्रयास करना व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक आकर्षक दृश्य होगा।

कोहली-रोहित की कहानी आपसी सम्मान और इस जागरूकता पर आधारित है कि उन्हें एक-दूसरे के काम मे दखल नहीं देनी। कोहली ने अपने करियर की शुरुआत से ही रोहित के लिए उनके मन में जो प्रशंसा है, उसके बारे में बात की है। विराट ने क्रिकेट की दुनिया में हर जगह रन बनाए हैं जो सचिन तेंदुलकर के सुनहरे दिनों के बाद शायद ही कभी देखा गया हो। रोहित ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपनी अलग पहचान बनाई लेकिन मुंबई का यह बल्लेबाज अपने करियर में अधिकांश समय टेस्ट क्रिकेट में वह सफलता हासिल नहीं कर पाया। करियर के दूसरे हाफ में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में हालांकि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन अभी के लिए कोहली और रोहित को टी-20 विश्व कप में भारत के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रारूप में अपने विशाल अनुभव पर निर्भर रहना होगा।



# ठंड से सामंजस्य बिठाने में जुटी भारतीय टीम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

दूधिया रोशनी में दो महीने तक आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने विराट कोहली के बिना टी-20 विश्व कप के लिए सुबह ट्रेनिंग सत्र के साथ अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। टी-20 विश्व कप में भारत के सभी शुरूआती मैच सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होंगे इसलिए सुबह के ट्रेनिंग सत्र को तवज्जो दी गई।

आईपीएल में आरसीबी के बाहर होने के बाद कोहली ने व्यक्तिगत काम के लिए ब्रेक लिया है और उनके शुक्रवार को टीम से जुड़ने की संभावना है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह लंबी यात्रा के बाद शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के एकमात्र अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं। भारत में तेज गर्मी में 90 प्रतिशत मैच खेलने के बाद खिलाड़ी यहां सुबह के खुशनुमा मौसम के अनुरूप ढलने पर ध्यान लगाएंगे क्योंकि यहां तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस रहता है जिसमें बहुत कम आद्रता होती है। सुबह हल्की हवा में सफेद कूकाबूरा गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और इसके लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा। यात्रा की थकान के बाद खिलाड़ियो को सुबह की इन परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। सहयोगी स्टाफ ने नासाऊ काउंटी मैदान पर अभ्यास पिचों पर नेट सत्र में कौशल ट्रेनिंग शुरू करने से पहले खिलाड़ियों को परिस्थितियों के हिसाब से सांमजस्य बिठाने में मदद करने का फैसला किया। टीम के 14 खिलाड़ियों ने शुरूआत हल्की जांगिग से की, इसके बाद शटल रन लगाई और कुछ फुट वॉली भी की।



नासाऊ काउंटी मैदान पर ट्रेनिंग सत्र में दौड़ते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

### कदमों पर तो खड़ा हो गया, इंडिया के लिए खड़ा होना बाकी : पंत

**मुंबई।** आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ एक प्रोमो लॉन्च किया है। स्टार स्पोर्टस ने बुधवार को ट्वीट कर प्रोमो का वीडियो शेयर किया है जिसमें पंत के साथ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ कहा जा रहा है दिल में एक कसक अभी बाकी है, दिल में एक धड़क अभी बाकी है, अपने कदमों पर तो खड़ा हो गया, अभी इंडिया के लिये खड़ा होना बाकी है। वीडियो में ऋषभ पंत देश को गर्व, खुशी और आशा के साझा बैनर के तहत एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े क्रिकेट गौरव के लिए तैयार है। यह देश और दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक भारत के रूप में खड़े होने का समय है।

# ऑस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच में नामीबिया को हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैचों में नामीबिया को वॉर्नर की 21 गेंदों में नाबाद (54) रनों की पारी की बदौलत 10 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की संघर्षपूर्ण शुरुआत हुई। नामीबिया की ओर से जेन ग्रीन ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 38 रन बनाए। निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 119 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली और 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

### चयनकर्ता और कोच के साथ खेली ऑस्ट्रेलिया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की। आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिशेल स्टार्क, कैमरन ग्रीन, स्टोइनिस और मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर उतरना पड़ा। बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा। मार्श और हेजलवुड जब ड्रेसिंग रूम में लौटे तो मैकडोनाल्ड और 49 साल के बल्लेबाजी कोच ब्रेड हॉज को मैदान पर आना पड़ा।

# अरूंधति प्री क्वार्टर फाइनल में, नरेंदर बाहर

**बैंकॉक, एजेंसी**

**ओलंपिक क्वालीफायर**



गत राष्ट्रीय चैंपियन अरूंधति चौधरी ने बुधवार को दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

अरूंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अरूंधति ने पहले राउंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार शुरुआत की जबकि दूसरे राउंड में उन्होंने थोड़ा सतर्क रवैया अपनाते हुए स्थिति मजबूत की। अरूंधति ने तीसरे राउंड में आसान जीत दर्ज की। नरेंदर ने भी विरोधी को कड़ी टक्कर दी लेकिन यह अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था।

### पदक विजेताओं को पुरस्कार देगा आईबीए

**जिनेवा।** अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में हर स्वर्ण पदक विजेता को वह 50000 डॉलर नकद पुरस्कार देगा। आईओसी ने आईबीए पर प्रतिबंध लगा रखा है और ओलंपिक पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने के उसके फैसले को भी मंजूरी नहीं दी है। उसके पास 13 भारवर्गों में क्वार्टर फाइनल पहुंचने वाले पुरूष और महिला मुक्केबाजों, उनके कोचों और राष्ट्रीय टीमों के लिए 21 लाख डॉलर ईनामी राशि है। हर ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन को 25000 और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले को 10000 डॉलर दिये जाएंगे।

# नियमों में बदलाव के कारण सिंहराज ने छोड़ा पेरिस कोटा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**पैरा निशानेबाज**

दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता निशानेबाज सिंहराज अधाना पेरिस के लिए भारतीय दल का हिस्सा नहीं हो पायेंगे क्योंकि 2021 तोक्यो चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय पैरालिंपिक समिति (आईपीसी) द्वारा प्रतियोगिता नियमों में बदलाव किया गया है।

42 वर्षीय सिंहराज ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 में रजत और 10 मीटर एयर पिस्टल एसएचआई श्रेणी में कांस्य जीता था। भारतीय पैरालंपिक समिति के निशानेबाजी के लिए चयन पैनल ने बैठक की और फैसला किया कि केवल आठ ही पैरा निशानेबाज पेरिस के लिए उड़ान भरेंगे। देश के पैरा निशानेबाजों ने नौ पेरिस कोटा स्थान हासिल किए हैं। पीसीआई चयन समिति की बैठक के मिनटस के अनुसार हालांकि हमने पेरिस पैरालंपिक के लिए नौ कोटा स्थान हासिल किए, लेकिन हमारी पीसीआई चयन नीति और विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स दिशानिर्देशों के अनुसार केवल आठ निशानेबाज ही भाग ले पाएंगे इसलिए हमें सिंहराज का एक कोटा छोड़ना होगा।

### फ्रेंच ओपन में हर्बर्ट को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे जोकोविच



**2** घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से दर्ज जीत की जोकोविच की यह 93वीं जीत है।

**पेरिस।** सार्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रांस के पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए है। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने दो घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। जोकोविच की 93वीं जीत है। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से होगा।


### लावेर कप में टीम यूरोप के कप्तान होंगे यानिक

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन 1983 चैंपियन यानिक नोआह लावेर कप 2025 में ब्योर्न बोर्ग की जगह यूरोपीय टेनिस टीम के कप्तान होंगे। पिछले सप्ताह आंद्रे अगासी को विश्व टीम का कप्तान चुना गया जो जॉन मैकेनरो की जगह लेंगे। नोआह ग्रैंडस्लैम जीतने वाले फ्रांस के आखिरी खिलाड़ी थे जो 1986 में एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान तक पहुंचे। अगला लावेर कप सेन फ्रांसिस्को में होगा।

## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस



साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में अल्लू और रश्मिका का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। इस नए पोस्टर में पीछे का बैकग्राउंट काफी कलरफुल नजर आ रहा है। साथ ही इसमें अल्लू बिल्कुल शाहरुख खान की तरह बाहें फैलाए नजर आ रहे हैं। रश्मिका के चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान दिखाई दे रही है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर एक्स अकाउंट पर जारी किया है। मेकर्स ने एक्स अकाउंट पर लिखा, इंडिया की सबसे पसंदीदा जोड़ी जल्द ही कपल सॉन्ग को लेकर आ रही है। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।



### भानुशाली ने सुपर्ण के साथ साइन की तीन फिल्मों की डील

**मुबई।** भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड के विनोद भानुशाली ने सफल फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है के बाद सुपर्ण एस वर्मा के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने तीन फिल्मों की एक शानदार डील क्रैक की है। इस स्टूडियो ने क्रिटिकली अक्लेम्ड निर्देशक सुपर्ण एस वर्मा को एक अपकमिंग फिल्म का निर्देशन करने और दो और फिल्मों का रचनात्मक निर्माण करने के लिए साइन किया है। हाल में भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने इसकी घोषणा की है। अपनी दूरदर्शी स्टोरीटेलिंग और इनोवेटिव फिल्ममेकिंग अपरोच के लिए जाने जाने वाले, सुपर्ण एस वर्मा अपना अनूठा दृष्टिकोण और रचनात्मक विशेषज्ञता भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड में लाएंगे। इसके तहत निर्देशक एक आगामी फिल्म की बागडोर संभालेंगे, जिसमें वे अपनी विशिष्ट शैली और रचनात्मकता का समावेश करने का वादा करेंगे। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन फेज में है और अगले साल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। वहीं कास्ट और क्रू के बारे में ज्यादा जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी। निर्देशन के अलावा, वह दो और फिल्मों के लिए क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी काम करेंगे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से हारी

**मोनशेनग्लाबाख (जर्मनी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। मंगलवार को हुए इस मुकाबले में भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे।



पहले क्वार्टर में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों के पास पेनल्टी कार्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका था लेकिन दोनों टीमों को नाकामी हाथ लगी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने बढ़त बना ली। भारत ने हालांकि मध्यांतर से पहले डिफेंडर योगेंबर के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल की मदद से स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और गुरजोत ने इसे गोल में बदलकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। जर्मनी ने भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। मैच के अंतिम लम्हों में जर्मनी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और उसने इसका फायदा उठाते हुए 3-2 की बढ़त बना ली जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारत यूरोप दौरे पर अपना अंतिम मैच बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में जर्मनी के खिलाफ खेलेगा।

# पीवी सिंधू सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में, लक्ष्य हारे

**सिंगापुर, एजेंसी**

पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में उप विजेता रही थीं।

सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लिने होजमार्क जार्सफेल्ट पर 44 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मुकाबले में 21-12 22-20 से जीत हासिल की। अब दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन का सिंधू के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 11-5 का है। वहीं लक्ष्य



ने एक्लेसेन के सामने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन 62 मिनट में पराजित हो गए। एक्लेसन ने पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में सत्र का पहला खिताब जीता था। किदाम्बी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ पिछड़ने के बाद रिटायर होना पड़ा। बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को मिश्रित युगल मैच में मलेशिया के गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी की जोड़ी से 18-21 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# पारा 46 डिग्री पार, हर तरफ हाहाकार

○ बुधवार को सबसे ज्यादा गर्म रहा कानपुर देहात ○ पेड़ से बेहोश होकर गिरे पक्षी, धूप ने झुलसाया

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले में नौतपा के चलते मौसम दिन पर दिन अपने तीखे तेवर दिखा रहा है। बुधवार दोपहर में पारा 46.6 डिग्री पहुंचने से सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। पूरे दिन आसमान से दहकते सूरज की तपन से आग बरसाती रही, जिससे लोगों के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल रहे। जरूरी काम से घरों से निकले लोग छतरी लगाने व सिर और चेहरा ढक कर निकलने को मजबूर हुए, जबकि गर्मी बेहाल राहगीर छाया देख वाहन को रोक कर पसीना सुखाते नजर आए। जिले में तेज धूप के साथ तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है।

बुधवार को सुबह से ही गर्मी अपना असर दिखाने लगी सूरज निकलने के साथ ही तपन बढ़ती गई। जरूरी काम से घरों से निकले लोग तेज धूप से बचने के लिए छतरी का सहारा लेने के साथ से अंगौछा दुपट्टे से चेहरा ढकने के लिए मजबूर हो गए। दोपहर में पारा 46.6 डिग्री पहुचने पर बुधवार सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। गर्मी के चलते वहानों के नगण्य रहने से रोड पर पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डा. सुनील पाण्डेय ने बताया कि अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं, किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है। दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। फुल आस्तीन के कपड़े पहनने की सलाह दी है।

**कूलर, फ्रिज और एसी की बढ़ी डिमांड:** नौतपा की गर्मी शरीर को झुलसा रही है। गर्मी से परेशान लोग बाजार जाकर फ्रिज कूलर एसी को खरीद रहे हैं जबकि मिट्टी के घड़ो की भी डिमांड बढ़ गई है।



गर्मी से राहत पाने के लिए नहर में नहाते लोग। अमृत विचार

## ट्रक चालक की बिगड़ी तबीयत और थम गईं सांसें

कानपुर देहात। प्रतापगढ़ जिले पुरेभीखा गांव निवासी देवराज (42) ट्रक में मक्का लादकर एग्रो इंडस्ट्रीज बारा जोड़ (अकबरपुर) आया था। बुधवार देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। कंपनी के कर्मचारी उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां ईएमओ ने देवराज को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेजा है। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



गर्मी से संदलपुर में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

## गर्मी हुई जानलेवा, दो लोगों की चली गई जान

पुखरायां/रनियां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर अचानक ट्रक चालक की हालत बिगड़ने पर स्थानीय लोगों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला सीतापुर थाना सिधौली के जगपुरा गांव के हरन ने बताया कि उनके मौसा आसिफ खान (30) हमीरपुर से ट्रक में मौरंग लादकर सीतापुर जा रहा था। झांसी-कानपुर हाईवे पर चौरा गांव के पास अचानक उसकी हालत बिगड़ने पर सीएचसी लाया गया, जहां डॉ. आरती सिंह ने मृत घोषित कर दिया। उधर, रनियां क्षेत्र में बुधवार की शाम चिरौरा के एक युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चिरौरा गांव निवासी 50 वर्षीय ननका बुधवार को राजेंद्री चौराहे के समीप देशी शराब की दुकान के पीछे बेहोशी हालत में मिला, जिसे भाई चंद्रपाल ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# झींझक में वाटर कूलर से प्यास बुझा रहे लोग

**मंगलपुर।** नौतपा शुरू होने से आसमान से आग बरस रही आम जनता के साथ साथ पशु पक्षी भी झुलस रहे हैं इस समय गर्मी अपनी चरम सीमा पर है लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं अगर निकल रहे है तो तेज धूप का बचाव करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में नगर पालिका परिषद झींझक के द्वारा नगर क्षेत्र के 5 प्रमुख स्थानों पर फ्रीजर वाटर कूलर लगाया गया। ताकि भीषण गर्मी में लोगो की प्यास बुझाई जा सके।

नगर पालिका परिषद झींझक आने वाले लोगों को भीषण गर्मी में पीने के पानी की समस्या हो रही थी। इसको देखते हुए नगर पालिका परिषद झींझक ने वाटर कूलर मशीन को लगाया है। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद झींझक जेपी मौर्या ने कहा कि सरकारी अस्पताल, पॉवर हाउस, अक्षय वट आश्रम, दुर्गेश नगर, विकास नगर में कहीं भी पेयजल का व्यवस्था नहीं थी और भीषण गर्मी को देखते हुए नए पांच वाटर कूलर लगाए गए हैं



वाटर कूलर से पानी भरती महिलाएं।

जिससे लोगों को ठंडा पेयजल मिल सके। वाटर कूलर मशीन लगने के बाद स्थानीय लोगों के साथ बाजार आने वाले राहगीरों को भी गर्मी में काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत के हिसाब से नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा क्षेत्र के और भी चिन्हित जगह पर वाटर कूलर लगाया जायेगा। एक दो जगहों के वाटर कूलर ठंडा पानी मुहैया नहीं करा पा रहे है। एक दो दिनों मे उन्हे भी ठीक करा लोगो को शीतल पेयजल मुहैया कराया जाएगा वाटर कूलर लगने से लोगों ने राहत की सांस ली।

## एक नजर

### विवाहिता लापता, रूरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**रूरा।** क्षेत्र के कमालपुर गांव की हाजरा बीते रविवार को बाजार जाने की बात कह कर घर से निकली थी जिसकी देर रात तक घर वापसी नहीं हुई परिजनों ने काफी खोज बीन की लेकिन कोई पता न चल सका जिस बहन आशमा ने थाने में शिकायत दी है।थाना प्रभारी ने बताया की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

### पिता-पुत्र के विरुद्ध मारपीट की एफआईआर दर्ज

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के धर्मूपुर रतनपुर गांव निवासी एक महिला ने पिता पुत्र के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। धर्मूपुर रतनपुर गांव निवासी योगेंद्र कुमार की पत्नी प्रेमा देवी ने आरोप लगाया कि वह अपने दरवाजे बैठी थी, तभी पुष्पेंद्र व उसके पिता रामचंद्र आकर गालीगलौज करने लगे विरोध करने पर मारा-पीटा जिससे घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के दहेलिया गांव के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस उसे सीएचसी ले गई, वहां ईएमओ ने इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया। कंचौसी मंगलपुर निवासी बृजेश कुमार बाइक से मंगलवार रात कानपुर की तरफ जा रहा था, तभी दहेलिया पेट्रोल पंप के पास वाहन ने टक्कर मार दी ।हादसे मे बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस उसे सीएचसी ले गई। ईएमओ डॉक्टर बृजेश कुमार ने हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर कर दिया।

### बुखार से युवक की मौत

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद के निराला नगर निवासी एक मजदूर की बुखार से मौत हो गई। निराला नगर निवासी रामू सविता (35) को मंगलवार की रात तेज बुखार आया। उसने तहसील के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा खरीद कर खाई। बुधवार दोपहर हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए, वहां डॉ. बृजेश कुमार ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है।

# मित्र का साथ कभी भी नहीं छोड़ें

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** सुदामा-कृष्ण मित्रता की कथा के माध्यम से भागवत ने मित्रता के सच्चे धर्म व भगवान पर आश्रित रहने वालों की स्थिति का वर्णन किया है। भागवत ने अत्यंत समृद्ध संपन्न होने पर भी अपने निर्धन मित्र को न भूलने और मित्रता निर्वहन के लिए बुरे वक्त में मित्र का साथ देने का संदेश समाज को दिया है।

यह बात रसूलाबाद क्षेत्र के डूड़ामहुआ स्थित तालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रचंड गर्मी के कारण हो रही सांयकालीन श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस पर कथावाचक मधुसूदन जी महाराज ने कृष्ण सुदामा की कथा के प्रसंग के दौरान कही । उन्होंने कहा कि मित्रता में मित्र के कष्ट निवारण के पश्चात ही अपने कष्ट की ओर ध्यान देना चाहिए। घर की विपन्नावस्था देखकर सुदामा की पत्नी सुशीला ने बचपन के मित्र द्वारकाधीश से मिलने का आग्रह अपने पति सुदामा से किया और उन्हें भेंट के लिए पोटली में कुछ चावल पड़ोसी से मांग कर दिए।



तालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा वाचक मधुसूदन जी महाराज की विदाई करते आयोजन समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

सुदामा के द्वारिका पहुंचने और वहां के वैभव को देखने के पश्चात वे चकाचैंध हो गये। बड़ा साहस कर उन्होंने द्वारपाल से अपनी कृष्ण की मित्रता की बात कह कर उनसे मिलने का आग्रह किया। द्वारपालों से सुदामा की दशा का वर्णन सुनकर भगवान नंगे पांव अपने मित्र के लिए दौड़े चले आए और उनका अद्भुत स्वागत किया। चावल की पोटली छुपाने पर उन्होंने उनसे कहा कि वे बचपन की आदत अभी भी नहीं भूले हैं। बाद में उन्होंने अपने मित्र को सांसारिक वैभव एवं पारलौकिक सुख से समृद्ध कर दिया। राजाधिराज होते हुए भी भगवान श्री कृष्ण अपने मित्र को नहीं भूले और मित्रता के निर्वहन के लिए समाज को एक संदेश दिया कि बुरे वक्त में भी अपने मित्र का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। इस अवसर पर रामू दुबे, कमल दुबे ,प्रमोद कुमार दुबे, अवधेश अवस्थी, बिपिन दुबे आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# युवक का शव पड़ा मिला, शिनाख्त हुई

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जरैलापुर गांव के समीप एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा होने की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांचपड़ताल शुरू की। मौके पर पहुंची मृतिका की पत्नी ने शव की शिनाख्त की।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र जरैलापुर गांव निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया कि उसका पति जुग्गीलाल (40) हैदराबाद में काम करता था। करीब आठ वर्ष पूर्व उसके पति की तबियत बिगड़ गई थी। जिसके बाद वह घर आ गया था। और उसका उपचार चल रहा था। जुग्गीलाल का मानसिक संतुलन सही नही रह रहा था। मंगलवार की शाम वह घर से कहीं निकल गया था। काफी तलाश करने पर उसका पता नही चल सका। सुबह सूचना मिली कि उसके पति का शव गांव के समीप पड़ा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# लू से बचाव के लिए दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** अमरौधा ब्लॉक कार्यालय में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला आपदा विशेषज्ञ ने आशाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लू, आपदाओं से बचाव के लिए जागरुक किया गया।

बीडीओ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला आपदा विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा ने आशाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व बैंक सखियों को आपदा से बचाव के लिए जागरुक करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। उन्होंने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।



अमरौधा ब्लॉक में आपदा से बचाव के लिए जागरुक करते विभाग के अधिकारी।

● आशाओं, बैंक सखियों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बताए गए उपाय

आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि तापमान 46 डिग्री सेल्सियस होने से लू का प्रकोप बढ़ा हैं। गर्मी व लू से बचाव के लिए घर से बाहर निकलने में सावधानी बरतें। धूप से बचाव के लिए गमछा टोपी और छांते का इस्तेमाल करे। हल्के रंग के कपडों का उपयोग करे। लस्सी नमक व चीनी के घोल का सेवन करे। शरीर का तापमान बढने पर पसीना न निकले सिर में दर्द महसूस होने, त्वचा में लालिमा दिखाई देने उल्टी दस्त की शिकायत होने पर और मांसपेशियों में ऐठन होने पर पीड़ित को छायादार वृक्ष के नीचे बैठाए। शरीर पर पानी का छिडकाव करें। नशीले पदार्थों का सेवन से बचाव करे प्रोटीन युक्त हल्का भोजन करे। सर्पदंश के शिकार व्यक्ति को नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाए ताकि उसे समय से उपचार मिले। कार्यक्रम में एडीओ बलबीर प्रजापति, रुखसाना, तबस्सुम जहां, आदि लोग उपस्थित रहे।

# अभियोजन के गवाह से बचाव पक्ष ने की जिरह

**बलवंत कांड**

● अब 31 मई को होगी इस मामले में अगली सुनवाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बलवंत हत्याकांड में अपर जिला जज पंचम की अदालत में बुधवार को अभियोजन गवाह से दो आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष ने जिरह पूरी की। अब 31 मई को सुनवाई होगी।

शिवली क्षेत्र के सरैंया लालपुर निवासी बलवंत की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। इसमें तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने तत्कालीन एसओजी प्रभारी सहित आठ लोगों को जेल भेजकर उनके खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही है। वादी पक्ष के अधिवक्ता जीतेंद्र प्रताप सिंह चैहान ने बताया कि बुधवार को अभियोजन गवाह गुड्डू उर्फ राघवेन्द्र सिंह से आरोपियों तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम व सिपाही दुर्वेश कुमार की ओर से बचाव पक्ष ने अपनी जिरह पूर्ण कर ली है।

# खुशी दुबे केस में टली सुनवाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बिकरू कांड में आरोपी अमर दुबे की पत्नी खुशी दुबे को चौबेपुर पुलिस ने मुख्य मामले के साथ ही दूसरे की आईडी से लिए गए सिम कार्ड का उपयोग करने के मामले में आरोपी बनाया था। बुधवार को दोनों मामलों में अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई टल गई। अब सुनवाई के लिए 11 जून की तिथि नियत की गई है।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे और उसके साथियों ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मी शहीद हो गए थे, जबकि कई घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने बिकरू कांड के बाद पुलिस मुठभेड़ में मारे गए अमर दुबे की पत्नी खुशी को मुख्य मामले में आरोपी बनाने के साथ ही दूसरे की आईडी से लिए मोबाइल का सिम उपयोग करने के मामले में भी आरोपी बनाया था।

मुख्य मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट और सिम मामले की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में चल रही है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि बुधवार को दोनों मामलों में अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई आगे बढ़ गई है। अब दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 11 जून की तिथि नियत की गई है। इस दौरान आरोपी खुशी अदालत में उपस्थित रहीं।

## बिकरू कांड की सुनवाई अब 10 जून को

**कानपुर देहात।** बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। बुधवार को अभियोजन गवाह के चुनाव ड्यूटी में होने के कारण मामले में गवाही नहीं हुई। अब अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 10 जून की तिथि नियत की है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे। मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले में गवाही चल रही है। बुधवार को अभियोजन गवाह के चुनाव ड्यूटी में होने के कारण मामले में सुनवाई नहीं हो सकी है। अब अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 10 जून की तिथि नियत की है।

## सार-संक्षेप

### कोर्ट के आदेश पर चार पर लूट की रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर देहात।** बिरुहन निवासी अशोक कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि वह सोने-चांदी के आभूषणों की बिक्री का काम करता है । 21 जनवरी को सड़क हादसे में उसका बेटा घायल हो गया था, जिसकी रिपोर्ट उसने गांव के ही नामजद दो लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई थी ।इसी रंजिश को लेकर 8 अप्रैल को वह कानपुर सराफा बाजार से 45 हजार के जेवरातों की खरीदारी कर बाइक से घर वापस जाते समय कहिंजरी अंगदपुर के मध्य मालपुरवा गांव के पास गांव के ही रामू ,श्यामू ,आकाश व सुरेश ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए उसकी दाहिने हाथ की उंगली तोड़ दी एवं जेवरातों से भरा बैग व जेब में रखे 14 हजार रुपए नगद लूट लिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी लेकिन रिपोर्ट दर्ज न होने पर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि न्यायालय के आदेश से मारपीट एवं लूटपाट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, घटना की जांच करवाई जा रही है। प्रथम दृष्टया लूटपाट का मामला संदिग्ध प्रतीत होता है।

### जुलाई से पहले स्कूलों में हो सकता है समायोजन

**कानपुर देहात।** परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों का जिले के अंदर समायोजन जुलाई से पहले किया जा सकता है। जिन परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की संख्या कम है वहां पर अध्यापकों का समायोजन होगा। जहां पर छात्रों की तुलना में इनकी संख्या अधिक है उन्हें दूसरे विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। छात्रों के साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी पूरी जानकारी पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। जनपद में कुल 1925 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 1 लाख 40 हजार छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। कई ऐसे विद्यालय हैं जो एक शिक्षक या शिक्षामित्रों के सहारे चल रहे हैं। शासन ने शिक्षकों का जिले के अंदर समायोजन करने का निर्देश दिया है जिससे सभी विद्यालयों में शिक्षक छात्रों का अनुपात ठीक किया जा सके। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। देखा जाए तो सबसे अधिक शिक्षकों की जरूरत ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को है।

### 30 बच्चों पर एक शिक्षक का मानक

**कानपुर देहात।** परिषदीय स्कूलों में मानक के अनुसार 30 बच्चों पर एक शिक्षक की नियुक्ति होती है। 45 बच्चों पर दो शिक्षक, 60 बच्चों पर तीन शिक्षक, 75 बच्चों पर चार तथा 90 बच्चों पर पांच शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। देखा जाए तो यह मानक जिले के अधिकांश परिषदीय स्कूलों में नहीं है। बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा स्कूलों में शिक्षकों का मानक पूरा करने की कवायद शुरू की गई है। इसमें नगर क्षेत्र के स्कूल शामिल नहीं हैं। जून में जिस स्कूल में छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या कम होगी वहां शिक्षक भेजे जाएंगे तथा जहां शिक्षक अधिक होंगे वा बच्चे कम होंगे वहां से शिक्षकों को हटाकर दूसरे स्कूल में समायोजित किया जाएगा। यह कार्य जुलाई के पहले पूरा कर लिया जाएगा।

### ई रिक्शा की टक्कर से घायल महिला की मौत

**शिवली।** क्षेत्र के जोत गांव के रहने वाले शिवबालक ने पुलिस को बताया कि 30 अप्रैल को मां संध्या (84) घर के समीप लगे इंडिया मार्का हैंडपंप से पानी लेने गई थी। इसी बीच मोहल्ले का प्रमोद कुमार अपना ई रिक्शा लेकर आया और मां के टक्कर मार दी। घायलवस्था में शिवली सीएचसी से हैलट अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में प्लास्टर चढ़ने के बाद घर पर रखकर इलाज करवा रहे थे। 29 मई की दोपहर मौत हो गई।

### जवान का शव रामनगर पहुंचते ही मचा कोहराम

**रूरा।** कस्बे के रामनगर के पशु चिकित्सक ओम प्रकाश द्विवेदी के पुत्र आनंद उर्फ अन्नू द्विवेदी सीपीआरएफ में 127वीं बटालियन गुवाहाटी में तैनात थे। 22 मई को नहाते समय अचानक गश खाकर गिर पड़े थे, जिनकी उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई थी। 93 बटालियन सीआरपीएफ कैंप लखनऊ के डिप्टी कमांडेंट अरुण कुमार सिंह की अगुवाई में बुधवार की शाम शव लाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां हंसमुखी, भाई अमित, पत्नी निशा और मृतक के पुत्र यश का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं डिप्टी कमांडेंट अरुण कुमार सिंह ने बताया की गुरुवार को खेरेश्वर घाट पर सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**बदली तस्वीर** बेकार चीजों को इस्तेमाल में लाने के लिए अनोखी पहल

# कबाड़ से झींझक पार्क को संवारा

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** पुरानी और बेकार चीजों के दोबारा इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए नगर पालिका परिषद झींझक ने मघई तालाब में कबाड़ और बेकार चीजों से एक पार्क बनाया है। इस पार्क को वेस्ट टू वंडर पार्क नाम दिया गया है।

नगर पालिका परिषद झींझक को स्मार्ट बनाने की कवायद चेयरमैन अमित तिवारी उर्फ सोनू तिवारी व अधिशाषी अधिकारी जेपी मौर्य की ओर से लगातार जारी है। नगर पालिका लगातार इस दिशा में काम कर रही है। वेस्ट मैनेजमेंट को ठीक करने पर जोर दिया जा रहा है। पुरानी और बेकार चीजों के दोबारा इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए नगर पालिका परिषद ने मघई तालाब में कबाड़ और बेकार चीजों से एक पार्क तैयार किया है। इस पार्क को वेस्ट टू वंडर पार्क नाम दिया गया है। इस पार्क को सजाने के लिए कबाड़ चीजों का इस्तेमाल किया गया है।




झींझक पार्क का निरीक्षण करते नगर पालिका ईओ। अमृत विचार

बेकार हो चुके टायर को यहां बैठने के लिए इस्तेमाल किया गया है।पुरानी बोतलों में पौधे लगाए गए हैं। प्लास्टिक और रबर जैसी वस्तुओं का यहां प्रयोग किया गया है।नगर के चेयरमैन अमित तिवारी उर्फ सोनू तिवारी और अधिशाषी अधिकारी जेपी मौर्य ने नगर के लोगो से अपील की बेकार और कबाड़ की चीजों को कूड़ेदान में ना फेंके ।उन कबाड़ की चीजों से नगर पालिका परिषद झीझक द्वारा तैयार किए गए पार्क की तरह अपने घरों में सजाए जिससे वातावरण भी शुद्ध होगा तथा घर सुन्दर दिखाई देगा।

# रनियां की रैपर फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप

● तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

● पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी मौके पर पहुंचे

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र रनियां के विसायकपुर स्थित रैपर पन्नी में छपाई करने वाली फैक्टरी में बुधवार की दोपहर शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल की कई गाड़ियों तथा आस पास बनी कंपनियों पंप चालू करा कर करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

विसायकपुर में हाईवे से कुछ दूर पर एक्यूमैन लेमिनेटर प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी है। फैक्टरी में रैपर की छपाई होती है। दोनों शिफ्टों में करीब चार सौ मजदूर काम करते है। बुधवार की दोपहर लगभग दो बजे प्रिंटिंग मशीन के साथ कई और मशीनें भी चल रही थी। उस दौरान प्लांट में सैकड़ो मजदूर



आग लगने के दौरान धुआं ही धुआं छा गया। अमृत विचार

काम की रहे थे। प्रिटिंग मशीन में शार्ट सर्किट हुआ। मजदूरों ने शोर मचाया। इसके बाद आग को बुझाने का प्रयास किया। धीरे धीरे आग ने बिकराल रूप ले लिया। प्लांट के अंदर भगदड़ मच गई। सभी मजदूर प्लांट से बाहर भग खड़े हुए। फैक्टरी में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना फैक्टरी प्रबंधन को दी गई। इधर,सूचना पर पहुंचे एसओ महेंद्र पटेल, ने दमकल को सूचना दी। मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुरेंद्र सिंह, अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार,राहुल कुमार, दीपांशु कुमार आदि दमकल कर्मियो ने आग बुझाने का प्रयास किया। दो दमकल पहुंचने के बाद करीब तीन घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। इस संबध में सीएफओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि फैक्टरी फायर एनओसी है। कोई जनहानि नही हुई है।

# शहर डुबोने की तैयारी, 85 नाले 50 फीसदी भी साफ नहीं हुए

## नाला सफाई की डेडलाइन को बचे सिर्फ 12 दिन, कई नालों के टेंडर तक नहीं हुए

लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सीसामऊ नाले में पसरी गंदगी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के कई मोहल्ले इस बार बरसात में फिर डूबेंगे। शहर के नालों को साफ करने के लिये महज 12 दिन ही बचे हैं लेकिन 225 बड़े नालों में अभी तक 85 नाले 50 फीसदी भी साफ नहीं हो सके हैं। जो नाले साफ भी हो रहे हैं उनमें लापरवाही बरती जा रही है। नगर निगम के ठेकेदार तलीझार सफाई नहीं कर रहे हैं। 13 नाले ऐसे हैं जिनके आचार संहिता की वजह से टेंडर ही नहीं हो सके हैं। ऐसे में बरसात शुरू होते ही जलभराव की स्थिति विकराल रूप ले सकती है।

कानपुर में 26 से 28 जून के बीच मानसून दस्तक दे सकता है। ऐसे में समय से अगर नाला सफाई का कार्य पूरा नहीं हुआ तो शहर में जलभराव होना तय है। सीसामऊ नाला सफाई को लेकर पूरी ताकत लगा रखी है। ये शहर का सबसे बड़ा नाला है। लेकिन, नगर आयुक्त के निरीक्षण में यहां भी लापरवाही पकड़ी गई है। नगर निगम मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि जोन-3 और 5 में नाला सफाई का कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। जांच में पाया गया कि यहां ज्यादातर बड़े नाले अभी पूरी तरह साफ नहीं हुए हैं। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने नाला सफाई में देरी पर चार अभियंताओं को नोटिस जारी की है। जोन-3 के जोनल अभियंता नानक चंद्र, जोन-5 के अधिशाषी अभियंता अतुल पांडे, जोन-5 के अवर अभियंता जीवेक और जोन-6 के जेई राकेश गुप्ता को नोटिस देकर तीन दिनों में जवाब मांगा गया है। इस बार इंजीनियरिंग विभाग के 224 बड़े नालों की सफाई में पांच करोड़ 11 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। नगर निगम रबिश प्रभारी रहमान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के 1209 छोटे नालों की मानव द्वारा सफाई कराई जा रही है।

- 10 जून है नाला सफाई का आखिरी दिन, जोनल व अवर अभियंताओं को नोटिस जारी

### शहर के प्रमुख बड़े नाले

- रफाका नाला, सीओडी नाला, टैफ्को नाला, म्योर मिल नाला, सीसामऊ नाला, सरसैयाघाट नाला समेत और अन्य।

### बड़े नालों की सफाई का ये है हाल

| जोन | कुल नाले | 60% से कम सफाई | 90% तक सफाई | टेंडर नहीं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23 | 02 | 12 | 00 |
| 2 | 41 | 15 | 04 | 02 |
| 3 | 43 | 23 | 03 | 05 |
| 4 | 20 | 04 | 08 | 00 |
| 5 | 56 | 12 | 06 | 03 |
| 6 | 42 | 29 | 04 | 03 |

### 4 जोन के 13 नालों के टेंडर नहीं हुए

नगर निगम के चार जोन में स्थित 13 नालों के टेंडर नहीं हो सके हैं। ऐसे में इन नालों की सफाई शुरू होने का सवाल ही नहीं है। अधिकारियों अनुसार जोन 2 में 2 जोन तीन में 5 जोन पांच और छह में तीन-तीन नालों के टेंडर नहीं हुये है।

### सीओडी नाले से जलकुंभी हटाने के निर्देश

**कानपुर।** सीओडी नाला की सफाई कार्य के निरीक्षण में पाया गया कि मछरिया पुलिया के पास जलकुम्भी का कुछ भाग हटाया जाना शेष है। नाला में पड़ने वाली अधिकतर पुलिया के नीचे सफाई कार्य नहीं हुआ पाया गया। बाई पास ओवर ब्रिज के निकट स्थित पुलिया में सिल्ट निकाली जानी अभी बाकी है। मुख्य अभियंता ने समयसीमा के अंदर जलकुम्भी हटाने एवं समस्त पुलियों की सफाई करने के निर्देश दिया।



हंगामा कर रहे परिजनों को समझाती पुलिस। अमृत विचार



रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

# मारपीट में घायल युवक की हुई मौत परिजनों ने किया जमकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र में नाली के विवाद में किया था हमला



सोनू रावत।

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में नाली के विवाद में दबंगों ने एक परिवार पर चापड़ और लाठी डंडों से हमला कर दिया था। हादसे में घायल एक युवक ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो हंगामा शुरू हो गया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी व मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग करने लगे।

केडीए कालोनी रामपुरम निवासी गिरिजा देवी के अनुसार रविवार रात पड़ोसियों कमलेश, आकाश, विकास, भाजपा नेता चंदन सिंह राजावत समेत अन्य लोगों ने उनके बेटे सोनू रावत, रिंकू व राहुल पर नाली के पुराने विवाद के चलते चापड़, लाठी डंडों से हमला कर दिया था।

बीच बचाव करने पर आरोपियों ने उन्हें व बेटियों को पीट दिया था। मारपीट में बेटा सोनू, राहुल व बेटी नेहा, सोनम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जहां इलाज के दौरान सोनू ने बुधवार तड़के चार बजे हैलट के सामने निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

परिजनों के अनुसार सोनू मशीन रिपेयरिंग का काम करता था। परिवार में पत्नी रीता व बेटा समर है। वहीं, दोपहर को पोस्टमार्टम के शव पहुंचते ही परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन देकर शांत कराया। एसीपी चकेरी दिलीप सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# शव बदलने की अफवाह पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पोस्टमार्टम हाउस में हंगामा करते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस में परिजन शव नहीं पहचान पाए तो शव बदल जाने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। वह लोग उनके परिवार के सदस्य का शव दूसरे को दे देने का आरोप लगाते रहे। पोस्टमार्टम कर्मचारियों ने लिखापढ़ी में पहचान कराई। जिसके बाद वह लोग शांत हुए।

पनकी निवासी 35 वर्षीय शिवा सिंह एक कंपनी में प्राइवेट कर्मचारी था। शिवा शराब का लती था। मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा जमुना सिंह ने संदिग्ध हालात बताते हुए पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक की पत्नी पूजा ने चेहरा देखकर शव पहचानने से इंकार कर दिया।

शव लेने से इंकार कर दिया और शव बदलने का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी बाहर आए और लिखापढ़ी में शिनाख्त कराई। जिसके बाद वह लोग शव लेकर चले गए। पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी ने बताया कि गर्मी के कारण शरीर काला और फूल गया था। इसलिए परिजनों को आशंका हो गई थी।

# महिला को व्यापार के झगड़े में किया बदनाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरोपी को साइबर क्राइम सेल टीम ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर महिला को बदनाम करने के मामले में आरोपी को साइबर क्राइम सेल ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पता चला है कि व्यापार के झगड़े का बदला लेने के लिए इंस्टाग्राम को हथियार बनकर वारदात को अंजाम दिया था। आपत्तिजनक फोटो अपलोड करके पीड़िता व उसके परिवारीजनों से गाली गलौज किया था।

जूही निवासी महिला ने साइबर क्राइम थाने पर शिकायत की थी कि उनके नाम की फर्जी इंस्टाग्राम आई डी बनाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने आपत्तिजनक न्यूड एडिटेड फोटो अपलोड की है। साइबर क्राइम सेल ने कार्रवाई शुरू की तो रोहित निवासी नौबस्ता पश्चिम घाटमपुर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस की जांच में पता चला कि व्यापार के झगड़े का बदला लेने के लिए घाटमपुर निवासी रोहित ने महिला की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर आपत्तिजनक फोटो अपलोड किया था। फर्जी आईडी में आपत्तिजनक फोटो अपलोड कर उसे व उसके पारिवारिक जनो से गाली-गलौज किया जा रहा था। इस हरकत का खुलासा क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने किया।

## कांशीराम अस्पताल के इलेक्ट्रॉनिक पैनल में आग

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के कांशीराम अस्पताल में इलेक्ट्रॉनिक पैनल में शार्ट सर्किट से धू-धूकर तार जलने लगे। अस्पताल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से आग को बुझा दिया लेकिन आग के कारण कुछ देर के लिए अस्पताल की बिजली गुल हो गई। स्टॉफ ने जनरेटर चलवाकर मरीजों और तीमारदारों को राहत दी।

बुधवार दोपहर को कांशीराम अस्पताल के मोर्चरी के पास अचानक इलेक्ट्रॉनिक पैनल में शॉर्ट सर्किट हो गया। तेज आवाज होने पर उसमें धुंआ निकलने के साथ आग लग गई। कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से तार में लगी आग को बुझा दिया।

# वर्कशॉप में लगी आग जली कारें व कबाड़



आग से जल गईं कारें। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के अंबेडकरपुरम स्थित कार के वर्कशॉप में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। तेज धुएं के साथ निकली आग की लपटों ने कुछ ही देर में दो कारें और वहां रखे कबाड़ को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। दमकल कर्मियों ने आग को कुछ देर में बुझा लिया।

आवास विकास के अंबेडकरपुरम में स्थित हरिकिशन ओबेरॉय की एसबी कार की वर्कशाप में बुधवार दोपहर शार्ट सर्किट से आग लग गई। वर्कशाप बेसमेंट में स्थित होने के कारण धुआं भर गया। इससे आग बुझाने में दिक्कत हुई। आग से एक वैन और गाड़ियों के पार्ट्स और कबाड़ जलकर खाक हो गया। वहीं अन्य वहां खड़ी गाड़ियों को बाहर निकलवाया गया। फजलगंज और पनकी से दमकल की दो-दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। तब तक आग पर काबू पा लिया गया। वर्कशाप में आग बुझाने के लिए पर्याप्त साधन नहीं थे। वर्कशाप बेसमेंट में स्थित होने के कारण तथा धुआं भरने के कारण आग बुझाने में मशक्कत करनी पड़ी। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि परिसर में अग्निशमन के इंतजाम प्रथम दृष्ट्या पर्याप्त नहीं पाए गए हैं। नोटिस देकर जवाब मांगा जाएगा।

### बिल्डिंग और प्लॉट में लगी आग

- मॉल रोड पर स्थित एक बिल्डिंग में आग की सूचना पर एफएस लाटूश रोड से यूनिट पहुंची और आग को पूर्ण रुप से बुझा दिया गया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो आग फैल सकती थी। इसी प्रकार नवाबगंज थानाक्षेत्र के लल्लनपुरवा में सूरज नारायण महाविद्यालय के पास खाली प्लॉट में आग लगने पर हड़कंप मच गया। एफएस कर्नलगंज से यूनिट घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाई।

# जेल का ताला टूट गया बाप तुम्हारा छूट गया...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस जीप पर बैठे युवक वीडियो वायरल



पुलिस जीप पर बैठा युवक।

**कानपुर।** जेल का ताला टूट गया, बाप तुम्हारा छूट गया... गाने के साथ एक इंस्टाग्राम रील बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुई। वायरल रील में युवक पुलिस जीप पर बैठा हुआ है। वायरल रील बाबूपुरवा थानाक्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी है। अमृत विचार अखबार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बुधवार को सोशल मीडिया पर एक इंस्टाग्राम रील वायरल हुई। 15 सेंकेड की रील में युवक पुलिस जीप पर बैठा हुआ दिखाई पड़ रहा है, जो कि बाबूपुरवा पुलिस की बताई जा रही है। वायरल रील में युवक का नाम बाबूपुरवा थानाक्षेत्र निवासी धीरज ठाकुर बताया जा रहा है। रील विष्णु ठाकुर नाम के युवक की आईडी से वायरल हुई है। वीडियो वायरल होने के बाद डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने मामले को संज्ञान में लिया। उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है।

## लेनदेन के विवाद में युवक को पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां इलाके में लेनदेन के विवाद में आरोपियों ने युवक की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने चकेरी थाने में तहरीर दे दी है।

सनिगवां कांशीराम कॉलेनी निवासी जुनैद बाइक मकैनिक हैं। उनके अनुसार उन्होंने करीब चार माह पहले कॉलोनी के ही एक युवक को 15 हजार रुपये उधार दिए थे। आरोपी ने एक माह में रुपये वापस करने के लिए कहा था। लेकिन चार माह बीत जाने पर भी आरोपी ने रुपये वापस नहीं किए। जुनैद ने सोमवार को आरोपी के घर जाकर उससे रुपये मांगे। मंगलवार की रात को वह दुकान से वापस घर लौट रहे थे। तभी आरोपी ने नशे की हालत में उन्हें रोका और अपने साथी के साथ मिलकर उन्हें लाठी डंडे से पीट दिया।

# रत्तूपुरवा में भरा सीवर, बीमारी का खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेट्रो ने क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को ओवरफ्लो लाइन से मिलाया
- डीएम और जलकल को पत्र लिखकर की गुहार



रत्तूपुरवा में भरा सीवर का पानी।

**अमृत विचार।** मेट्रो की लापरवाही कई मोहल्लों के लिये भारी पड़ रही है। जलकल की अनुमति के बिना क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को ओवरफ्लो लाइन से जोड़ने की वजह से टीपी नगर के रत्तूपुरवा में सीवर का गंदा पानी गलियों में भर गया है। गर्मी में सीवर भराव की वजह से बीमारियों और संक्रमण का खतरा उत्पन्न हो गया है। क्षेत्रीय पार्षद ने डीएम और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने बताया कि मेट्रो का कार्य कर रही संस्था सेम इंडिया द्वारा लगातार कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। ट्रांसपोर्ट नगर में मस्जिद के पास सीवर लाइन पूर्व में पड़ी थी। सेम इंडिया ने उसे जलकल की बिना अनुमति के क्षतिग्रस्त करते हुए ओवरफ्लो लाइन मिला दी है। जिसकी वजह से रत्तुपुरवा ट्रांसपोर्ट नगर के आसपास के एरिया में सीवर भराव जटिल होता जा रहा है। इससे क्षेत्रीय लोग परेशान हैं। इसके अलावा अंडरग्राउंड गुणवत्ता विहीन केबल का कार्य किया गया। मेट्रो द्वारा नियमानुसार पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा। पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मंडलायुक्त, मैनेजिंग डायरेक्टर यूपीएमआरसी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

हेल्थ जोन — हानिकारक रसायन घुटनों के कार्टिलेज खराब करता, कड़ाही में घंटों जलता रहता तेल भी हानिकारक

# ज्यादा पाम ऑयल-रिफाइंड खाने से घुटना खराब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हैलट में मरीज का एक्सरे देखते डॉ.फहीम अंसारी।

**अमृत विचार।** अगर आप रोज बाहर का खाना खाने के शौकीन हैं तो यह खबर आपको जागरूक करने के लिए है। होटल या रेस्टोरेंट में रोज खाना खाने की वजह से घुटने की सेहत बिगड़ रही है। क्योंकि यहां पर खाना बनाने में पाम ऑयल और रिफाइंड का इस्तेमाल अधिक होता है। साथ ही कड़ाही में भी घंटों तेल जलता रहता है। इससे तैयार पदार्थों का लगातार सेवन से हानिकारक रसायन घुटनों के जोड़ व कार्टिलेज में जाकर उसे प्रभावित करने लगते हैं। इससे कई लोगों की युवावस्था में ही घुटने की झिल्ली तक सूख जा रही है।

हैलट अस्पताल के आर्थो विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 150 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इन मरीजों में से वर्तमान में 60 से 70 मरीज घुटने में सूजन, गठिया व घुटने की झिल्ली सूखने की समस्या से पीड़ित मिल रहे हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक है।

इसके अलावा गठिया के मरीजों के घुटने में सूजन और झिल्ली में सूखापन की भी समस्या हो रही है। ऐसे मरीजों को चलने-फिरने में दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में आर्थो विभाग के सह आचार्य डॉ.फहीम अंसारी ने बताया कि कोविड के बाद से लोगों में घुटने से संबंधित समस्या अधिक बढ़ गई है। जहां गठिया या घुटने में सूजन और झिल्ली में सूखापन की समस्या बुजुर्गों में देखने को मिलती है। वहीं, अब यह समस्या अब 20 से 50 वर्ष के लोगों में मिल रही है। ऐसे मरीजों की आरए फैक्टर और एनटीसीसीपी जांच कराई जाती है, जिनमे 10 से 15 मरीजों में आरए फैक्टर पॉजिटिव मिल रहा है, जो कि गंभीर विषय है। सब्जी व फल में मिलावट और अशुद्ध खाना खाने से यह समस्या अधिक बढ़ रही है।

### कोलेस्ट्राल की प्रोफाइल बिगड़ती

पाम आयल के ज्यादा इस्तेमाल से कोलेस्ट्राल की प्रोफाइल गड़बड़ा जाती है, जिससे जोड़ों पर काफी असर पड़ता है। वही, रिफाइंड के सीड आयल से भी घुटने के जोड़ों पर काफी बुरा असर पड़ता है। खासकर युवाओं में। इसके अलावा जब दोनों का मिश्रण होता है तो वह और हानिकारक साबित होता है।

### ये भी है मुख्य वजहों में शामिल

सह आचार्य डॉ.फहीम अंसारी ने बताया कि टाइफाइड, वायरल फीवर समेत आदि बीमारी की वजह से शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। तब ऑटो इम्यूनिटी शरीर में डेवलप हो जाते है। यह सिस्टम भी जोड़ की झिल्ली के खिलाफ एंटीबॉडी बनाने लगते हैं, जिससे जोड़ों में दिक्कत होने लगती है। इसलिए ऑटोइम्यून बीमारी का पता लगाने के लिए मरीज की पूरी मेडिकल हिस्ट्री की जानकारी लेने के साथ ही फिजिकल एग्जामिनेशन भी किया जाता है। इसके बाद खून में ऑटो एंटीबॉडीज का पता लगाने के लिए ब्लड टेस्ट कराया जाता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**प्लाट बिकाऊ है**
26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।
**पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला– अयोध्या मो0नम्बर = 9721860359**
9415548728

**सूचना**
सूचित हो कि मैं राममोहन पुत्र श्री विष्णु व रमा देवी पत्नी राममोहन निवासी ग्राम मुरैया थाना तिर्वा जनपद कन्नौज हम दोनों ने अपनी छोटी पुत्री शिल्पी के गलत आचरणों से दुखी होकर उससे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब शिल्पी से हम दोनों व मेरे परिवार से कोई वास्ता और सरोकार नहीं रहा है।

**शीघ्र चाहिए**
कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 /** 9554377000

**सूचना**
मैं अमरेंद्र बहादुर सिंह (सेवा क्रमांक –2890871एम) पिता शालिनी सिंह, दिव्यांशी सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह ग्राम–शिवपुर पोस्ट–गहरौली जिला– रायबरेली–229202। सत्यनिष्ठा से घोषित करता हूं कि मेरी सेना डिस्चार्ज बुक में मेरी बेटी और बेटे का नाम गलत लिखा गया है 1. शालनी सिंह का सही नाम है– शालिनी सिंह, 2. दिव्यांशी का सही नाम है– दिव्यांशी सिंह, 3. कृष्ण बहादुर सिंह का सही नाम है–कृष्ण बहादुर सिंह।

**सूचना**
मैंने पंजीकृत चिकित्सकों की देखरेख में शल्य चिकित्सा द्वारा अपना लिंग परिवर्तित करवा लिया है। मैं अपना लिंग परिवर्तन कराकर पुरुष बन गया हूं। मैंने अपनी पुरानी पहचान और पुराना नाम शालिनी शुक्ला का परित्याग कर दिया है। अब मुझे शालिनी शुक्ला के स्थान पर नये नाम शानु शुक्ला से जाना जाये। **शानु शुक्ला पुत्र योगेश शुक्ला निवासी सुल्तानपुर कला पोस्ट आईटीआई इटावा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने चारों पुत्रों अनिल कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार व सत्येन्द्र कुमार उर्फ लाली को उनके गलत चाल चलन, नशेबाजी एवं गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखलर करता हूँ। उपरोक्त चारों पुत्रों द्वारा किये गये किसी भी कार्य की समस्त जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी। मुझसे कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **हरीशंकर पुत्र महराजदीन निवासी ग्राम– पूरेलाल साहब मजरे निसगर परगना– सरेनी तह0 लालगंज, जिला– रायबरेली।**

**सूचना**
मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड सं. –921512215924 में त्रुटिवश नाम तनिषा मलिक (TANISHA MALIK) व जन्मतिथि 30.08.2003 अंकित हो गयी है जबकि हाईस्कूल की मार्कशीट में नाम अदा मलिक (ADA MALIK) व जन्मतिथि–30.08.2006 है। जो सत्य एवं सही है। अतः आधार कार्ड में नाम अदा मलिक व जन्मतिथि–30. 08.2006 अंकित किया जाये **मलिक मोहम्मद, नि.–485/75ज, लकड़मंडी, जेलर कम्पाउंड, डालीगंज, निरालानगर, लखनऊ 226020**

**सूचना**
मेरे पुत्र के कक्षा आठ के स्थानांतरण प्रमाण पत्र में देव पुत्र जयवीर नाम अंकित हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम देव यादव पुत्र जयवीर सिंह है। विद्यालय के प्रमाण पत्रों में उसका नाम देव यादव पुत्र जयवीर सिंह ही अंकित करते हुए स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। **जयवीर सिंह पुत्र रनवीर सिंह निवासी नगला सूरजमन मौजा गींजा सैफई, इटावा।**

# हीटस्ट्रोक से सब्जी विक्रेता की हुई मौत

## दोपहर सब्जी की दुकान लगाने गया था, अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित, दोआबा में रिकार्ड तोड़ गर्मी

- गांवों से शहर तक बाजार, सड़कें व चौराहे रहे वीरान
- हर जगह भीषण गर्मी से परेशान दिखे लोग, तलाशते रहे छांव

संवाददाता फतेहपुर


गर्मी में इस तरह प्यास बुझाते दिखे लोग। अमृत विचार


सड़कों पर गर्मी में मुंह ढककर निकलतीं किशोरियां।

**अमृत विचार।** दोआबा में गर्मी रोज नए रिकॉर्ड कायम कर रही है। बुधवार को नौतपा के पांचवें दिन भी आकाश से मानो अंगारे बरसे और पारा 46 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि यह तापमान मंगलवार से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा। लेकिन गर्मी और धूप की चुभन में जरा सी भी कमी नहीं आई। वहीं हीटस्ट्रोक से बुजुर्ग की मौत हो गई।

बुधवार दोपहर सब्जी की दुकान लगाने गए एक बुजुर्ग की अचानक तबियत खराब हो गई। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राधानगर थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी बाबूलाल सब्जी की दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि बुधवार को वह रोज की तरह सब्जी की दुकान लगाने गए थे। जहां उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई और वह तुरंत वापस घर लौट गए। जहां उन्होंने परिजनों को जानकारी दी। हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं डाक्टर ने बताया कि बुजुर्ग की मौत हीटस्ट्रोक के चलते हुई है।

**46** डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

**09** घंटे तक शहर में 40 डिग्री पर टिका पारा

दोआबा में बुधवार को 10.30 बजे ही हीटवेव कहर बरपाने लगी। सड़कों पर चलना दुश्वार हो गया। वहीं नौ घंटे तक शहर का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। गांवों से शहर तक जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आया। भरी दुपहरी में घर, दुकान, मकान, गली-मोहल्ले, छतें भभक उठे।

### सुबह 33 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान

- प्रचंड गर्मी से जीना दुश्वार हो गया है। गांवों से शहर तक एक ही सदा सनाई दी 'हाय गर्मी उफ ये गर्मी'। बुधवार सुबह 5.25 बजे सूर्योदय हुआ। उस वक्त शहर का पारा 33 डिग्री था। आहिस्ता-आहिस्ता सूरज ने शहर पर चढ़ाई। एक पहर तक रानी का शहर झुलस उठा। इसके बाद सूरज बेकाबू हो गया। टनटनाती धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। दोहपर 12 बजे ही दोआबा का तापमान 44 डिग्री पार कर गुड ऑफ्टर नून कहता दिखा।

25 मई से शुरू हुए नौतपा में दोआबा झुलस उठा हैं। पहले दिन अधिकतम 44.4 डिग्री दर्ज किया गया। दूसरे दिन भी ताप इतना ही रही। वहीं मंगलवार को अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया।

यही नहीं गुजरे तीन दिनों में न्यूनतम ताप 31 से 32 डिग्री होने की वजह से रातें भी तप उठीं। वहीं बुधवार को सुबह 5.25 बजे से 33 डिग्री के साए में सूर्योदय हुआ। आहिस्ता-आहिस्ता सूरज ने चढ़ाई की। 10.30 बजते सूरज की तपिश, जमीन से छूटती गर्माहट और हीट बेव के मेल ने शहरियों का घरों से निकलना दुश्वार कर दिया। सड़कों पर जरूरी काम से निकले लोगों की कलाईयां चहक उठीं। यही नहीं 10.30 बजे अधिकतम ताप 43 डिग्री पहुंच गया। इसके बाद घंटे-दर-घंटे सूरज की तपिश बढ़ती गई। जिससे गली-मोहल्ले, चौक-चौराहों पर वीरानी छाने लगी।

बाजारों में सन्नाटा पसरने लगा। 12.30 बजे अधिकतम ताप 44.4 डिग्री पहुंच गया। वहीं दोपहर डेढ़ बजे मोबाइल सेट्स पर अधिकतम पारा 46 डिग्री दर्शाने लगा। दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक पारा 45 डिग्री से ऊपर रहा। इस बीच कूलर, पंखे पस्त नजर आए। घरों से लेकर दफ्तर तक एसी भी जवाब दे गए। शाम 5.30 बजे तापमान में गिरावट हुई। 6.30 बजे अधिकतम पारा 42 डिग्री के करीब रहा। मौसम विभाग अनुसार गर्म हवाएं सीधी दोआबा पर पड़ रही हैं। जिससे ताप अधिक है। आने वाले दिनों में भी चिलचिलाती धूप व गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।

### हर तरफ पसरा रहा सन्नाटा

इन दिनों पड़ रही प्रचंड गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बुधवार को सबसे व्यस्त रहने वाले वर्मा चौराहे पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर ढाई बजे इक्का-दुक्का लोग नजर आए। एक बजे के बाद सूरज के तेवर इतने तीखे हुए कि बाजार सन्नाटे में खो गए। व्यापारी, फुटपाथी दुकान, बेलदार, मजदूर छाया ढूंढते नजर आए। सीधी पड़ रही सूरज की किरणें बदल झुलसाने को बेताब नजर आई। लोग हाथ बंद दस्ताने, छाते की ओट, गमछा से चेहरा ढंककर निकले।

### रात काटनी भी हो रही मुश्किल

मंगलवार की रात अधिकतम ताप 35 डिग्री रहा। अधिकतम व न्यूनतम करीब 11 डिग्री का अंतर होने की वजह से लोगों की मुश्किलें बढ़ा नजर आई। कूलर, पंखें पस्त दिखे। लिहाजा, रात 12 बजे तक लोग जागते रहे। इसके बाद रात के ताप में मामूली गिरावट ने लोगों की झपकी लेने दी। वहीं बुधवार को न्यूनतम तापमान 33 डिग्री रहा। जिससे दिन और रात काटना लोगों के मुश्किल भरा रहा।

### शीतल पेय की दुकानें बढ़ीं

सूरज के तरकश से निकलते गर्म तीरों को देख शीतल पेय की दुकानें भी सड़कों तक सरक आईं। नीबू पानी, शिकंजी, शरबत, जल-जीरा, लस्सी, गन्ना गूस विक्रेताओं की दुकानों पर बहार है। हालांकि किसी भी पेय पदार्थ के दाम 10 रुपए से नीचे नहीं हैं। सादा नीबू पानी 5 रुपए का है। फिर भी शहर में जगह-जगह खुली गरमी से राहत दिलाने वाली इन दिनों पर लोग उमड़ रहे हैं।

# खून की कमी के साथ बुखार पेट दर्द के मरीज बढ़े

- एक-एक बेड पर दो-दो बच्चों को लिटा कर उपचार
- बाल रोग विभाग में 38 बेड, सभी फुल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** लगातार बढ़ते तापमान के चलते कई प्रकार की बीमारियां बढ़ गई है। लोगों में खून की कमी के साथ-साथ बुखार व पेट दर्द के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी बढ़ रही है। अस्पताल में बुधवार को 12 सौ से अधिक मरीज पहुंचे।

जिला अस्पताल में सबसे अधिक उल्टी दस्त बुखार तथा पेट दर्द के मरीज थे। खून की कमी के भी काफी मरीज आ रहे हैं। अधिक मरीजों के आने से अस्पताल में दो सामान्य रोग के वार्ड पूरी तरह भरे हुए हैं। बता दें कि तीनों जनरल वार्ड में करीब 110 बेड हैं। जिनमें दर्जन भर भी बेड मौजूदा समय में खाली नहीं हैं। अस्पताल में अधिकांश डीवीडी व खून कमी के मरीज हैं। कुछ मरीज बुखार के भी है।

यही हाल बाल रोग विभाग में है। वहां के भी सभी बेड भरे हुए है। कभी तो हालत यह हो जाते है कि एक-एक बेड पर दो दो मरीज बच्चों को लिटा कर उपचार किया जाता है। बाल रोग विभाग में भी उल्टी दस्त तथा बुखार के मरीज हैं। इस समय वहां 38 बेड हैं। सभी बेड पूरी तरह भरे हुए हैं। जिससे नए मरीजों को भर्ती करने में परेशानियां रहती है।

### क्या करे क्या न करें

बाल रोग विशेषज्ञ डा मूलचन्द्रा ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते इस प्रकार के हालत है। उन्होंने कहा कभी बाजार में रखे कटे फलों को न खाए। बासा भोजन करने से परहेज करे। आस पास गड्ढों में पानी न भरने दे। पानी खूब पिए। धूप में आवश्यक न हो तो घर से बाहर न निकले। जरा भी परेशानी होने पर डाक्टर से सलाह लें।

### वार्ड के बेड खाली होने पर ही भर्ती होते है मरीज

वार्ड भरे होने से इमरजेंसी में हालत खराब हो रहे हैं। वार्ड भरे होने के चलते मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने में काफी समय लग जाता है। कभी कभार तो एक एक बेड पर दो दो मरीजों को लिटाना पड़ता है। बेड खाली होने पर ही नए मरीज को भर्ती किया जाता है।

# गर्मी से डायरिया और त्वचा रोगियों में तेजी से इजाफा

संवाददाता फतेहपुर



औषधि खिड़की में लगी मरीजों की भीड़।

- फिजीशियन व बाल रोग विशेषज्ञ के पास लगा रहा मरीजों का मेला
- गर्मी की वजह से मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी से इस समय लोगों का बुरा हाल है। तापमान 46 से 47 डिग्री पर पहुंच रहा है कहीं न कहीं अब हीट वेव का असर दिखाई दे रहा है। जहां आसमान से आग बरस रही है वही विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। आलम यह है कि गर्मी की वजह से बच्चों से लेकर बड़े तक डायरिया, उल्टी, दस्त, पेट दर्द और बुखार की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल के साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी इस समय मरीजों की भरमार है।

जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ व जनरल फिजीशियन से लेकर इमरजेंसी में रोजाना उल्टी दस्त और बुखार पीड़ित बच्चे व बड़े पहुंच रहे हैं। इनमें गंभीर स्थिति वाले मरीजों को भर्ती कर लिया जा जाता है। जिला अस्पताल के मुताबिक प्रतिदिन 10 से 15 बच्चे और बड़े लोग डायरिया से पीड़ित भर्ती किये जा रहे है। बुधवार को सबसे ज्यादा मरीज डायरिया तेज बुखार, पेट दर्द व स्किन के आए थे। वहीं बुधवार को भी जिला अस्पताल के अलावा प्राइवेट में भी डायरिया और बुखार के मरीजों की भरमार रही।

**शरीर में न होने दें पानी की कमी, खाएं भरपूर फलः** जिला अस्पताल की आहार विशेषज्ञ शिल्पी श्रीवास्तव का कहना है कि डायरिया होने पर सबसे पहले बॉडी को आराम दें साथ ही अपनी डाइट का खास ख्याल रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। फायबर से भरपूर फल खायें, दही, छाछ और नारियल पानी का खूब सेवन करें। इस भीषण गर्मी में खाने वाली हर चीज़ को अच्छी तरह से धोएं और फिर खाएं। साथ ही स्ट्रीट और जंक फूड खाने से बचें। खाने से पहले और बाद में अपने हाथों को अच्छी तरह से साबुन से धोएं। गर्मी बढ़ने से पसीना ज़्यादा आता है जिससे आपको हिडाईड्रेशन की समस्या हो सकती है इसलिए अपने शरीर में पानी की कमी न होने दें।

### छोटे बच्चों को गर्मी से बचने की यह बहुत जरूरत

जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा. मूलचन्द्रा बताते हैं कि बढ़ती गर्मी के कारण बच्चे बुखार और डिहाइड्रेशन की परेशानी से ग्रसित हो जाते हैं। ऐसे में बच्चों को गर्मी से बचाने की जरूरत है। दिन में घर से निकलने पर धूप से बचने के लिए छाते का प्रयोग करें जिससे गर्मी से बचाव हो सके। उल्टी-दस्त शुरू होने पर बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाएं।

### पांच घंटे में भर्ती किए गए डायरिया के सात मरीज

जिला अस्पताल में इमरजेंसी से भी डायरिया के खूब मरीज भर्ती किये जा रहे हैं। बुधवार को सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर के द्वारा करीब 30 मरीज डायरिया के देखे गए थे जिसमें तीन मरीज उनके द्वारा डायरिया के भर्ती किए गए थे। जो मरीज गंभीर होते हैं उन्हें तुरंत ही इमरजेंसी से भर्ती किया जाता है जब कि अन्य मरीजों को दवा देकर परामर्श दिया जा रहा है। जनरल फिजिशियन डा. एके सचान द्वारा ढाई सौ से ज्यादा मरीज देखे गए थे जिसमें 50 से 60 मरीज डायरिया के आए थे।

### त्वचा रोग विशेषज्ञ की कमी

जिला पुरुष अस्पताल में पहले से ही विशेषज्ञ डॉक्टरों का टोटा चल रहा है। यहां पर स्किन स्पेशलिस्ट की तैनाती करीब पांच साल पहले तक थी। उनके ट्रांसफर होने के बाद से आज तक अस्पताल में स्किन के डॉक्टर की तैनाती नहीं हुई है जिससे स्किन के मरीज भटकने को मजबूर होते हैं। वही स्किन स्पेशलिस्ट के कक्ष में में लटकता हुआ ताला मरीजों को मुंह चिढ़ाने का काम करता है। जनरल फिजिशियन के द्वारा ही स्किन के मरीजों को देखा जा रहा है जिन मरीजों को जिला अस्पताल से इलाज में आराम नहीं मिलता है तो वह प्राइवेट डॉक्टरों को दिखा रहे हैं।

# डेढ़ करोड़ के एसी-कूलर बिके

- 15 दिन में अचानक बढ़ी डिमांड सिलसिला जारी

संवाददाता फतेहपुर


दुकान में सजे कूलर व एसी।

**अमृत विचार।** गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। जनजीवन बेहाल है। ऐसे में एसी, कूलर और पंखे का कारोबार गुलजार है। तपिश इतनी कि अप्रैल माह में कूलर, पंखे, एसी की खरीद की शुरुआत के बाद मई में जो तेजी आई वो रुकने का नाम नहीं ले रही है। कारोबारियों की मानें तो जिले भर में सिर्फ 15 दिन में डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा के एसी-कूलर और पंखे बिक गए हैं। अभी यह सिलसिला थमा नहीं है।

वर्मा चौराहे के नजदीक में एक इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के कारोबारी रामेश्वर गुप्ता का कहना है कि उनके यहां से अब तक एक हजार से अधिक कूलर और लगभग सात सैकड़ा एसी बिक चुके हैं। आमतौर पर जून में एसी की बिक्री जोर पकड़ती थी। लेकिन इस साल अप्रैल और मई में ही अच्छी खासी मांग है। उनका कहना है कि कोरोना के बाद अब तक ये सीजन बिजनेस के लिहाज से बहुत बेहतरीन रहा। अकेले उन्होंने करीब 20 लाख का माल बेचा है। जिले भर में करीब डेढ़ करोड़ की बिक्री का सहज अनुमान लगाया जा सकता है।

### पांच-दस हजार रुपये वाले कूलर अधिक बिके

दुकानदारों का कहना है कि उनके यहां विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के पांच और दस हजार रुपये वाले करीब आठ सौ कूलर की बिक्री हुई है। इसी तरह 15 हजार से लेकर 22 हजार वाले कूलरों की भी लोगों ने खूब खरीद की। वहीं विंडो एसी की बिक्री की तुलना में स्पिलिट एसी की खरीद ज्यादा रही।

### फर्राटा और बैटरी पंखों की भी जमकर खरीदारी

शहर के शादीपुर स्थित इलेक्ट्रॉनिक के कारोबारी भी भीषण गर्मी में गुलजार कारोबार से गदगद हैं। बोले ऑनलाइन खरीदारी के बाद भी इस बार काउंटर सेल कई सालों बाद बहुत अच्छी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों से आए व्यापारियों ने फर्राटा पंखों की अच्छी खरीद की है। इसके साथ बैटरी से चार से पांच घंटे के बैकअप वाले पंखों की खूब खरीदारी लोगों ने की है।

### टीन की चादर वाले कूलर की भी खासी मांग

टीन के चद्दर का कूलर बनाने वाले व्यापारी मुस्ताक ने बताया कि अलग-अलग साइजों के कूलरों की बिक्री अच्छी हुई है। पांच से छह हजार कीमत वाले मीडियम साइज के कूलर ज्यादा लोगों ने खरीदे हैं। कई लोगों ने स्पेशल ऑर्डर देकर बड़े साइज का कूलर तैयार करवाया है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की हो गई मौत

संवाददाता, हथगाम

- हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार।** छिवलहा-क्षेत्र के अलौदीपुर मोड़ स्थिति बंधवापर के पास नवाबगंज की तरफ से तेज रफ्तार चार पहिया वाहन आ रही सामने से बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गम्भीर रूप से घायल हुए लोगों को सीएचसी हथगाम ले गए, जहां पर एक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

छिवलहा कस्बा की तरफ से बाइक में सवार मिथुन पुत्र बुध्दराम निवासी लाल का पुरवा कस्बा हथगाम साथ राजकुमार पुत्र मंजीत लोधी निवासी अलादातपुर थाना हथगाम दोनों एक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही वह अलौदीपुर मोड़ स्थिति बंधवापर पहुंचे थे कि सामने से आ रही चार पहिया वाहन ने सामने से टक्कर मार कर मौके से भाग निकला। इस दौरान जंगल में मवेशी चरा रहे व राहगीरों ने छिवलहा पुलिस चौकी इंचार्ज को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस एबुलेंस से सीएचसी हथगाम ले गई।

# मझिगवां मोरंग खदान में संयुक्त टीम ने की छापेमारी

संवाददाता, किशनपुर


छापेमारी को पहुंची टीम। अमृत विचार

- सूचना लीक होने पर गायब हो गईं पोकलैंड मशीनें

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे मझिगवां मोरंग खदान में अवैध खनन, ओवरलोडिंग की खबरें लगातार सोशल मीडिया में प्रकाशित की जा रही थी। खबरों को संज्ञान मंज लेकर बुधवार की दोपहर अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मोरंग खदान में छापेमारी की। मोरंग खदान में छापेमारी के बाद से खदान संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

मझिगवां मोरंग खदान में अवैध खनन, ओवरलोडिंग की जांच के लिए खनन अधिकारी, एसडीम खागा व क्षेत्राधिकारी खागा के साथ मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल पर पहुंचे खनन अधिकारी ने खनन क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मोरंग खदान में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों समेत अन्य चीजों की भी जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान खनन अधिकारी को किसी भी प्रकार का अवैध खनन नहीं मिला। कुछ देर बाद अधिकारियों के संयुक्त टीम वापस लौट गई। बता दें कि पिछले दिनों लगातार सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया पर मझिगवां मोरंग खदान की अवैध खनन की खबरें प्रकाशित की जा रही थी। जिसको संज्ञान में लेकर अधिकारियों की टीम ने छापेमारी की है। वही बताया जा रहा है कि अधिकारियों के आने की सूचना पहले ही लीक हो गई थी। जिसकी वजह से खदान संचालक व खदान कर्मियों द्वारा खनन के लगाई गई पोकलैंड मशीनों के सहारे अवैध खनन के निशान को मिटा दिया गया। वही भारी भरकम पोकलैंड मशीने भी छिपा दी गई।

# दो दिन से किशोरी लापता, मां ने दी तहरीर

**बिंदकी।** दो दिन पहले किशोरी अपने घर से सुबह लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चल सका। जिसके चलते बुधवार को किशोरी की मां कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर जानकारी दी।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक 17 वर्षीय किशोरी दो दिन पहले अचानक सुबह से लापता हो गई। इसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और अन्य स्थानों पर भी खोजबीन की गई लेकिन कोई पता नहीं चल सका। जिसके चलते बुधवार को किशोरी की मां कोतवाली पहुंची। पुलिस को तहरीर देकर शिकायत किया किशोरी की मां ने आरोपी युवक का मोबाइल नंबर भी दिया। जि पुलिस ने मोबाइल की कॉल डिटेल पता कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस | मरीजों को दवा के साथ व्यायाम करने की दी सलाह

# असंतुलित खानपान के चलते पाचन संबंधी समस्याएं

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** अनियमित दिनचर्या, बेतरतीब लाइफस्टाइल और असंतुलित खानपान के चलते लोगों में पाचन संबंधी समस्याएं आम हो गई हैं। इसके चलते लोगों का पाचन तंत्र कमजोर हो रहा है तो लोगों में पेट से जुड़े कैंसर के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। लोगों को पाचन स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के लिए हर साल 29 मई को विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में साल के 12 महीने पेट से जुड़ी समस्याओं के मरीजों की भरमार रहती है। इसका एक बड़ा कारण चाऊमीन, बर्गर, पिज्जा जैसी बाहर की बनी चीजें और अनियमित खानपान है। इसके चलते लोगों में मोटापा, पेट गड़बड़, अपच, गैस, खट्टी डकार जैसी शिकायतें अब आम हो चली हैं। फिजीशियन डॉ. एनके सक्सेना ने बताया कि पाचन संबंधी दिक्कतों का सबसे बड़ा कारण अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियां न करना हैं। इसके चलते अधिकांश लोग पाचन संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं।

इन दिनों ओपीडी आने वाले लोगों में कब्ज, एसिडिटी, दस्त, गैस जैसे लक्षणों की भरमार है। इनमें अधिकांश लोगों में खाने के तुरंत बाद सोना, खाते समय टीवी देखना, टहलने न जाना, रात को देर से सोना और सुबह जल्दी न उठने जैसी आदतें मौजूद थी। वहीं किसी न किसी रूप में फास्ट फूड, तला-भुना खाना भी इनकी आदतों में शुमार था। इसके चलते कुछ मरीजों का वजन भी बढ़ गया था। ऐसे मरीजों को दवा के साथ घर का बना ताजा पौष्टिक भोजन करने, व्यायाम करने की सलाह दी जाती है।

### इस साल की थीम

29 मई को मनाए जाने वाले विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस की थीम योर डायजेस्टिव हेल्थ मेक इट ए प्रियोरिटी है। इसका मतलब है कि आपका पाचन तंत्र आपकी प्राथमिकता होने चाहिए। यानि शरीर के अन्य अंगों की तरह ही पाचन तंत्र को भी जरूरी समझें और इस पर ध्यान दें। इसका ध्यान रखने से लोग पेट के कैंसर जैसे कोलन कैंसर, पैनक्रियाइटिस कैंसर आदि से बच सकेंगे।

### खाने में इन्हें शामिल करें

- दही- पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके गुड़ बैक्टीरिया खाना पचाने में मददगार हैं।
- पपीता- विटामिन ए, बी और सी से भरपूर। नियमित सेवन करने से पेट संबंधी दिक्कतें नहीं रहेंगी।
- सेब- यह फल फाइबर से भरपूर होता है। एक सेब का नियमित सेवन पाचन को ठीक रखता है।
- केला- पेट के लिए बहुत फायदेमंद है। कई बार पेट गड़बड़ होने पर डाक्टर इसकी सलाह देते हैं।
- लोगों में पेट से जुड़े कैंसर के मामले भी बढ़ रहे हैं तेजी से

### इनसे बनाएं दूरी

- अधिक नमक का सेवन शरीर को हानि पहुंचता है
- पैक्ड मसालेदार नमकीन, चुर्री भी तेजी से हाजमा खराब करते हैं।
- शराब/सिगरेट-तंबाकू, बीड़ी-सिगरेट, शराब भी नुकसानदायक है।
- बाजार में बिकने वाले मैदे के पदार्थों से दूरी बनानी चाहिए।



# युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नई तहसील गड़रियन पुरवा के किनारे संदिग्ध अवस्था में 35 वर्षीय युवक अचेतावस्था में पडा मिला जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मोहल्ले के ही चार लोगों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

नई तहसील गड़रियन पुरवा मुहल्ला निवासी स्व. राम गोपाल रैदास का पुत्र प्रमोद रैदास मंगलवार की दोपहर मोहल्ले के किनारे अचेतावस्था में पड़ा था। जानकारी होने पर परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भतीजे मनीष ने बताया कि मुहल्ले के ही अनुज उसे बुलाने आया था और लगभग डेढ़ घंटे बाद उसे मुहल्ले के किनारे छोड़कर चला गया। इसी बीच उसकी हालत बिगड़ गई।

## एक नजर

### छज्जा व अधिवक्ता का टीनशेड गिरा, तीन जख्मी

**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में बन रही डबल स्टोरी बिल्डिंग का छज्जा नीचे बने अधिवक्ता के टीनशेड के साथ बुधवार को आंधी के दौरान ढह गया। पिछले काफी समय से बिल्डिंग की डबल स्टोरी बनाने का निर्माण कार्य चल रहा था। हादसे में तीन मजदूर घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

### दो मामलों में हुआ समझौता

**फतेहपुर।** पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह व उप निरीक्षक कीर्ति गुप्ता एवं दीपक रस्तोगी व मधु शर्मा जी के द्वारा दो मामलों में समझौता कराया गया। इस मौके पर महिला आरक्षी यशस्वी शर्मा मौजूद रहीं।

### बालिकाओं को किया जागरुक

**फतेहपुर।** एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया है।

# करसूमा गांव में एचटी लाइन की चपेट में आने से तीन बच्चे झुलसे

## पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ते समय हुई घटना, जिला अस्पताल में कराए गए भर्ती

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** राधानगर थाना क्षेत्र के करसूमा गांव में आम के पेड़ से उतरे बिजली के करेंट की चपेट में आने से दो सगे भाइयों सहित तीन मासूम गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में गाजीपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल तीनों की हालत ठीक बताई जा रही है।

राधानगर थाना क्षेत्र के करसूमा गांव के रहने वाले शैलेंद्र अपने परिवार के साथ खेत के पास बने मकान में रहते हैं। शैलेंद्र के दो बेटे संस्कार (7) और शिवा (5) साल के हैं। बताया जा रहा है कि शैलेंद्र की बहन राम रानी का 11 वर्षीय बेटा नाम रोहित गर्मी की छुट्टियों में आया था। तीनों पास में लगे आम के पेड़ से आम तोड़ने गए थे कि अचानक उसमे करंट उतर आया और तीनों बुरी तरह झुलस गए। घटना से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में तीनों को गाजीपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि कि हाईटेंशन लाइन के तार काफी नीचे हैं जिन्हें आम के पेड़ से बांध दिया गया है। जिसकी वजह से पेड़ में करंट आ गया और बच्चों के पैर बुरी तरह से झुलस गए। वहीं थाना प्रभारी रमेश पटेल ने जानकारी देते हुए कहा कि घटना की जानकारी हुई है परिजनों की ओर से तहरीर देने पर आगे की कर्रवाई की जाएगी।



जिला असपताल में करेन्ट से झुलसे बच्चों का इलाज करते स्टाफ। अमृत विचार

# अब तीन माह में लिए जाएंगे खाद्य पदार्थों के नमूने

**फतेहपुर।** अब हर तीन माह बाद खाद्य पदार्थों के नमूने भर कर शासन ने पहली बार जांच कराने का फैसला लिया है। वहीं व्यापारियों ने अभियान से व्यापार प्रभावित होने की आशंका जताई है।

शासन ने पहली बार हर तीन माह बाद सर्विलांस जांच कराने का फैसला लिया है। सर्विलांस नमूनों की जांच के लिए भेजने को हैदराबाद की लैब तय की गई है।

सैंपल भरने व जांच का फैसला केंद्र सरकार ने लिया है। विभागीय निरीक्षकों का कहना है कि इस माह जिले की तीनों तहसीलों से 40-40 सैंपल भरे जाएंगे। सैंपल नगर पालिका क्षेत्र से भरे जाएंगे। सभी को हैदराबाद भेजा जाएगा। जहां पर जांच के बाद नमूनों की रिपोर्ट आएगी। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पोस्टमार्टम हाउस के बगल में दुकान, कफन के नाम पर लूट

संवाददाता, फतेहपुर

- पांच सौ का सामान जबरन 11 सौ में थोपा जा रहा
- बाहर के कपड़े और पन्नी को बेकार बता रहे कर्मी

**अमृत विचार।** पैसा कमाने की लालसा में लोग मानवता को भी भूल गए हैं यह लोग पीड़ितों की मजबूरी का फायदा उठाकर कफन के नाम पर मनमानी धनराशि वसूल रहे हैं। इसका उदाहरण बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस से कुछ ही दूरी पर देखने को मिला। जिससे यह लगा कि अब लोगों में मानवता नहीं रही।

यह सब उस समय देखने को मिला जब एक पीड़ित व्यक्ति जिसके परिवार के सदस्य की मौत हो गई थी पोस्टमार्टम के बाद वह कफन लेने के लिए पोस्टमार्टम हाउस से कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान में पहुंचा तो दुकान वाले ने पांच मीटर कपड़ा और पांच मीटर पन्नी के 11 सौ रुपये मांगे पीड़ित ने जब यह कहा उसके पास इतने पैसे नहीं है तो दुकान वाले ने कहा 11 सौ से कम में नहीं है। इस बात को लेकर दोनों के मध्य जब कहा सुनी हुई तो भीड़ एकत्रित हो गई लेकिन दुकान वाले ने एक भी पैसा कम नहीं किया इसके बाद अपने परिजनों के पास पहुंचा और उनसे पैसे लेकर दुकान वाले के पास आया तब कहीं दुकान वाले ने कफन और पन्नी दी। बता दें कि जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रोजाना मृत लोगों के पोस्टमार्टम होते रहते हैं पूर्व में मृतक पक्ष के लोग बाजार से कपड़ा और पन्नी लाते थे लेकिन पोस्टमार्टम गृह पर तैनात कर्मी परिजनों पर पास में स्थित दुकान से ही कपड़ा-पन्नी लाने के लिए लोगों को विवश करते हैं।

# किशोरी के अश्लील पोस्टर गांवों में फेंके

संवाददाता फतेहपुर

- पोस्टर में छात्रा का मोबाइल नंबर भी लिखा
- परिजनों ने फोटो से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** ललौली थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने इंटर की एक छात्रा की फोटो के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील पोस्टर तैयार कर लिए और छह गांवों में इन पोस्टरों को मंगलवार की रात फेंक दिया गया। सुबह होते ही ग्रामीणों में पोस्टर देख हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी किशोरी के परिजनों को हुई तो पुलिस को मामले की तहरीर देते हुए अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ललौली थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह छह ऐसे गांवों के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया जब उनके दरवाजे पर एक पोस्टर पड़ा दिखाई दिया। इसमें एक किशोरी की अश्लील फोटो छपी हुई थी और किशोरी का मोबाइल नम्बर भी छपा था। यह बात इस कदर फैली कि किशोरी के घर तक मामले की जानकारी पहुंच गई। जिससे हड़कंप मच गया। परिजन परेशान हो गए। किशोरी के पिता पुलिस के पास पहुंचे और मामले की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की फोटो के साथ छेड़छाड़ कर उसमें अश्लील फोटो लगाई गई है। उसके बाद से किशोरी के अलावा उसके परिजन भी परेशान हो गए हैं। मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बाग में किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**औंग।** मंगलवार को थाना क्षेत्र के एक गांव के पास आम के बाग में नाबालिक लड़की से दबंगों ने जबरन छेड़छाड़ करके दुष्कर्म का प्रयास किया गया था। लड़की के शोर मचाने पर पास के खेतों में मवेशी चराने वाले गांव के लोग उसे बचाने के लिए दौड़ कर आए तो आरोपी मौके से भाग निकले थे। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और तहरीर देते हुए बताया कि गांव में आम का बाग है, जहां पर उसका पूरा परिवार आम की फसल की देखरेख करता है। जब पिता खाना खाने के लिए घर गया तभी अकेली लड़की को पकड़ दो दबंगों ने बगीचे में आकर मुंह दबा दिया और गला दबाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़ित परिवार को जब न्याय नहीं मिला तो पिता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। मामले में थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है।

# नशे में धुत सफाई कर्मी की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी गौतमनगर के पास मंगलवार की दोपहर अचेतावस्था में पड़े 45 वर्षीय युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उधर परिजनों को जानकारी होने पर माच्र्युरी हाउस पहुंचकर उसकी शिनाख्त प्रेमचंद्र पुत्र स्व. बाबूलाल बाल्मीकि निवासी रेल बाजार थाना कोतवाली के रूप में की।

बताया कि मृतक नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था और मंगलवार दोपहर वह दो बजे घर जाते समय नशे में धुत था कि घर का रास्ता भूल उत्तरी गौतमनगर में एक अन्य व्यक्ति के दरवाजे को खटखटा रहा था। कुछ देर बाद उसने कपड़े उतार दिए और तालाब में एक घंटा नहाने के बाद किनारे आकर बैठकर अचेत हो गया। अस्पताल में मौत हो गई।

# बहन के देवर से शादी करने पहुंची युवती

संवाददाता फतेहपुर

- मामला बढ़ने पर पुलिस की चौखट तक पहुंचा
- युवती ने दो साल से प्रेम संबंध होने का दिया हवाला

**अमृत विचार।** औंग थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती बहन के देवर से जबरन शादी करने पहुंच गई। लड़के के परिजनों ने शादी करने का विरोध किया। युवती ने औंग थाना पुलिस को दो साल से प्रेम संबंध का हवाला देकर खुद को बालिग बताकर शादी न करने का शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया है।

औंग थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की की बहन पड़ोस के गांव में ब्याही है। दो साल से लड़की बहन के घर आ जा रही है। लगातार महीना-15 दिन रुकती भी है। इसी बीच लड़की का प्रेम दीदी के देवर से हो गया। दो साल से दोनों का प्रेम प्रसंग चल रहा है। प्रेम प्रसंग से अनजान लड़के के परिजनों ने शादी दूसरी जगह तय कर ली है। जानकारी होते ही लड़की रात में दीदी के घर पहुंच गई और देवर से शादी करने का का फरमान सुना दिया। लड़की ने बताया दो साल से उनके बीच प्रेम संबंध है। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने लड़की के घर वालों को बुलाकर शादी न करने की बात बताई। शादी करने की जिद पर अडिग लड़की थाने पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा नेत्री के पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

**फतेहपुर।** भाजपा नेत्री के पुत्र ने साथियों के साथ मिलकर मोरंग कारोबारी के घर बाहर हाथ में पिस्टल लेकर पहुंचे और मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के मदद से पीड़ित के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर भाजपा नेत्री के पुत्र सहित तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी गौतम नगर के रहने वाले मोरंग कारोबारी अरुण कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू के छोटे भाई प्रदीप मिश्रा घर के बाहर मौजूद थे। तभी भाजपा नेत्री के पुत्र लखन सिंह अपने तीन दोस्तों के साथ मौके पर पहुंचे और पैसों के लेकर विवाद होने पर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान हाथ में खुलेआम पिस्टल लेकर फायर कर दिया। मारपीट की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। पीड़ित मोरंग कारोबारी अरुण कुमार मिश्रा के तहरीर पर पुलिस ने भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष गायत्री सिंह के पुत्र लखनलाल सिंह, वैभव सिंह,विवके सिंह और वात्सल्य तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लखनलाल सिंह सहित तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। पिस्टल लेकर फरार वात्सल्य तिवारी को तलाश किया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष से मुकदमा दर्ज किया गया है। लखनलाल सिंह के खिलाफ 2021 में लूट का मुकदमा दर्ज था। जांच की जा रही है।

### युवक-युवती को ग्रामीणों ने आपत्तिजनक हालत में पकड़ा

**फतेहपुर।** ग्रामीणों ने एक युवक और युवती को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इसके बाद युवक की जमकर पिटाई की। इस दौरान किसी ने वीड़ियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया जो तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की शाम एक युवती खेत में गई थी। तभी घात लगाकर पेड़ के पीछे छिपे गांव के युवक ने युवती का मुंह दबाकर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने लगा। युवती की चीख पुकार सुनकर गांव के लोग वहां पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। इसके बाद जमकर पिटाई शुरू कर दी। ग्रामीणों के द्वारा युवक की पिटाई करते हुए किसी गांव के व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में युवती ने आरोपी युवक की करतूत बता रही है। इस मामले में किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। दोनों पक्ष में सुलह समझौता हो गया है। अगर पीड़ित की तरफ से तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह मामला एक दिन पहले का है।

### अमीन के चपरासी की संदिग्ध हालत में मौत

**फतेहपुर।** तहसील में तैनात अमीन के चपरासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गड़रियन पुरवा मोहल्ला के रहने वाले प्रमोद कुमार (37) तहसील में तैनात अमीन के साथ पिछले दस वर्षों से चपरासी के रूप में काम करते थे। मंगलवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां मौजूद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित करने के बाद परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। मृतक प्रमोद कुमार के मौत बाद परिवार में पत्नी और तीन बच्चों का रो रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के भतीजे बबलू ने बताया कि दस साल से अमीन के साथ चपरासी के रूप में काम करते थे। रात में अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम इसलिए कराया जा रहा है कि मौत की वजह का पता लग सके। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिवार के लोगों ने किसी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी है।

### निजी ट्रांसफार्मर को सरकारी बना रहे

**औंग।** कस्बा चौडगरा स्थित बिजली उपकेन्द्र द्वितीय में सुविधा शुल्क लेकर निजी ट्रांसफार्मर को सरकारी ट्रांसफार्मर बना देने का मामला इस समय सुर्खियां बटोर रहा है। इस खेल में यहां पर तैनात एसएसओ बलजीत की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। जिस पर जेई का हाथ होने की चर्चा है। पावर हाउस के अन्य कर्मचारी एसएसओ के आयेदिन शिकार होते रहते हैं। बता दें कि पावर हाउस को अखाड़ा बनाने का श्रेय ग्राम मवईया के पूर्व प्रधान को प्राप्त हो रहा है।

### आग लगने से सात बीघा फसल जली

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के बरवा गांव निवासी सुभाष निषाद एवम पप्पू सोनकर बगल के गांव शुकलनपुर गांव के रहने वाले राघवेंद्र त्रिपाठी के खेत बटाई में लेकर किसानी करते है। खेतों में सात बीघा अरहर की फसल कटी पड़ी थी। बुधवार सुबह करीब दस बजे सुभाष घर खाना खाने के लिए आ गया। तभी अरहर के खेत में आग लग गई।



स्वच्छता अभियान में सम्मानित किये गये सभासद प्रतिनिधि। अमृत विचार

# कलीम बनाए गए स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर

संवाददाता, धाता

**अमृत विचार।** नगर पंचायत परिसर में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत जन जागरूकता व जन भागीदारी को बढ़ाने के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिंह एवं अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए कस्बे के अब्दुल कलाम नगर के सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद कलीम को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त कर प्रमाण पत्र सौंपा।

बता दें कि मोहम्मद कलीम अपने वार्ड को स्वच्छ रखने मे खास वरीयता देतें हैं और वार्ड के लोगों की किसी भी समस्या मे हर समय तत्पर रहते हैं। अब्दुल कलाम नगर के रहने वाले सफीर, जुल्फिकार अली, बादशाह आदि लोगों ने नगर पंचायत धाता की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत ब्रांड एंबेसडर के रूप में मोहम्मद कलीम को चयनित किये जाने पर खुशी जाहिर की है। मोहम्मद कलीम पेशे से पत्रकार और अधिवक्ता हैं। प्रमाण पत्र देने के मौके पर नगर पंचायत के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# उन्नाव के लापता बुजुर्ग का नहर में मिला शव

**फतेहपुर।** दो दिन पूर्व घर से निकले बुजुर्ग का शव कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर रामगंगा नहर के बीच एक पेड़ के नीचे से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की जेब से निकली आईडी के जरिए परिजनों को सूचना दे दी गई। उन्नाव जनपद के थाना बारासगवर गांव हरकी निवासी स्व. जगन्नाथ यादव का पुत्र ठाकुरदीन 27 मई को घर से बिना बताए निकल गया था। देर शाम तक जब वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग न लगा। उधर घर वालों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बुधावार सुबह कल्यानपुर थाने के लक्ष्मणपुर रामगंगा नहर के पास स्थित बबूल के पेड़ के नीचे बुजुर्ग का शव ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की जेब से मिली आईडी के जरिए परिजनों को सूचना दी गई। बताया कि मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

# गर्मी में वैक्सीन की कोल्ड चेन बनाए रखना चुनौती

संवाददाता, फतेहपुर

- भीषण गर्मी में आइस पैक व बाक्स की देखरेख जरूरी
- घंटों जनरेटर चलने से हो रही डीजल की खपत दोगुनी

**अमृत विचार।** बेतहाशा गर्मी में बेहिसाब बिजली कटौती से कोल्ड चेन पांइट में रखी वैक्सीन की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ कोल्ड चेन से लेकर आइस पैक व बॉक्स की देखरेख जरूरी हो गई है। अस्पताल प्रशासन वैक्सीन की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम पूरे होने के दावे करता है। घंटों जनरेटर चलने से डीजल की खपत भी दोगुनी होने को है।

बचपन में होने वाली कई जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए वैक्सीनेशन किया जाता है। वैक्सीन ऐसे जैविक पदार्थ हैं जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता समय के साथ कमजोर होती जाती है। तापमान बढ़ने के साथ वैक्सीन की क्षमता कमजोर होती जाती है। सीएमओ कार्यालय में लगे फ्रीजर में इन्हें स्टोर किया जाता है। इन दिनों प्रचंड गर्मी में बिजली की कटौती से वैक्सीन की कोल्ड चेन बनाए रखना भी बड़ी चुनौती बन गया है।

### 11 प्रकार की वैक्सीन है मौजूद



सीएमओ कार्यालय में लगे फ्रीजरों में 11 प्रकार की वैक्सीन है। इनमें टीबी की रोकथाम की बीसीजी, हेपेटाईटिस, पोलियो, (डिफ्थीरिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस बी और एचआईबी, पर्टुसिस) जैसी बीमारियों की रोकथाम में लगने वाली पेंटावैलेंट, एफआईपीवी, पीसीबी, पोलियो, रोटावायरस, मिजेल्स रुबेला, विटामिन ए, (डिफ्थीरिया, टटनस, पर्टुसिस) डीपीटी, टीडी (टेटनस, डिफ्थीरिया), जेई (जापनीज इंसेफलाइटिस) शामिल हैं।

# असोथर क्षेत्र के जंगल में मिला शव शिनाख्त नहीं

**असोथर।** थाना क्षेत्र में एक जंगल में एक बुजुर्ग महिला का शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी है।

असोथर थाना क्षेत्र के रिठवां गांव में बुधवार दोपहर बाद उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के बाहर जंगल में एक बुजुर्ग महिला का शव ग्रामीणों ने पड़ा देखा। शव मिलने की जानकारी होने पर ग्रामीणों में हल्ला हो गया और लोग इकट्ठा हो गए।

ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसी दौरान पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया में फोटो वायरल किया है।

# महिला ने ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**बिंदकी।** पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है कि उसका पति व सास दोनों मिलकर दहेज के लिए परेशान करते हैं और मारते पीटते हैं। घर में ठीक से रहने नहीं देते। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला बजरिया की रहने वाली महिला पूजा देवी पत्नी विजय अपनी मां और भाई के साथ कोतवाली पहुंची पुलिस को तहरीर देकर शिकायत किया कि उसका मायका कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के कोरवा गांव है। उसकी ससुराल बिंदकी कस्बे के मोहल्ला बजरिया में है। महिला ने आरोप लगाया कि अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका पति विजय व सास फूलमती देवी मारते पीटते हैं। पूजा देवी की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

विचार-विमर्श | जनपद स्तरीय बैठक में सीडीओ ने दिए निर्देश

# परिषदीय विद्यालयों में अवशेष कार्यों को पूरा कराएं

संवाददाता, फतेहपुर

- योजना बनाकर आउट ऑफ रीच स्कूल बच्चों का करें सर्वे कार्य

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुपालन के लिए शासन द्वारा गठित टास्क फोर्स मध्यान्ह भोजन योजना एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद स्तरीय बैठक विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जनपद में परिषदीय विद्यालय में जो कार्य अवशेष रह गए हैं उसे जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। यदि किसी स्थान पर भूमि विवाद हो तो संबंधित उपजिलाधिकारी से समन्वय बनाते हुए भूमि विवाद निस्तारण कराकर कार्य पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जिन परिषदीय विद्यालयों में शौचालय में रनिंग वाटर, मल्टीपल हैंडवास, टैब का कार्य शेष रह गया है उसको प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराना सुनिश्चित करें। साथ ही फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय और ऑपरेशन कायाकल्प के सभी इंडिकेट्रो से संतृप्त नही है संबंधित ईओ को अगली बैठक में बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समर कैम्प का सफल आयोजन कराया जाए। आउट ऑफ रीच स्कूल बच्चों के सर्वे का कार्य किया जाना है कि कार्ययोजना बनाकर अध्यापकों को क्षेत्र बांटकर कार्य कराया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत किए गए कार्यों का जो कार्य पूर्ण किए जा चुके है उनका क्रास वेरिफिकेशन कराकर रिपोर्ट से अवगत कराएं। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए शेषमणि सिंह, डीसी मनरेगा अशोक कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब सिंह यादव, जिला पूर्ति अधिकारी अभय सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, डायट प्राचार्य, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, एडीओ पंचायत सहित निर्माण कार्यदायी संस्थाएं एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश। अमृत विचार

# डालमिया ग्रुप के सहयोगी से 50 लाख की मांगी रंगदारी

संवाददाता, फतेहपुर

- पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला
- रिपोर्ट दर्ज कर कल्याणपुर पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार।** डालमिया ग्रुप के सहयोगी से जमीन खरीद फरोख्त के काम में 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रुपये न देने काम न करने देने की धमकी दी गई है। पांच लोगों के खिलाफ कल्यानपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की जांच शुरू कर दी है।

लखनऊ के विकास नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार डालमिया भारत ग्रीन विजन लिमिटेड में सहयोगी (एग्रीगेटर) का काम करता है। बिंदकी के पहुर में सीमेंट प्रोजेक्ट के लिए पिछले दो साल से भूमि क्रय व निर्माण करा रहा है। आरोप है कि एक साल से पहुर गांव के राम सिंह, जय सिंह, अरुण कुमार सिंह उर्फ राजू, अंकित सिंह व अमित सिंह रंगदारी वसूलने का दबाव बनाते हैं।

उसे घर बुलाकर कई बार धमकाया और बोला कि गांव में कोई भी प्रोजेक्ट आने पर सरकारी ठेकेदारों से भी पांच फीसदी वसूली करते हैं। स्थानीय राजनेता का नाम लेकर दबाव बनाते हैं। कार्य को बाधित करने पर अरुण कुमार सिंह व रामसिंह को दो साल पहले तीन लाख रुपये दिए थे।

दो माह से रंगदारी के लिए धमकी दे रहे हैं। रुपये न देने पर हत्या कर लाश गायब करने की धमकी देकर 50 लाख की मांग की है। उसे फोन पर अंकित सिंह परिहार ने गाली गलौज व धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर सरोज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# हीटवेव ढा रही कहर, जिला अस्पताल में बढ़े उल्टी दस्त के मरीज

## डॉक्टर उपचार के साथ दे रहे बचाव की नसीहत, बच्चे और बुजुर्ग अधिक हो रहे प्रभावित

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** हीट वेव का कहर तेज हो गया है। जरा सी असावधानी लोगों को बीमार करने लगी है। इस क्रम में जिला अस्पताल में उल्टी दस्त के मरीजों बढ गये हैं। इमरजेंसी का हाल खराब है। पूरे दिन मरीजों के आने से इमरजेंसी फुल हो गई है। प्राथमिक उपचार देने के बाद मरीजों को वार्ड में भर्ती किया जा रहा है।

कई दिन से पड़ रही भीषण गर्मी का कहर जारी है। इस का असर अब आम लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। हीट वेव के चलते जिला अस्पताल में सबसे अधिक मरीज उल्टी व दस्त के पहुंच रहे हैं। ओपीडी की बात करें तो पांच से छह सौ मरीज रोज ही पहुंच रहे हैं। इनमें उल्टी-दस्त से पीड़ित बच्चों की संख्या अधिक है। इससे बुरा हाल इमरजेंसी का है। यहां उल्टी दस्त के मरीज गंभीर हालत में पहुंच रहे हैं। इन को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। उल्टी दस्त के चलते शरीर में पानी की कमी हो रही है। इससे परिजन उनको जिला अस्पताल की इमरजेसी में भर्ती करा रहे हैं। बुधवार को 30 से अधिक मरीज उल्टी दस्त के जिला अस्पताल पहुंचे। इनको डाक्टर ने इनको भर्ती कर उपचार दिया। कुल 560 मरीजों ने पर्चा बनवाकर इलाज कराया। यही नहीं इमरजेसी वार्ड फुल होने पर इन मरीजों को सामान्य वार्ड में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। इसी तरह बच्चों को भी भर्ती किया जा रहा है।


जिला अस्पताल में वाल रोग विशेषज्ञ डा. पीएम यादव के पास बच्चों को लेकर खड़े परिजन। अमृत विचार

बुधवार को छोटे बच्चों को लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। यहां बाल रोग विशेषज्ञ डा. पीएम यादव ने जांच कर उपचार दिया। कई बच्चों की हालत गंभीर होने परह उनको जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भेज कर भर्ती कराया गया। इन बच्चों को उल्टी दस्त के चलते खाल सिमट चुकी थी। उन्होंने बताया कि मई-जून में हीड वेव की समस्या तीव्र हो जाती है। लू की चपेट में आने पर जी मिचलाना, बुखार, सिर दर्द, उल्टी, डायरिया जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं। बड़े हो या बच्चे कोई भी हीटवेव से प्रभावित हो सकता है।

डॉ. यादव ने बताया कि इस मौसम में खुद को सुरक्षित रखने के लिए कुछ आसान टिप्स को फॉलो करें। यदि आपको अचानक थकान महसूस हो रही है, तो समझ जाएं यह लू लगने का लक्षण है। लू लगने पर भी बुखार जैसे लक्षण महसूस होते हैं।

लू लगने पर सिर में दर्द, बेहोशी, चक्कर आना, उल्टी या दस्त, मांसपेशियों में ऐंठन आदि लक्षण महसूस हो सकते हैं। हीटवेव के कारण हीटस्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इस कारण इंसान को अचानक चक्कर आ सकते हैं या वह बेहोश हो सकता है। सिर में तेज दर्द भी महसूस होता है।

### इस तरह हीटवेव व लू से करें बचाव

हीटवेव व लू से बचने के लिए जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. भूपेश कुमार पपने ने तौर तरीके सुझाये हैं। बताया कि गर्मी से बचने के लिए कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक के बीच में। जितनी बार हो सके पानी पीयें। हल्के रंग के ढीले-ढीले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। घर को ठंडा रखें और वेंटिलेशन का ख्यालल रखें। फील्डह वर्क करते हैं, तो आपको ओआरएस का घोल जरूर रखें। खीरा-ककड़ी का सेवन करें। इसमें पानी की मात्रा ज्या दा होती है। अपनी डाइट में नारियल पानी को भी शामिल करें।


फिजीशियन डॉ. भूपेश कुमार पपने।

नारियल पानी में मौजूद विटामिन्स, लू की समस्याा से बचाव करते हैं। बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। कॉफी, चाय, एल्कोरहल का सेवन गर्मी के मौसम में नहीं करना चाहिए। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन के लक्षण नजर आने लगेंगे और लू की चपेट में आ सकते हैं। आइसक्रीम या कोल्डर ड्रिंक से बचें। तो खाली पेट घर से न निकलें। कुछ न कुछ खाकर ही घर से बाहर जाना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### अनियंत्रित कंटेनर एक्सप्रेस वे से नीचे गिरा, दो घायल

**सौरिख, कन्नौज।** लखनऊ से फिरोजाबाद जा रहा खाली कंटेनर चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। हादसे में चालक व परिचालक घायल हो गए। मौके पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारियों ने घायलों को एंबुलेंस से सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। मुरादाबाद के थाना कुदरती के कीमतपुर फखुरूद्दीन निवासी परमान पुत्र महमूद व साथी सोहेल पुत्र मोहम्मद रफीक के साथ लखनऊ से कंटेनर लेकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से फिरोजाबाद जा रहा था। थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 138 सकरावा इटावा बॉर्डर के पास सुबह पांच बजे चालक को झपकी लगने से कंटेनर अनियंत्रित हो गया। इसके बाद डिवाइडर को तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। हादसे में दोनों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कनौजिया ने एंबुलेंस से दोनों को उपचार के लिए सैफई भेज दिया। वही क्रेन से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाकर टोल प्लाजा पर खड़ा करवाया गया।


हाईवे के नीचे पड़ा कंटेनर।


डॉ. सुशील राकेश को सम्मानित करते मुख्य अतिथि राघवेंद्र ठाकुर। अमृत विचार

### साहित्यकार सुशील राकेश को श्रीराम शिखर सम्मान

**कन्नौज।** इत्रनगरी के जाने-माने साहित्यकार डॉ. सुशील राकेश को इस वर्ष का श्रीराम साहित्य शिखर सम्मान प्रदान किया गया। भोपाल के हिंदी भवन में आयोजित श्रीराम काव्य महोत्सव में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया और उनके द्वारा रचित महाकाव्य आकाश यज्ञ का भी लोकार्पण किया गया। विश्व हिंदी रचनाकार मंच नई दिल्ली द्वारा मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के हिंदी भवन में श्रीराम काव्य महोत्सव-2024 का आयोजन किया गया था। इस समारोह में प्रभु श्री राम के चरणों में समर्पित एवं राघवेंद्र ठाकुर द्वारा संपादित श्रीराम राष्ट्रीय काव्य संग्रह एवं डॉ. सुशील राकेश द्वारा रचित महाकाव्य आकाश यज्ञ का लोकार्पण किया गया। जिले के युवा रचनाकार राहुल तिवारी हनी को श्रीराम हिंदी गौरव सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि राघवेंद्र ठाकुर ने 45 रचनाकारों को विभिन्न सम्मान व अलंकरण प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दमोह की वरिष्ठ कवियित्री पद्मा तिवारी ने की तो संचालन कवियित्री मनीषा दुबे व कौशिका सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में देश के कई साहित्यकार व रचनाकार शामिल हुए।


दुकानों पर बाल श्रमिकों को खोजते श्रम अधिकारी व पुलिस।

### बाल श्रमिकों की तलाश में छापेमारी, एक किशोर मुक्त

**तिर्वा, कन्नौज।** बाल श्रम रोकने के लिए श्रम अधिकारी व पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की। टीम ने एक दुकान पर काम कर रहे एक किशोर को पकड़ कर मुक्त कराया। गरीब असहाय लोग अपने बच्चों को शिक्षित न कर काम पर भेज देते हैं। इससे वह शिक्षा पाने की उम्र में मैकेनिक की दुकान या अन्य जगह काम सीख रहे होते हैं। बाल श्रम रोकने के लिये श्रम विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। बुधवार को श्रम अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव व पुलिस की संयुक्त टीम ने कस्बे की दुकानों, होटल, ढाबों, ईट भट्ठों पर छापेमारी की। एक दुकान पर एक बाल श्रमिक को काम करते पकड़ लिया। श्रम अधिकारी नवनीत कुमार ने बताया कि बाल श्रम कराने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। इसकी रोकथाम के लिये जागरुक किया जा रहा है। एक किशोर को काम करते पकड़ा गया है। दुकानदार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा जाएगा। जवाब न देने पर दुकानदार के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा किया जाएगा।

# पारा कुछ लुढ़का फिर भी 44 डिग्री के पार, लू ने झुलसाया

- 15 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलीं गर्म हवाएं आम जनजीवन अस्त-व्यस्त
- जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जारी किया अलर्ट, घर पर रहने की सलाह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद वासियों को भीषण गर्मी से फिलहाल राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। बुधवार को पारा 44.3 डिग्री सेल्सियस होने पर ऐसा लगा, मानो आसमान से आग बरस रही है। हालांकि यह मंगलवार के सापेक्ष 1.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। फिर भी तेज धूप व गर्म हवाओं के प्रकोप से पशु-पक्षी से लेकर आम जनजीवन बेहाल रहे। दोपहर को सड़कें सूनी रहीं तो बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भी हीटवेब को लेकर अलर्ट जारी किया है।

बुधवार को सुबह से सूर्यदेव की तपिश ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया। जरूरत पर घरों से निकले लोग तेज धूप व गर्म लू के थपेड़ों से बेहाल होकर सड़क किनारे छांव खोजते रहे। अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे। कूलर-पंखा से ही गर्मी से पार पाने का दिन भर प्रयास चला, लेकिन बिजली की आवाजाही के कारण लोग परेशान नजर आए। अस्पतालों में भी बदलते मौसम के कारण मरीजों की भीड़ रही। हीट स्ट्रोक और डायरिया जैसे रोगों के साथ उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। दोपहर को हाइवे से लेकर गांवों की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। शाम को सूरज ढलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।


तेज धूप में छाते की छाया में बच्ची को ले जाती महिला। अमृत विचार

अधिकतम तापमान 44.3 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। उत्तर-पश्चिमी हवाएं 15 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। मौसम वैज्ञानिकों ने इस सप्ताह आसमान साफ रहने के कारण गर्मी से फिलहाल खास राहत न मिलने की संभावना जताई है।

कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिन में हल्के बादल छाए रहे, लेकिन अभी बारिश की कोई संभावना नहीं है। आने वाले चार दिन तक तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव बना रहेगा और हवा की गति अधिक होने से लू का प्रकोप बना रहेगा।


कमालपुर गांव में बने स्वीमिंग पूल में नहाते किशोर व युवा। अमृत विचार

### गांव में बना स्वीमिंग पूल दे रहा राहत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भीषण गर्मी में बच्चों को राहत देने के लिए कमालपुर गांव के पूर्व प्रधान अच्छे खां ने स्वीमिंग पूल बनवाया है। उन्होंने अपने खेत में ट्यूबवेल के पास स्वीमिंग पूल बनवाकर बच्चों को राहत दी है। प्रतिदिन यहां सैकड़ों बच्चे व युवा मस्ती करते हैं और यह क्रम देर रात तक चलता रहता है। पूर्व प्रधान ने बताया कि पूल में प्रतिदिन ताजा पानी भर दिया जाता है और नहाये हुए पानी को फसलों की सिंचाई में प्रयोग कर लिया जाता है।

## सांस रुकने से हुई थी रितिष की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** सोमवार की रात को एक निजी अस्पताल में भर्ती रितिष पुत्र रामनिवास निवासी बछज्जापुर की हालत बिगड़ गई थी। देर रात उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया तथा पुलिस को तहरीर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चे की मौत सांस रुकने के कारण होने की पुष्टि हुई है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्रकरण का संज्ञान नहीं लिया गया है।

## भाइयों को पीटा

**छिबरामऊ।** मोहल्ला सराफान निवासी आशीष पांडेय पुत्र संतोष पांडेय ने बताया कि मंगलवार की शाम उनका चचेरा भाई हर्षित मैच खेलने जा रहा था। तभी मोहल्ला दीक्षितान निवासी कुछ युवकों ने उसे घेर कर पीटा मौके पर पहुंचे आशीष को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

# बस स्टैंड पर मिला युवक का शव

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** रोडवेज बस स्टैंड पर युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों ने गर्मी से मौत की आशंका जताई है।

बुधवार की शाम करीब तीन बजे कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड पर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ लोगों ने देखा। इससे लोगों की भीड़ मौके पर लगी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी शिनाख्त करानी शुरू कर दी। लोगो ने युवक का संबध कोतवाली के पुरसा गांव निवासी मुकेश के साथ बताया। पुलिस की सूचना पर आए उसके परिजनों ने उसकी शिनाख्त की। मुकेश ने बताया कि मृतक कानपुर देहात के मैथा थाना के गांव रोशनमऊ मटोली निवासी रामजी (30) पुत्र विजयनरायन है जो रिश्ते में उसका साला था। कुछ समय पहले वह उसके पास रहा करता था। इसके बाद वह कस्बे में किराये पर कमरा लेकर रहने लगा। वह शटरिंग का काम करता था। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि राम जी की मौत गर्मी कारण होने की आशंका है। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण पता चलेगा।


शव देखती पुलिस व लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

## तीन तलाक को लेकर दो पक्षों में पथराव

**सौरिख, कन्नौज।** आजादनगर निवासी मुहम्मद आलम पुत्र रिजवान की शादी कुछ दूरी पर रहने वाली मोहल्ले की युवती से हुई थी। युवती का आरोप है कि शादी के बाद ससुरालियों ने दहेज को लेकर उत्पीड़न शुरू कर दिया और तीन बार तलाक कहकर युवती को घर से निकाल दिया।

मोहल्ले के लोगों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन मुहम्मद आलम तैयार नहीं हुआ और देखते ही देखते गालीगलौज मारपीट और ईंट पत्थर चलने लगे। इससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और तीन लोगों को हिरासत में ले लिया।

# धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते भगवान

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** मृत्युलोक में भगवान के नाम का स्मरण करने मात्र से ही जीव को सद्गति प्राप्त हो जाती है और उसे मोक्ष मिलता है। भगवान धर्म की स्थापना और अधर्म के नाश के लिए अवतार लेते हैं। ग्राम रौरी स्थित पापरि आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य अंबुज त्रिपाठी ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार का प्रसंग सुनाते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कलियुग में श्रीमद् भागवत कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप मिट जाते हैं।

बुधवार को ग्राम रौरी स्थित सिद्धपीठ पापरि आश्रम में आचार्य ने भगवान के अवतारों का वर्णन किया। आचार्य ने बताया कि कि जब-जब धरती पर पाप और अत्याचारों की संख्या बढ़ती है, तब तब परमात्मा धरती पर अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान नरसिंह की कथा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भक्त प्रहलाद समेत लोगों पर हो रहे अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान ने नरसिंह रूप में अवतार लिया। वहीं वामन के रूप में अवतार लेकर भक्तों की रक्षा की। भगवान राम के रूप में अवतरित होकर मर्यादा की स्थापना की। वहीं श्रीकृष्ण अवतार में भगवान ने पृथ्वी पर प्रेम की स्थापना की।



कथा सुनाते आचार्य अंबुज त्रिपाठी व पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि प्रेम से ही संसार का संचालन हो सकता है और केवल प्रेम मार्ग पर चलकर ही श्री हरि की प्राप्ति संभव है।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन करते हुए व्यास ने उनकी बाल लीलाओं से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। व्यास ने कहा कि कलियुग में भागवत कथा के श्रवण से सभी कष्टों और पापों का अंत हो जाता है। इस मौके पर संत शिरोमणि सीताराम दास जी महाराज, बाबा हरी सिंह, देवदास जी महाराज, सुखदेव नारायण द्विवेदी, चंद्रशेखर दुबे, हरिओम मिश्रा, मान सिंह राजपूत, पुष्पा देवी, राधा देवी, सीता देवी, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह व अल्का सिंह सहित कई भक्त मौजूद रहे।

**दिक्कत** बढ़ रहे हादसे, आए दिन गिर रहे बाइक सवार, नहीं लगाए गए चेतावनी बोर्ड

# बिना मानक स्पीड ब्रेकर लगा रहे जिंदगी पर 'ब्रेक'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** हादसों की रोकथाम के लिए बनाए गए स्पीड ब्रेकर लोगों की जिंदगी पर ही 'ब्रेक' लगाते नजर आ रहे हैं। लोक निर्माण विभाग ने जल्दबाजी में शहरों व कस्बों में बेतरतीब स्पीड ब्रेकर बना दिए, जिनसे आए दिन हादसे हो रहे हैं। खास बात यह है कि ब्रेकरों पर न तो रेडियम पट्टी लगाई गई और न ही चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। अब स्थिति यह है कि ये ब्रेकर लोगों के लिए 'काल' बन गए हैं।

लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड ने शहर में मुख्य मार्ग समेत अन्य सभी लिंक रोडों पर स्पीड ब्रेकर रातों-रात बना दिए हैं। अब स्थिति यह है कि आए दिन इन ब्रेकरों पर बाइक सवार लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। यदि कोई बाइक सवार तेज रफ्तार से आ रहा है तो अचानक ब्रेक लगाने से उसकी जिंदगी पर ही 'ब्रेक' लग जाता है। नियमानुसार स्पीड ब्रेकर से 80 मीटर पहले चेतावनी बोर्ड लगाया जाता है और ब्रेकर के ऊपर रेडियम पट्टी या कैट आई रिफलेक्टर लगाए जाते हैं। इससे वाहन चालक पहले से ही गति को कम कर लेता है और आराम से ब्रेकर पार कर लेता है। हास्यास्पद यह है कि यहां तो 80 मीटर जगह में ही दो-तीन ब्रेकर बना दिए गए हैं और न कोई चेतावनी बोर्ड है, न ही रेडियम पट्टी या कैट आई रिफलेक्टर है। ऐसे में प्रतिदिन हादसे हो रहे हैं।

शहर में मुख्यमार्ग जीटी रोड पर एफएफडीसी से लेकर बहादुरपुर उज्जैना तक कई स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं, मगर किसी में मानकों का पालन नहीं किया गया है। किसी भी ब्रेकर पर पेंट भी नहीं किया गया है।


गैस एजेंसी क्रॉसिंग के पास बने ब्रेकर से गुजरता स्कूटी सवार। अमृत विचार

### स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के मानक

इंडियन रोड कांग्रेस की गाइड लाइन के अनुसार स्पीड ब्रेकर की अधिकतम ऊंचाई चार इंच से अधिक नहीं होनी चाहिए। ब्रेकर के आगे और पीछे दोनों तरफ दो-दो मीटर का स्लोप (ढाल) देने का नियम है। मगर शहर में एक साथ कई ब्रेकर मानक से अधिक ऊंचाई में बना दिए गए हैं और कोई चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। किसी भी ब्रेकर पर स्लोप नहीं दिया गया है, बल्कि एक सीध में ऊंचाई में महीन बजरी डालकर डामरीकरण कर दिया गया। ब्रेकर की बनावट इस प्रकार होनी चाहिए कि कोई भी वाहन इस पर 20 से 25 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से निकल सके।

> दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों के नवीनीकरण के बाद क्रासिंग, मोड़ और स्कूलों के पास स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। कार्यदायी संस्था द्वारा किए गए कार्य व मानकों की जांच की जा रही है, जल्द ही चेतावनी बोर्ड और रात में दिखने के लिए रेडियम पेंट कराया जाएगा।
>
> -संजीव कुमार, अधिशासी अभियंता (पीडब्ल्यूडी)

# सुलह से बना रहता आपसी सौहार्द

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर पालिका कार्यालय परिसर में जिला जज एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रोदय कुमार ने फीता काटकर लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि छोटे मामलों को कानूनी प्रक्रिया से नहीं, बल्कि आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से निपटाया जाए तो न्यायिक प्रक्रिया सरल हो जाएगी।

जिला जज ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अनुसार न्याय की मंशा समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने की है। इसके लिए न्यायिक जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। पहले छोटे-मोटे झगड़े गांव की पंचायत में ही निपटा लिए जाते थे लेकिन उनका कोई कानूनी रूप नहीं था। अब न्यायिक सिस्टम में ग्राम न्यायालयों की स्थापना की जा रही है। जल्द ही ग्राम सभा स्तर पर भी यह सुविधा दी जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने कहा कि सभी की प्रेरणा से नगर पालिका में लीगल एड क्लीनिक खोला गया है, जिसका लाभ नगर वासियों को मिलेगा। कार्यक्रम को न्यायिक अधिकारी खुशबू धनक, अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन अंकित कौशिक, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, पैनल अधिवक्ता डॉ. मयंक सक्सेना, पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो ने भी संबोधित किया। पूर्व प्रधानाध्यापक भारत सिंह वर्मा, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, अमोघ गुप्ता राम, रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, आलोक गुप्ता टिल्लू, उषा उपाध्याय, प्रभा पांडेय, नेहा गुप्ता, दीपांक दुबे, प्रभाकर गुप्ता, विनोद कुमार दुबे, सत्यनारायण वर्मा, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, नरेश चंद्र गुप्ता, मूलचंद यादव, राजकिशोर दुबे, आसाराम यादव, भारत सिंह प्रजापति व मामन गुप्ता मौजूद रहे।


नगर पालिका में लोगों को जानकारी देते जिला जज चंद्रोदय कुमार। अमृत विचार

# सूखी फसल लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

## बिजली कटौती को लेकर सपाइयों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा


बिजली कटौती को लेकर सूखी फसल दिखा कर प्रदर्शन करते सपाई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निजी नलकूप संचालन के लिए पर्याप्त बिजली देने, लो वोल्टेज से निजात दिलाने की मांग

**अमृत विचार।** जिले में भीषण बिजली कटौती, ट्रिपिंग, फाल्ट आदि के कारण निजी नलकूपों का संचालन ठीक से नहीं हो पा रहा है। इस कारण किसान खेत में खड़ी फसल में पानी नहीं लगा पा रहे। ऐसे में फसल सूखने लगी है। इस समस्या को लेकर नाराज सपाइयों ने कलक्ट्रेट में सूख फसल लेकर प्रदर्शन किया। बाद में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

बुधवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में सपाइयों ने किसानो के नेता चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी। इस के बाद किसानों की आवाज बुलंद करने के लिए बिजली समस्या पर कलक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया।

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामकेश को सौंपा। इस मौके पर नवाब ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। उस पर भीषण कटौती की जा रही है। जो बिजली दी जा रही है उसमें लो वोल्टेज की समस्या है। इससे नलकूप नहीं चल पा रहे हैं जिससे मक्का की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। सिंचाई के अभाव में किसानों के खेत में खड़ी फसलें सूख रही हैं। ऐसे में किसान की बेटी के हाथ कैसे पीले होंगे, बच्चों की पढ़ाई कैसे हो पाएगी? कहा कि जब से देश-प्रदेश में भाजपा सरकार आई है तबसे सैकड़ों किसान अपनी मांग करते हुए मौत के शिकार हो चुके हैं परंतु सत्ता के नशे में चूर लोगों का दिल फिर भी नही पिघला। कहा कि किसानों के हक की लडाई के लिए किसी भी हद में जाना पड़े, पीछे नहीं हटेंगे।

उन्होंने मांग की कि किसानो की समस्याओं को देखते हुए बिजली कटौती को तुरंत रोका जाए। इस मौके पर संजय दुबे, हारून प्रधान, विनोद यादव, सत्येन्द्र यादव, बबलू, सुरजीत यादव, मनोज कठेरिया सभासद, धर्मवीर पाल, अंकित, गोविन्द दुबे, भूरा यादव, फूल सिंह राजपूत, संजय यादव राजिक अली, गुरवीर यादव, शशिकांत कटियार, सुरेन्द्र यादव, आशीष, सुरेंद कुसवाहा, दिलशाद, अवनीश यादव, गौतम कुशवाहा, दीपू यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### सिंचाई के अभाव में सूख रही मक्का की फसल को जोता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीते कई दिनों से चल रही अघोषित कटौती से जहां आम जनजीवन बेहाल है तो वहीं बिजली न मिल पाने से किसान खेत में खड़ी फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। सिंचाई न हो पाने से मक्का की फसल सूखते देख दुखी किसान ने ट्रैक्टर से जोत कर बिजली विभाग के प्रति रोष व्यक्त किया है। हालांकि अन्य किसानों ने रोक दिया जिससे पूरी फसल नष्ट होने से बच गई। लंबे समय से कस्बा समधन सहित आसपास के क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। अघोषित कटौती और समय से आपूर्ति न मिल पाने के कारण निजी नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। इससे खेत में खड़ी किसानों की फसल भी सूख रही है। वहीं आपूर्ति न मिल पाने के कारण आम जनजीवन बेहाल है और व्यापार भी चौपट हो रहा है। कस्बा समधन में मोहल्ला दारासराय निवासी मो. शानू पुत्र इफ्तखार उर्फ ढब्बल्ले ने हाईवे के पास स्थित लगभग 10 बीघा मक्का की फसल की है। अघोषित कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से सिंचाई नहीं हो पा रही है जिससे फसल सूख रही है। इससे परेशान होकर बुधवार को उसने ट्रैक्टर से फसल जोतना शुरू कर दिया। यह देख आसपास के किसान मौके पर पहुंच गए। लोगों ने उसे समझाकर फसल जोतने से रोका और पूरी फसल को नष्ट होने से बचा लिया। किसान द्वारा मक्का की फसल जोतने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।


मक्का की फसल को ट्रैक्टर से जोतता किसान। अमृत विचार

## जय श्रीराम की जगह जय भीम कहने पर युवक को पीटा

**तिर्वा, कन्नौज।** जय श्री रम न बोल जय भीम कहकर जवाब देने पर आक्रोशित लोगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। उसे परिजनों ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

- घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज की रिपोर्ट

कोतवाली के पचौर चौकी क्षेत्र के अकुडिया गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र रामेश्वर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह मंगलवार को तिर्वा आया था। वहां से शाम के समय घर जा रहा था। रास्ते में गागेमऊ गांव निवासी सावेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र, सुमित सिंह पुत्र सावेंद्र, रामबाबू पुत्र लाल सिंह मिले और उससे जय श्रीराम कहा। उसने जवाब में जय भीम कह दिया। इस पर आक्रोशित हुए उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने पर एससीएसटी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच सीओ को सौंप दी।


रेलवे स्टेशन पर घटिया निर्माण के कारण गिरा निर्माणाधीन छज्जा। अमृत विचार

# स्टेशन पर निर्माणाधीन छज्जा गिरा, बाल-बाल बचे लोग

मानकों की अनदेखी

- अमृत भारत योजना के तहत हो रहा है सुंदरीकरण का काम
- मंडल रेल निरीक्षक से की गई मामले की शिकायत

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत कराए जा रहे सुंदरीकरण में मानकों की अनदेखी की जा रही है। घटिया सामग्री के कारण निर्माणाधीन छज्जा गिर गया। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया और लोग बाल-बाल बच गए। घटिया निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

बुधवार को योजना से चल रहे निर्माण के दौरान स्टेशन पर बनाया जा रहा छज्जा गिर गया। गनीमत रही कि कोई जन हानि नहीं हुई। इसको लेकर नगर विकास समिति गुरसहायगंज के अध्यक्ष हरीओम गुप्ता ने मंडल रेल निरीक्षक इज्जत नगर रेखा यादव से गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन पर अमृत योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री व धांधली का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। उनका कहना है कि रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान छज्जा में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया। इससे छज्जा गिर गया। इससे बड़ी दुर्घटना घट सकती थी।

उन्होंने निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप कराए जाने और घटिया निर्माण की जांच कर दोषी ठेकेदार व कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मामले में मंडल रेल निरीक्षक ने समस्या का संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए है।

# बच्चों के टीकाकरण में लापरवाही न बरतें

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज


आरआई का निरीक्षण करते एमओआईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय। अमृत विचार

- डिप्टी सीएमओ, एमओआईसी ने किया मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम का निरीक्षण

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का बुधवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. जितेन्द्र नाग, एमओआईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने ब्लाक तालग्राम के गुरसहायगंज व समधन में स्थलीय निरीक्षण कर कर्मियों को निर्देश दिए। कहा कि कर्मी टीकाकरण कार्य में लापरवाही न बरतें। घर-घर जाकर छूटे बच्चों को चिन्हित करें और शत प्रतिशत टीकाकरण करें।

एमओआईसी ने नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर में टीकाकरण कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने एएनएम पूनम सिंह से टीकाकरण की जानकारी ली। मौजूद लोगों को जागरूक करते हुए बच्चों को रोगों से बचाने के लिए टीकाकरण अवश्य कराने की सलाह दी।

टीकाकरण से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और संक्रामक बीमारियों से रोकथाम होती है। टीकाकरण से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होता है। टीकाकरण बच्चों को हानिकारक बीमारियों के संपर्क मे आने से रोकने का सरल व सुरक्षित तरीका है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण से बच्चों की जान बचाई जा सकती है। नवजात का शरीर बीमारी से लड़ने में सक्षम नहीं होता। भीषण गर्मी में बच्चों का धूप से बचाव करें और समय-समय पर पानी पिलाकर गीले तौलिए से पोंछते रहे।

इस दौरान एआरओ सर्वेश कुमार, डब्लूएचओ मानीटर आकाश, एएनएम अल्का, लक्ष्मी, श्रद्धा, ममता, विजय लक्ष्मी, आशा सहित कश्मीर मौजूद रहे।

## दुर्घटना में डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सौरिख।** छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव अतरौली निवासी अमन कुमार पुत्र अहवरन ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि 28 मई को दोपहर दो बजे वह अपने सोनालिका ट्रैक्टर से बच्चे के अन्नप्राशन संस्कार के लिए सौरिख थाना क्षेत्र के गांव कुसका मंदिर जा रहा था। ट्रैक्टर चालक गुड्डू निवासी रसूलपुर नवीगंज थाना बेवर जनपद मैनपुरी चला रहा था। ट्राली में घर परिवार के लोग एवं रिश्तेदार सवार थे। ट्रैक्टर कुसका मोड़ पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्राली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर सहित ट्राली रोड पर पलट गई। इस दुर्घटना में नीतू पत्नी धर्मेंद्र सहित दस लोग गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भेजा गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोरी व खोए 240 मोबाइल फोन खोजकर सौंपे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसपी ने पुलिस लाइन में पीड़ितों को लौटाए फोन तो मिली सराहना

**अमृत विचार।** सर्विलान्स सेल, साइबर क्राइम थाना पुलिस ने करीब दो वर्ष से खोए 240 मोबाइल जिनकी अनुमानित कीमत करीव 40 लाख रुपये है बरामद किये। पुलिस लाइन में बुधवार को एसपी ने पीड़ितों को उनके मोबाइल सौंपे तो पुलिस को खूब सराहना मिली।

जनपद के विभिन्न स्थानों से गुम हुये मोबाइल फोन की बरामदगी के लिये पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने सर्विलांस सेल, साइबर क्राइम थाना पुलिस को निर्देशित किया था। संयुक्त टीमों ने 240 खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किए।

फोन के मालिकों को पुलिस लाइन में बुला कर उनके सुपुर्द किया गया। यहां पहुंचे लोगों को एसपी ने पहले मोबाइल को सुरक्षित रखने की नसीहत दी। मोबाइल पाकर लोग बोले कि वह उम्मीद छोड़ चुके थे कि अब उनका मोबाइल मिलेगा। कुछ लोगों के मोबाइल फोनों की कीमत 50,000 रुपये तक थी।


खोये मोबाइल उनके मालिको को सौंपते एसपी अमित कुमार आनन्द व मौजूद अन्य।

### मोबाइल बरामद करने वाली टीम

- सर्विलांस टीम के दरोगा पंकज कुमार, हेड कांसटेबल दुष्यन्त कुमार, सिपाही शिवराज यादव, शुभम कुमार के अलावा साइबर क्राइम थाना टीम के इंसपेक्टर रणजीत सिंह, दरोगा संजीव कुमार, दरोगा हरेन्द्र प्रताप सिंह, हेड कांसटेबल अर्जुन सिंह, रामअवतार, सिपाही सहदेव सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, महिला सिपाही रंजना कुशवाहा।

### खो जाए फोन तो यह करें

एसपी ने मोबाइल धारकों को सचेत करते हुये मोबाइल मिसिंग की ऑनलाइल शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के विषय में बताया कि मोबाइल खो जाने की स्थिति में धारक को सर्वप्रथम यूपी कॉप सम्बन्धित थाने पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है। इसके पश्चात शिकायती प्रार्थना पत्र को अपने पहचान पत्र व मोबाइल बिल के साथ सीईआईआर पोर्टल की वेबसाइट (www.ceir.gov.in) पर जाकर गुम/चोरी हुये मोबाइल को ब्लाक करने के लिए अनुरोध वाले सेक्शन पर जाकर अपलोड करनी होती है। इससे मोबाइल पूरी तरह से ब्लाक कर दिया जाता है।

## अधिकारियों ने खनन कर रहे दो हाइड्रा किए

**सौरिख, कन्नौज।** क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे खनन को लेकर अधिकारी भी सतर्क हैं। मंगलवार की रात सटीक सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने अलग-अलग दो गांव में खनन कर रहे दो हाइड्रा पकड़े और उनको सीज कर दिया। वहीं खनन माफिया एक ट्रैक्टर ट्राली में भरी पीली मिट्टी लेकर मौके से फरार हो गया।

खेतों में मिट्टी खनन की सूचना पर पहुंचे खनन अधिकारी संदेश कुमार पटेल ने अपनी टीम के साथ सौरिख थाना क्षेत्र के गांव कुसका और मझगवां में मंगलवार की रात दो से तीन बजे के बीच छापा मार कर दो हाइड्रा को मौके से पकड़ लिये।

जानकारी पर चालक एक ट्रैक्टर ट्राली मौके से लेकर भाग निकला। दोनों हाइड्रा को कब्जे में लेकर सौरिख थाने खड़ा करवा कर सीज करने की कार्रवाई कर दी गई। वहीं मझगवा गांव के लोगों का कहना है कि कार्रवाई के समय एक खनन माफिया मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली लेकर फरार हो गया।

## खौलते दूध में गिरने से बच्चा घायल, भर्ती

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम मझपुर्वा निवासी मीडियाकर्मी मो. अफगन का पुत्र फुरकान (03) बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे लघुशंका करने जा रहा था। तभी असंतुलित होकर पास में रखे गर्म दूध के बर्तन पर गिर गया। इससे झुलसकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल बालक को नगर के निजी अस्पताल मे भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# चुनाव ड्यूटी से अनुपस्थित सात शिक्षकों का वेतन हुआ बहाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- स्पष्टीकरण मिलने के बाद जिला विकास अधिकारी ने जारी किया आदेश
- जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजा पत्र

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले सात शिक्षकों का स्पष्टीकरण मिलने के बाद वेतन बहाल कर दिया गया है। जिला विकास अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर वेतन बहाल करने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि लोकसभा चुनाव में ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया था।

जिला विकास अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि 12 मई को पोलिंग पार्टी प्रस्थान के समय डिकोटर स्लिप प्राप्त न करने वाले तथा डिकोटर प्राप्त कर पार्टी के साथ न जाने वाले कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश जारी करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को पत्र भेज दिया गया। इसके बाद कई शिक्षकों और कर्मचारियों ने स्पष्टीकरण दिया। इनमें छिबरामऊ ब्लाक की शिक्षिका प्रज्ञा दुबे तथा कंपोजिट विद्यालय लोहामढ़ अचानक बीमार पड़ गईं थीं। वहीं, डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा के प्रधान लिपिक मुनेश भूषण सिंह पोलिंग पार्टी रवानगी की व्यवस्था में लगाए गए थे तो कंपोजिट विद्यालय छिबरामऊ के इंचार्ज प्रधानाध्यापक शशिकांत शुक्ला के विद्यालय में बूथ बना था। कंपोजिट विद्यालय गदनापुर की सहायक अध्यापक सोनम पांडेय की डबल ड्यूटी लगी थी, उन्होंने कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र में ड्यूटी की थी। अशोक गंगवार इंटर कॉलेज ताहपुर के सहायक अध्यापक कुनेंद्र पाल सिंह व प्राथमिक विद्यालय नरायनपुरवा की सहायक अध्यापक संयोगिता यादव भी अचानक बीमार हो गईं थीं, इस कारण उन्हें चुनाव ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया था। इस तरह पूरे जिले में सात शिक्षकों के स्पष्टीकरण मिलने के बाद उनके वेतन बहाली का आदेश जारी कर दिया गया है और इसकी सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा को दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन शिक्षकों व कर्मचारियों के स्पष्टीकरण प्राप्त हो रहे हैं, उनकी जांच के बाद ही वेतन बहाली का आदेश जारी किया जा रहा है।


जिला विकास अधिकारी नरेंद्रदेव द्विवेदी।

तकनीक | 220 केवी विद्युत उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए बना संयंत्र

# मल्सीफायर सिस्टम दे रहा ट्रांसफार्मरों को 'संजीवनी'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


220 केवी विद्युत उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर में लगा मल्सीफायर सिस्टम।



मल्सीफायर सिस्टम का नियंत्रण कक्ष। अमृत विचार

- मौसम की मार से 65 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच रहा ट्रांसफार्मरों का तापमान

**अमृत विचार।** वातावरण की गर्मी से विद्युत उपकेंद्रों में लगे ट्रांसफार्मर जहां ओवरहीट हो रहे हैं, वहीं 220 केवी विद्युत उपकेंद्र में ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए आधुनिक मल्सीफायर सिस्टम लगाया गया है। यह ट्रांसफार्मर का तापमान बढ़ते ही स्वतः चालू हो जाता है और पानी की बौछार कर उसे ठंडा कर देता है। इस संयंत्र के माध्यम से ट्रांसफार्मर फुंकने से बच जाते हैं।

शहर के 132 केवी मकरंदनगर में करोड़ों रुपये कीमत के ट्रांसफार्मर लगे हैं, लेकिन इनको ठंडा करने के लिए मल्सीफायर सिस्टम नहीं लगाया गया है। ऐसे में जब वातावरण का तापमान जब 45 डिग्री तक पहुंच जाता है तो ट्रांसफार्मर आग उगलने लगते हैं और उनका तापमान 65 डिग्री तक पहुंच जाता है। ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए वॉटर कूलर लगाने पड़े और सबमर्सिबल से उनके रेडिएटरों पर पानी डालकर ठंडा किया जाता है। वहीं, 220 केवी विद्युत उपकेंद्र छिबरामऊ में सभी ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचाने के लिए अत्याधुनिक मल्सीफायर सिस्टम लगाया गया है, जो ट्रांसफार्मर के ओवरहीट होते ही स्वतः चालू हो जाता है और उसे ठंडा कर देता है। इतना ही नहीं, ट्रांसफार्मर के रेडिएटरों में मोटर भी लगी होती है तो तेल को ऊपर तक प्रवाहित करती है, जिससे ट्रांसफार्मर का तापमान सामान्य हो जाता है।

> करोड़ों रुपये कीमत के ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचाने के लिए मल्सीफायर सिस्टम लगाया गया है। इस तकनीक के माध्यम से मैन्युअल तरीके से ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने की आवश्यकता नहीं है। अभी यह योजना ट्रांसमिशन के लिए ही आई है।
>
> –दिग्विजय सिंह, उपखंड अधिकारी (ट्रांसमिशन)

### कैसे काम करता मल्सीफायर सिस्टम

- 220 केवी विद्युत उपकेंद्र के इंजीनियर सूर्यप्रताप सिंह चौहान ने बताया कि ट्रांसफार्मर में एक सेंसर लगाया गया है जो तापमान बढ़ते ही मल्सीफायर कंट्रोल यूनिट को सूचना देता है और मशीन अपने आप ही चालू हो जाती है। ट्रांसफार्मर के आसपास लगे नोजल से पानी की बौछार होने लगती है, जिससे कुछ ही देर में ट्रांसफार्मर ठंडा हो जाता है। इस दौरान आपूर्ति भी बाधित नहीं होती है। मल्सीफायर से निकला पानी भी बर्बाद नहीं होता है और टैंक में एकत्र होकर दोबारा काम में आ जाता है। मल्सीफायर चालू होने पर अलार्म भी बजता है।

# किसान-जवान देश के लिए महत्वपूर्ण

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज


संगठन के साथ मौजूद जिला अध्यक्ष राजा शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन किसान ने ग्राम खरौली में बुधवार को बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना और संगठन का विस्तार किया। जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने कहा कि देश के लिए किसान-जवान महत्वपूर्ण हैं।

पवन राजपूत प्रधान एवं गौरव राजपूत द्वारा आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष ने बुजुर्ग किसानों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए पहले किसानों का मजबूत होना और संगठित रहना जरूरी है। किसानों ने बिजली समस्या का दुखड़ा रोया। कहा कि अघोषित बिजली कटौती के कारण सिंचाई में असुविधा हो रही है। बैठक में मौजूद किसानों ने लाइनमैन और जेई के द्वारा अवैध रूप से धन उगाही करने का आरोप लगाया। कुछ किसानों ने खाद की कालाबाजारी को लेकर शिकायत की। कहा कि महंगे दाम में खाद बेची जा रही है, जिस पर प्रशासन और सरकार का कोई ध्यान नहीं है। इस पर जिलाध्यक्ष ने समस्या निस्तारण से जिम्मेदारों से बात करने की बात कही। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष ने संगठन का विस्तार करते हुए आशीष कुमार को जिला महासचिव युवा, पवन राजपूत प्रधान को तहसील महामंत्री, रामफल ब्लॉक मंत्री, हरिचंद ब्लॉक संगठन मंत्री, रंजीत सिंह ब्लॉक सचिव युवा, नरेन्द सिंह ब्लॉक महासचिव, सूरज सिंह ब्लॉक संगठन मंत्री, शिवनाथ कार्यकारिणी सदस्य के पद का दायित्व सौंपा। इसके अलावा आधा दर्जन किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष नवाजिश अंसारी, मण्डल प्रभारी आनंन्द राजपूत, मण्डल वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनू ठाकुर, मण्डल महासचिव राजकुमार दुबे, जिला प्रभारी गणेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष टिंकू शर्मा, जिला प्रमुख महासचिव राहुल प्रताप सिंह, जिला सचिव अनिल नायक, जिला महासचिव आनंन्द तिवारी, जिला सचिव ऋषि चौहान, दिनेश चतुर्वेदी, शांतनु यादव तहसील अध्यक्ष युवा, तरुण त्रिपाठी, दीवान कश्यप, श्यामबाबू कश्यप व तैयब अली सहित पदाधिकारी एवं सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

न विश्चसेदविश्चस्ते विश्चस्ते नातिविश्चसेत्।
विश्चासाद् भयमुत्पन्न मुलान्यपि निकृन्तति ॥

जो व्यक्ति भरोसे के लायक नहीं है ,उस पर तो भरोसा न ही करें ,लेकिन जो बहुत भरोसेमंद है, उस पर भी अंधे होकर भरोसा न करें , क्योंकि जब ऐसे लोग भरोसा तोड़ते हैं तो बड़ा अनर्थ होता है।

## संपादकीय

# घटता मत प्रतिशत

आम चुनाव 2024 समाप्ति की ओर हैं। केवल एक चरण का मतदान बाकी है। अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होगा और परिणाम 4 जून को आने हैं। जनादेश का विश्लेषण तो उसके बाद ही किया जा सकता है। परंतु चुनाव में देश भर में मतदाताओं की भागीदारी से पता चलता है कि 2019 और यहां तक कि 2014 की तुलना में चुनावों के मतदान में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। मतदाताओं की उदासीनता हमारी व्यवस्था में गहरी अस्वस्थता का लक्षण है। याद रखना चाहिए कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। इस बार चुनाव की बुनियादी चिंता यह रही कि शहरी मतदाता अपेक्षाकृत उदासीन रहा। उसने मतदान के प्रति दायित्व और मताधिकार के महत्व को कमतर आंका, नतीजतन मतदान के शुरुआती आंकड़े निराश करते रहे। लंबे समय तक मतदाताओं की उदासीनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही कमजोर कर सकती है। दरअसल मुंबई से लखनऊ तक का चुनाव शहरी उदासीनता का प्रतीक रहा है। बेशक यह झुलसाती, चिलचिलाती गर्मी और लू का मौसम है। कई जगहों पर 44-45 डिग्री तक तापमान रिकॉर्ड किया गया। गर्मी के कारण मतदान कम हुआ, यह तर्क गले नहीं उतरता। क्योंकि अक्सर आम चुनाव इन्हीं महीनों में कराए जाते रहे हैं। 2009 के आम चुनाव से पहले किए गए नवीनतम परिसीमन के बाद से इतनी बड़ी संख्या में सीटों पर मतदाताओं की भागीदारी में गिरावट अभूतपूर्व है। संख्याओं पर करीब से नजर डालने से पता चलता है कि 2014 में कुल मतदाताओं (18 वर्ष से अधिक आयु के योग्य मतदाता) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी, और 2019 और 2024 में मामूली वृद्धि हुई थी। लेकिन केवल 2024 में ही मतदान प्रतिशत में नाटकीय रूप से गिरावट आई।

पूर्व, उत्तर-पूर्व और दक्षिण में कई मतदाताओं ने आमतौर पर पश्चिम, मध्य और उत्तर भारत की तुलना में अधिक मतदान किया। फिर भी, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ अपवादों को छोड़कर, जहां मतदान प्रतिशत में 62.8 प्रतिशत से 65.7 और 68.8 प्रतिशत से 70.6 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, 2024 में राज्यों में मतदान में सामान्य गिरावट आई है। जबकि यह समय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का समय होता है। मतदाता की उदासीनता अन्याय और असमानता को जड़ जमाने के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करती है। मतदान न करना भी लोकतंत्र और संविधान की अवमानना है। लिहाजा चुनाव आयोग की ओर से आवश्यक मतदान के लिए कुछ तो प्रावधान किए जाने चाहिएं।

# ये कहां आ गए हम


प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। कहा जाता है कि उनके द्वारा संप्रेषित समाचारों का देवलोक में व्यापक असर होता था। यह बात अलग है कि देवर्षि नारद जी को आधुनिक युग के पत्रकारों के मानिंद संवाददाता के रूप में अपनी हैसियत का गुमान होने लगा था।

हिंदी भाषी पत्रकारों के लिए आज हिंदी पत्रकारिता के जनक जुगल किशोर सुकुल जी को श्रद्धा पूर्वक नमन करने और उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को याद करने का मौका है। साथ ही हिंदी पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र और उसूलों में आए सकारात्मक एवं नकारात्मक बदलावों का विवेचन का अवसर भी। यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। महाभारत काल में संजय ने पत्रकार की भूमिका निभाई। उन्होंने धृतराष्ट को महाभारत के युद्ध के मैदान का आंखों देखा हाल सुनाया था। रामायण काल में कूटनीतिक पत्रकारिता की शुरुआत हुई। उस दौर में मंथरा नामक एक पात्र ने यह भूमिका अदा की। मंथरा की कुटिलता ने भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के हर्षोल्लास के अवसर को शोकाकुल वातावरण में तबदील कर दिया। मंथरा के भड़काऊ सूचना के कारण भगवान श्री राम को वनवास हुआ और उनके विरह में राजा दसरथ जी को अपने प्राण त्यागने पड़े थे।

प्रारंभिक काल में संत, फ़क़ीर, भाट और चारण सूचनाओं के प्रसार में सहायक होते थे। प्राचीन काल में समाज की नब्ज टटोलने के लिए भारत में राजाओं द्वारा गुप्तचरों की नियुक्तियां की जाती थीं। मुगलकाल में महत्वपूर्ण नगरों में संवाद लेखकों की नियुक्तियां की जाती थी, इन्हें 'वाकया नवीस' कहा जाता था। वाकया नवीसों के मुखिया को 'वाकया निगार' कहते थे। उस दौर में एक जगह से दूसरी जगह खबरें पहुंचाने का काम हरकारे करते थे। अकबर के शासनकाल में समाचार संकलित करने वालों को 'खबर नवीस' और समाचार लेखकों को 'वाकया नवीस' कहा जाता था। समाचारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने वालों को 'क़ासिद' या 'हरकारा' कहते थे।

भारत में आधुनिक पत्रकारिता के जनक जेम्स ऑगस्टन हिकी थे। 29 जनवरी,1780 को जेम्स ऑगस्टन हिकी ने कोलकाता से 'बंगाल गजट' या 'कलकत्ता जर्नल एडवाइजर' नामक समाचार -पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया था। 'बंगाल गजट' भारत का पहला आधुनिक समाचार-पत्र था, जो



हिंदी पत्रकारिता दिवस

कि 'हिकीज गजट' के नाम से ख्यात हुआ। जेम्स ऑगस्टन हिकी ने भारत की भावी पत्रकारिता के न्यूनतम आदर्श तय कर दिए थे। उन्होंने निर्भीक पत्रकारिता की उम्दा मिशाल पेश की। सर्वशक्तिमान साम्राज्यवादी सत्ता की तीखी आलोचना से नहीं घबराए। भारतीय भाषाओं की पत्रकारिता के जनक थे- लाला राममोहन राय। उन्होंने 4 दिसंबर 1821 को बंगला साप्ताहिक 'संवाद कौमुदी' का प्रकाशन एवं संपादन प्रारंभ किया था। लाला राममोहन राय ने 12 अप्रैल, 1822 को 'मिरातुल अखबार' नाम से फ़ारसी भाषा का एक और अखबार का प्रकाशन शुरू किया था। 1923 में भारत में उर्दू का पहला अखबार निकला, जिसका नाम 'जामे-जहांनुमा' था। मुंशी सदासुखलाल इसके संपादक और हरिहर दत्त प्रकाशक थे। 30 मई, 1826 को जुगल किशोर सुकुल ने कलकत्ता से हिंदी साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन/ संपादन शुरू किया था। 1845 में बनारस से 'बनारस अखबार' प्रकाशित हुआ। गोविंद नाथ थत्ते इसके संपादक थे। 'बनारस अखबार' हिंदी प्रदेश से प्रकाशित होने वाला पहला हिंदी साप्ताहिक था। 1850 में 'सुधाकर' का प्रकाशन शुरू हुआ, यह हिंदी और बांग्ला दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता था। इसी वर्ष जुगल किशोर सुकुल ने 'सामदण्ड मार्तण्ड' नाम से एक और अखबार निकाला। यह अखबार भी अधिक दिन नहीं चला। 1854 में श्याम सुंदर सेन ने कलकत्ता से 'समाचार सुधावर्षण' नामक हिंदी और बांग्ला में द्विभाषी दैनिक समाचार-पत्र का प्रकाशन शुरू किया। यह हिंदी का पहला दैनिक अखबार था। 'समाचार सुधावर्षण' 1873 तक प्रकाशित हुआ था। संयोग की बात यह है कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत गैर हिंदी भाषी कलकत्ता से हुई। हिंदी भाषा का पहला दैनिक समाचार-पत्र भी कलकत्ता से ही प्रकाशित हुआ था। प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान 8 फ़रवरी, 1857 में अमीमुल्ला खां ने 'पयामे आजादी' नाम का समाचार - पत्र निकाला। यह भारत में देसी भाषा का पहला राजनीतिक समाचार-पत्र था। 1871 में अल्मोड़ा से 'अल्मोड़ा अखबार' का प्रकाशन शुरू हुआ। बुद्धिबल्लभ पंत इसके संपादक थे। 1900 में काशी से 'सरस्वती' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। 1903 में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादक का दायित्व संभाला। 'सरस्वती' ने सही अर्थों में आधुनिक पत्रकारिता को जन्म दिया। जब मराठा दैनिक 'केसरी' के संपादक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसको लेकर रहेंगे' के उदघोष द्वारा राजनीतिक जड़ता को तोड़कर भारतीय जनमानस को झकझोर रहे थे, ठीक उसी दौर में गणेश शंकर विद्यार्थी के संपादन में नवंबर, 1913 में कानपुर से 'प्रताप' का उदय हुआ।


स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में पत्रकारिता को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। 1907 में 'जू उन करनीन' नामक एक अखबार में संपादक की तलाश में छपे विज्ञापन के द्वारा स्वाधीनता संग्राम के दौर की पत्रकारिता के खतरों और पत्रकारों के संघर्ष, त्याग, तपश्चर्या एवं देश और देशवासियों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को बखूबी समझा जा सकता है। शांति भूषण भटनागर इलाहाबाद से 'स्वराज' नामक साप्ताहिक अखबार निकालते थे। उन्हें 'स्वराज' के लिए एक संपादक की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने 'जू उन करनीन' में एक विज्ञापन साया करवाया। जिसका मज़मून इस प्रकार था:- 'एक जौं की रोटी और एक प्याला पानी, यह तनख़्वाह है,जिस पर 'स्वराज' इलाहाबाद के वास्ते एक एडिटर मतलूब है।' आजादी करीब चार दशक के बाद वैश्वीकरण और बाजारवाद का नया दौर शुरू हुआ। इससे पहले जन संचार माध्यम शिक्षा, सूचना और ज्ञान के महत्वपूर्ण माध्यम थे। पत्रकारिता का पहला और अंतिम लक्ष्य बृहत्तर समाज का हित था। संचार माध्यमों को समाज की गतिविधियों का दर्पण माना जाता था। पत्रकार, सामाजिक मूल्यों का नियामक की भूमिका में थे। पत्रकारिता को सनातन विपक्ष और समाज का सशक्त प्रवक्ता माना जाता था। सामाजिक समरसता, समानता, सद्भाव, बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावनाओं का प्रसार कर समाज में वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार करना पत्रकारिता का पेशेवराना धर्म माना जाता था। जन संचार माध्यम आम जनता की आवाज थे।

1990 के दशक में शुरू हुए वैश्वीकरण और उसके बाद आई नई संचार क्रांति ने टेलीविजन को असीमित विस्तार दिया। न्यूज चैनलों की भरमार हो गई। टीवी ने एक नई किस्म की पत्रकारिता को जन्म दिया। टीवी पत्रकारिता ने पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र को बदल दिया है। पत्रकारिता समाजोन्मुखी से बाजारोन्मुखी हो गई। मिशन, प्रोफेशन हो गया। भाषा की मर्यादाएं भी टूट गईं। सामाजिक उत्तरदायित्वों से विमुख बाजारवाद और वैश्वीकरण के दौर की इस संवेदनहीन पत्रकारिता ने इस पेशे की विश्वसनीयता को जबरदस्त आघात पहुंचाया है। मौजूदा दौर की पत्रकारिता के मूल्य, सरोकार, पक्षधरता और वैचारिक एवं पेशेवराना निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आज सूचनाओं का चौतरफा अंबार लगा हुआ है लेकिन इन सूचनाओं में से सत्य तथ्यों को खोजना मुश्किल होता चला जा रहा है। सूचनाओं का प्रवाह स्वार्थपरक एवं एकपक्षीय है। आधुनिक जन संचार माध्यमों से जनहित के मुद्दे नदारत होते जा रहे हैं। टीआरपी की होड़ में पत्रकारिता के आदर्शों को तिलांजलि देने की अघोषित प्रतिस्पर्धा चल रही है।

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र और जनपक्षधर प्रेस के प्रबल पैरोकार थे। पंडित नेहरू ने कहा था-'मैं दबी हुई और नियंत्रित प्रेस की तुलना में स्वतंत्रता के दुरुपयोग के तमाम खतरों के बावजूद स्वतंत्र प्रेस ही देखना चाहूंगा।' छायावादी युग की प्रमुख स्तंभ कवयित्री महादेवी वर्मा जी ने पत्रकारों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा था:- 'पत्रकारिता एक रचनाशील विधा है। इसके बगैर समाज को बदलना असंभव है। अतः पत्रकारों को अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना चाहिए। क्योंकि उन्हीं के पैरों के छालों से इतिहास लिखा जाएगा।' भविष्य में जब कभी इस दौर की पत्रकारिता और पत्रकारों की भूमिका का इतिहास लिखा जाएगा, वह निश्चित ही कवियत्री महादेवी वर्मा की अपेक्षाओं के बिल्कुल उलट होगा।

## प्रसंगवश

# चुनावी अतिश्योक्तियां


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमारे नेतागण भी खूब साहित्यकार हैं। वे पिंगलशास्त्र का सम्यक ज्ञान भले ही न रखते हों किंतु चुनावी सभाओं में अलंकारिक भाषा जरूर प्रयोग करते हैं। उनके प्रयुक्त अलंकारों में भ्रम, संदेह, विरोधाभास और अतिश्योक्ति प्रमुख होते हैं। यहां हम अतिश्योक्ति अलंकार की ही बात करते हैं। इसका प्रयोग तो वे 'गप' की सीमा तक करते हैं। अब देखिए प्रधानमंत्री ने पटियाला की एक रैली में कहा है कि यदि 1971 के बांग्लादेश वाले युद्ध के समय वे पीएम होते, तो आत्म समर्पण करने वाले 93000 युद्धबंदियों को तब देते जब सिख तीर्थ करतारपुर साहब, जो पाकिस्तान में है, को वापस न ले लेते। बताते चलें कि पंजाब की तेरह सीटों का चुनाव 1 जून को होना है। अतः सिख भाइयों को खुश करने को एक डायलाग ही तो मारना है, तो मार दो। वैसे प्रधानमंत्री क्या यह नहीं जानते कि युद्ध बंदियों के बारे में 'जेनेवा कनवेंशन' एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जो हर देश को मानना होता है। यह 1949 में अपडेट किया गया था। इसके अंतर्गत युद्ध समाप्त हो जाने पर सामान्यतया बंदी छोड़े ही जाते हैं और जब तक वे बंदी रहते हैं तब तक सही भोजन, चिकित्सा, रखरखाव और उचित सम्मान भी सुनिश्चित करना होता है। तो क्या तत्कालीन सरकार 93000 शत्रुओं की अनिश्चित काल तक खातिर करती और इस तरह देश की आर्थिकी का भट्टा बैठालती! कोई जरूरी था कि पाकिस्तान सरकार करतारपुर वापसी की बात मान लेती? क्या बांग्लादेश युद्ध करतारपुर साहब की वजह से हुआ था? प्रधानमंत्री को पाकिस्तान के दो टुकड़े करने के इंदिरा गांधी की इस बड़ी उपलब्धि की प्रशंसा में भी दो शब्द बोलने चाहिए थे। कुछ बड़े भाजपाई नेता इधर पाक अधिकृत कश्मीर को मोदी के अगले कार्यकाल में लेने की गर्वोक्तयां कर रहे हैं। हालांकि वे यह नहीं बताते कि इन बीते दस सालों में इसे क्यों नहीं ले लिया? इसी तरह करतारपुर साहब को सर्जिकल स्टाइक की तर्ज पर अब तक अपने देश में क्यों नहीं मिला लिया? दस साल तो काफी होते हैं? क्या ये अतिरंजित और लोक लुभावन हवा हवाई, अव्यावहारिक बाते केवल अगले पांच साल का जनादेश पाने के लिए की जा रही हैं?

# जहर होता जीवनदायी जल


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं।

गर्मी में पानी धरती के लिए प्राण है लेकिन यदि जल दूषित हो तो यह प्राण हर भी सकता है। हमारे विकास के बड़े बड़े दावे कहीं जल जैसी मूलभूत सुविधा के सामने या कर ठिठक जाते हैं। बहुत सी सरकारी योजनाएं हर घर स्वच्छ जल के वायदे करती रही हैं लेकिन आपूर्ति पर केंद्रित ये योजनाएं हर समय सुरक्षित जल-स्रोत विकसित करने में असफल ही रही हैं।

कितना दुखद है कि पांच साल पहले राजधानी के करीबी पश्चिम उत्तर प्रदेश के सात जिलों में पीने के पानी से कैंसर से मौत का मसला जब गरमाया तो एनजीटी में प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इसका कारण हैंडपंप का पानी पाया गया। अक्तूबर 2016 में ही एनजीटी ने नदी के किनारे के हजारों हैंडपंप बंद कर गांवों में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था का आदेश दिए थे। कुछ हैंडपंप तो बंद भी हुए, कुछ पर लाल निशान की औपचारिकता हुई लेकिन सुरक्षित जल का विकल्प ना मिलने से मजबूर ग्रामीण वही जहर पी रहे हैं।

अतीत में झांकें तो केंद्र सरकार की कई योजनाएं, दावे और नारे फाईलों में तैरते मिलेंगे, जिनमें भारत के हर एक नागरिक को सुरक्षित पर्याप्त जल मुहैया करवाने के सपने थे। इन पर अरबों खर्च भी हुए लेकिन आज भी कोई करीब 3.77 करोड़ लोग हर साल दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमार पड़ते हैं। लगभग 15 लाख बच्चे दस्त से अकाल मौत मरते हैं। अंदाजा है कि पीने के पानी के कारण बीमार होने वालों से 7.3 करोड़ कार्य-दिवस बर्बाद होते हैं। इन सबसे भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 39 अरब रूपए का नुकसान होता है।

हर घर जल की केंद्र की योजना इस बात में तो सफल रही है कि गांव-गांव में हर घर तक पाईप बिछ गए, लेकिन आज भी इन पाईपों में आने वाला 75 प्रतिषत जल भूजल है। गौरतलब है कि ग्रामीण भारत की 85 फीसदी आबादी अपनी पानी की जरूरतों के लिए भूजल पर निर्भर है। एक तो भूजल का स्तर लगातार गहराई में जा रहा है, दूसरा भूजल एक ऐसा संसाधन है जो यदि दूषित हो जाए तो उसका निदान बहुत कठिन होता है। यह संसद में बताया गया है कि करीब 6.6 करोड़ लोग अत्यधिक फ्लोराइड वाले पानी के घातक नतीजों से जूझ रहे हैं, इन्हें दांत खराब होने, हाथ पैरे टेड़े होने जैसे रोग झेलने पड़ रहे हैं। जबकि करीब एक करोड़ लोग अत्यधिक आर्सेनिक वाले पानी के शिकार हैं। कई जगहों पर पानी में लोहे (आयरन) की ज्यादा मात्रा भी बड़ी परेशानी का सबब है।

नेशनल सैंपल सर्वे आफिस(एनएसएसओ) की 76वीं रिपोर्ट बताती है कि देश में 82 करोड़ लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक पानी मिल नहीं पा रहा है। देश के महज 21.4 फीसदी लोगों को ही घर तक सुरक्षित जल उपलब्ध है। सबसे दुखद है कि नदी-तालाब जैसे भूतल जल का 70 प्रतिशत बुरी तरह प्रदूशित है। यह सरकार स्वीकार रही है कि 78 फीसदी ग्रामीण और 59 प्रतिषत शहरी घरों तक स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हैं। यह भी विडंबना है कि अब तक हर एक को पानी पहुंचाने की परियोजनाओं पर 89,956 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद, सरकार परियोजना के लाभों को प्राप्त करने में विफल रही है। आज लगभग 19,000 गांव ऐसे भी हैं जहां साफ पीने के पानी का कोई नियमित साधन नहीं है। पूरी दुनिया में, खासकर विकासशील देशों जलजनित रोग एक बड़ी चुनौती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ का अनुमान है कि अकेले भारत में हर रोज 3000 से अधिक लोग दूषित पानी से उपजने वाली बीमारियों का शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं। गंदा पानी पीने से दस्त और आंत्रशोथ, पेट में दर्द और ऐंठन, टाइफाइड, हैज़ा, हेपेटाइटिस जैसे रोग अनजाने में शरीर में घर बना लेते हैं।

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं। देश के 639 में से 158 जिलों के कई हिस्सों में भूजल खारा हो चुका है और उनमें प्रदूषण का स्तर सरकारी सुरक्षा मानकों को पार कर गया है। हमारे देश में ग्रामीण इलाकों में रहने वाले तकरीब 6.3 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी तक मयस्सर नहीं है। इसके कारण हैजा, मलेरिया, डेंगू, ट्रेकोमा जैसी बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण के मामले भी बढ़ रहे हैं। देश के पेय जल से जहर के प्रभाव को शुन्य करने के लिए जरूरी है कि पानी के लिए भूजल पर निर्भरता कम हो और नदी-तालाब आदि सतही जल में गंदगी मिलने से रोका जाए।

## सोशल फोरम

# मानव जीवन की बेहतरी का मूल्य


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला।

इतिहास में कोई भी घटित विच्छिन्न और स्वतंत्र इकाई नहीं होता। उसके पीछे क्रिया-प्रतिक्रिया की एक लंबी और प्रायः अगोचर श्रृंखला अंधेरे में अपना जाल बुनती रहती है। व्यक्तिगत की तरह सामूहिक जीवन भी अतियों के साथ दूर तक निभा नहीं पाता। लेकिन हर अति में एक त्वरा, एक चमक होती है जो आंखों में ऐसी धुंध भर देती है कि वे समय के पार देखने में अक्षम हो जाती हैं। ब्रिटेन में दीर्घकालीन गृहयुद्ध (1642-1651), जिस दौरान राजा चार्ल्स-प्रथम का सर काटा गया (30 जनवरी 1649), के बाद ही जनतंत्र अपनी जड़ें जमाने में सफल हुआ। किंतु राजतंत्र पर उसकी अंतिम विजय और पूर्ण प्रतिष्ठा महिमामय क्रांति (गौरवशाली क्रांति 1688) के बाद ही संभव हुई।

अमेरिका में अश्वेतों को ग़ुलामी से मुक्ति उत्तरी तथा दक्षिणी राज्यों के बीच एक लंबे, संहारक गृहयुद्ध (1861-65) के बाद ही मिल सकी, जिसके अंतिम दौर में मानवतावादी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को स्वयं की आहुति देनी पड़ी (14 अप्रैल 1865)। यूरोप प्रथम विश्वयुद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका से गुज़रने के बाद ही मुक्त आकाश में सांस ले सका।

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला। इतिहास में हर बेहतरी अपना मूल्य वसूलती रही है। उसके सामने भारत में वर्तमान की चपड़चूं कुछ नहीं है। विश्वास कीजिए, 4 जून को जो भी होगा, हमारी बेहतरी की ओर ही ले जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

# जोश परिस्थितिजन्य होता है


प्रमोद जौशी
वरिष्ठ पत्रकार

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है।

गुरुवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस है। 198 साल हो गए। पहली नजर में मुझे लगता है कि हिंदी पत्रकार के मन में अपने कर्म के प्रति जोश कम है। पर यह मैं अपने नजरिए से सोचता हूं। गहराई से विचार करने पर यह भी समझ में आता है कि युवा पत्रकार के जोश में कमी नहीं है, उसके हालात में फर्क हैं। जोश परिस्थितिजन्य होता है। व्यावसायिक-दृष्टि से उसके सामने अस्थिरता और असुरक्षा है। उसे न तो बौद्धिक-संरक्षण प्राप्त है और न आर्थिक-सुरक्षा। समय और तकनीक के साथ चीजें बदल रहीं हैं। पर जिस वजह से पत्रकारिता का कर्म विकसित हुआ वे खत्म नहीं हुईं हैं। पाठक को जानकारी देने और विचार-विनिमय को बढ़ाने की जरूरत आज, पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है। पत्रकारिता और लोकतंत्र का विकास, साथ-साथ हुआ है।

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है। सूचनाओं का भंडार भी काफी बड़ा हो गया है। एक दौर था जब सूचनाएं नहीं थीं। आज इतनी हैं कि वे शोर की शक्ल ले रही हैं। फिर भी अफवाहें हैं। इसका मतलब है कि पत्रकारिता अपनी जिम्मेदारी पूरी करने में पूरी तरह कामयाब नहीं है। मैं उसे नाकामयाब भी नहीं कहूंगा, क्योंकि जो जानकारी और विचार उपलब्ध हैं वे इसी मीडिया से निकले हैं। आज शोर के बीच संयत और वस्तुनिष्ठ सूचना-विचार की जरूरत है। यह ज्यादा बड़ी चुनौती है। जीवन में चुनौतियां हमेशा बनी रहेंगी। हमें चुनौतियों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

# बाबा साहब के धम्म दीक्षा गुरु चंद्रमणि




सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

बौद्ध अनुयायी कुशीनगर के भिक्षु चंद्रमणि स्थविर को बाबा साहेब के धम्म दीक्षा गुरु के रूप में जानते हैं। 14 अक्टूबर 1956 को जब डॉ.आंबेडकर हिंदू धर्म को त्याग बुद्ध की शरण में गए तब के वयोवृद्ध बौद्ध भिक्षु चंद्रमणि से ही आंबेडकर धम्म दीक्षा ली थी, भिक्खू चंद्रमणि स्थविर का जन्म ज्येष्ठ माह की छठी को 25 मई 1876 को पौ पड़ ग्वाड़ गांव वर्मा में वैशाख पूर्णिमा के छठे दिन हुआ था। इसीलिए उनकी जयंती वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के छठे दिन मनाई जाती है। पिता ऊ चौमो माता अवाथ थीं। जिन्होंने अपने बालक का नाम सावाउं रखा था। चाचा भिक्खू चंदिमा के पास अध्ययन हेतु चले गए। उन्होंने 1888 में श्रामफेर की दीक्षा ली परम्परानुसार श्रामनेर चंदा रखा गया।

श्रीलंका के अनारगिक धम्मपाल अपने भिक्खू साथियों के साथ 1891 में भारत आए थे औऱ ऐतिहासिक बौद्ध स्थलों की यात्राएं कीं। पवित्र स्थलों की दुर्दशा देखकर बहुत दुखी हुए। अधिकतर बौद्ध स्थल ब्राह्मण पुरोहितों के कब्जे में थे। तब उन्होंने बौद्ध भिक्खुओं की कमी दूर करने को भारत के पवित्र बौद्ध स्थलों की दुर्दशा का मार्मिक उल्लेख करते हुए पड़ोसी बौद्ध देशों के भिक्खु संगठनों से अपने देश के युवा साहसी औऱ कर्मठ भिक्खुओं को भारत भेजने का आह्वान किया। अनारगिक धम्मपाल की पुकार पर बर्मा के महान भिक्खू ऊ चंदिमा महास्थविर ने तीन श्रामनेर चंदा, सुरिय, औऱ सदाऊ को अध्ययन औऱ बौद्ध धम्म के पुनरोत्थान तथा प्रसार हेतु भारत भेजा। इस तरह सदाऊ भारत आए। श्रामनेर चंदा को जानकारी मिली कुशीनगर में 1876 में तथागत गौतम बुद्ध की निर्वाण की मुद्रा में एक विशाल प्रतिमा खोजी गई थी।

गौतम बुद्ध की महापरिनिर्वाण वाली मुद्रा की प्रतिमा ब्राहमणों के चंगुल से न निकलते देख भिक्खू चन्द्रमणि अकेले ही इंग्लैंड के अधिकारियों से मिलने 1904 में सभी प्रमाणपत्र लेकर इंग्लैंड जा पहुंचे औऱ संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर भगवान बुद्ध की प्राचीन प्रतिमा पर बौद्ध अनुयायियों के एक मात्र अधिकार को प्रमाणित कर उक्त प्रतिमा बौद्धों के अधिकार देने के पक्ष आदेश जारी कराकर वापिस लौटे। आज भी वह प्रतिमा कुशीनगर के विहार में लोगों के दर्शनार्थ सरंक्षित है। चंद्रमणि स्थविर ने जनता में बौद्ध धम्म के साथ शिक्षा के प्रचार व प्रसार में बहुत योगदान दिया उन्होंने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण स्तूप, मठाकुवर मंदिर, सीमा बुद्ध मंदिर, श्रावस्ती में वर्मी बुद्ध बिहार, लुम्बिनी में बुद्ध विहार, सारनाथ में वर्मी धर्मशाला अनेक बौद्ध स्थल के साथ, स्कूल व जनसुविधाओं के लिए निर्माण कराए आयुर्वेद चिकित्सा व ज्योतिष के जानकार लोगों को निशुल्क सेवा करते रहे।

इतना बड़ा इतिहास समेटे महास्थविर चंद्रमणि को अपने आपको चमकाने की इच्छा नहीं थी। बरेली में डेलापीर गुरुजी मार्बल वाली गली में एक बहुत बड़ा बुद्ध विहार का निर्माण हुआ है, जिसका नाम आपके ही नाम से चंद्रमणि बुद्ध विहार है। इनके नामकरण में इनसे ही जुड़ी एक कड़ी है बुद्ध विहार के पहले भंते व संस्थापक 1972 में दीपांकर जी थे, जो कि भंते ज्ञानेश्वर जी के सानिध्य में रहे ज्ञानेश्वर ने चंद्रमणि के साथ लोककल्याण व बौद्ध पथ में काम किया था। बरेली के चंद्रमणि बौद्ध विहार बहुत विशाल भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने के लिए बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है, जो कि भारत मे दूसरे नंबर बनने जा रही है। अभी चंद्रमणि बुद्ध विहार के अध्यक्ष जागन सिंह राकेश औऱ उनके साथी जगनलाल भारती, डॉ.जीपी प्रेमी, ओमप्रकाश बौद्ध, मास्टर हरपाल, नेतराम सागर, दीनदयाल गौतम बुद्ध विहार के निर्माण में जुटे हैं।

# पहाड़ों पर बढ़ रहा दबाव


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह-तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है।

ज्यों ज्यों मैदानों में आसमान से आग बरसनी शुरू हुई है और तापमान बढ़ रहा है पर्यटकों की संख्या पर उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। समुचित व्यवस्था न होने और स्थान की कमी से दुश्वारियां भी बढ़ रही है, ट्रैफिक समस्या से तमाम व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी है। पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है। शायद इस विषय में लोग सोच ही नहीं रहे। ज्यादा पर्यटकों से पहाड़ों के होटल मालिक और व्यापारी तो गदगद है क्योंकि यही सीजन उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला होता है, लेकिन सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त होने से स्थानीय लोग परेशानी उठाने को मजबूर दिख रहे हैं। यह कहना गलत न होगा कि शायद पहाड़ इसके लिए तैयार नहीं है। मैदानी इलाकों के मुकाबले पहाड़ों का इको सिस्टम नाजुक होने की वजह से सालाना बढ़ती पर्यटकों की आमद के बहुत दुष्परिणाम वर्तमान में दिखने लगे हैं। यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि निकट भविष्य में यह समस्या विकराल रूप लेने की ओर बढ़ रही है जिसका समाधान समय रहते निकालना बहुत जरूरी है।

वीकेंड पर पहुंचने वाले पर्यटकों से मुख्य सड़कों पर भयकर जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। लंबे लंबे जाम से घंटो लाइन में पर्यटक फसे रहते हैं यह सिलसिला जारी है। इससे ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। यह भी एक गंभीर समस्या है जो लगातार बढ़ रही हैं। क्या समस्या का कोई हल समय रहते निकल सकेगा।

# बिजली न आने से आक्रोशित ग्रामीणों ने की नारेबाजी

## 15 दिनों से फुंका पड़ा है ट्रांसफार्मर, ग्राम अड्डा ज्ञान सिंह में भीषण गर्मी से लोग हुए बेहाल

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** कस्बा लखना के समीपवर्ती ग्राम अड्डा ज्ञान सिंह में 15 दिन से विद्युत ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। विद्युत विभाग ने इतने दिनों बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला है, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परेशान ग्रामीणों ने नहर पुल पर एकत्रित होकर बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

ग्राम पंचायत महिपालपुर के मजरा अड्डा ज्ञान सिंह के वाशिंदों ने बताया कि भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान आसमान छू रहा है। पेयजल आपूर्ति के लिए लोग परेशान हैं। इसके बावजूद भी गांव का 15 दिन से फुंका पड़ा ट्रान्सफार्मर बदला नहीं गया है और न ही किसी राजनैतिक दल के जनप्रतिनिध ने इसकी कोई पहल की।

इस भीषण गर्मी से परेशान ग्रामीणों राकेश बाबू, पिंटू, महेश बाबू, भगवानदास, रघुवीर सिंह, धनीराम, रामनाथ, श्यामलाल, सुनील कुमार, अजय कुमार, रामप्रकाश, रामदुलारे व इनके घरों की महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने भोगनीपुर नहर पुल पर खड़े होकर सरकार व विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी भी की।



नहर पुल पर नारेबाजी करते बिजली उपभोक्ता। अमृत विचार

### ओवरलोडिंग से बिजली आपूर्ति में पड़ रहा है व्यवधान

**बकेवर, इटावा।** कस्बा लखना में भीषण गर्मी में चल रही विद्युत मशीनों पर ओवरलोडिंग की समस्या के चलते आपूर्ति सुचारू रूप से उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही है। एसडीओ बकेवर ने लाइनमैन व मीटर रीडर टीम के साथ ईट भट्ठों व आटा चक्कियों सहित कस्बा के मुहल्लों में सघन अभियान चलाकर बकायेदारों से 2 लाख 50 हजार रुपये वसूले। बुधवार की सुबह से ही उपखंड अधिकारी बकेवर भूप सिंह, लाइनमैन प्रेम कुशवाहा, सुरेश पांडेय, पप्पू पाल, रामबीर, इन्द्रेश गुप्ता, महेन्द्र, मीटर रीडर विपिन शुक्ला, रविन्द्र तिवारी सहित अन्य लोगों के साथ चकरनगर रोड पुराना नहर पुल पार विद्युत चोरों को पकड़ने के लिए सघन अभियान चलाया। साथ ही कटिया न डालने की हिदायत भी दी गई। एसी, कूलर लगाये हुए हैं तो लोड को बढ़वाने का काम करें, अन्यथा चेकिंग में पकड़े जाने पर जुर्माना व लोड बढाया जाएगा। विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। इस भीषण गर्मी में जरुरतमंद चीजों का ही उपयोग करें। बीते एक सप्ताह से रात में लोगों को बिजली कटौती होने व ट्रिपिंग होने से दिक्कत हो रही है। यह अभियान लगातार दिन व रात के समय चलता रहेगा।

### ट्रांसफार्मरों पर लगाये गये कूलर

**इटावा।** पिछले दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था भी बदहाल है स्थिति यह है कि बिजली की सप्लाई करने वाले ट्रांसफार्मर को भी ठंडा रखने मुश्किल का काम हो गया है। इसके चलते ट्रांसफार्मर के आसपास कूलर लगाए गए है ताकि यह ट्रांसफार्मर ठंडे रहें। जिससे बिजली सप्लाई चलती रही। फाल्टों से परेशान विभाग में ट्रांसफार्मर को दुरुस्त रखने के लिए यह तरीका निकाला है हालांकि इस बीच बुधवार को भी शहर में कई स्थानों पर फाल्ट के कारण बिजली आती जाती रही। आरडीएसएस योजना के तहत सुधार के कार्य को लेकर आधा दर्जन मोहल्लों की बिजली 8 घंटे तक के लिए पहले ही बंद कर दी गई थी। इसके अलावा अन्य मोहल्ले में भी पूरे दिन में कई बार फाल्ट हुए जिसके कारण बिजली सप्लाई बाधित रही। घटिया अजमत अली, जटपुरा, छैराहा, रामलीला रोड, पचराहा, फ्रेंड्स कॉलोनी, आवास विकास कॉलोनी, सिविल लाइन, न्यू कॉलोनी, कटरा सेवाकली, कटरा साहब खां में दिन में कई बार फाल्ट हुए जिसके कारण बिजली चली गई। दोपहर को 46 डिग्री तापमान में भी कर्मचारी मरम्मत के काम में जुटे रहे ताकि बिजली सप्लाई की होती रहे। इधर जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है बिजली की डिमांड भी बढ़ती चली जा रही है शहरी क्षेत्र में बिजली विभाग के 10 सब स्टेशन हैं इन 10 सब स्टेशनों पर भी क्षमता से डेढ़ गुना लोड है जिसके कारण बिजली सप्लाई लगातार चलते रहने में कठिनाई आती है।



विद्युत सब स्टेशन पर कूलर लगवाते विद्युत अधिकारी। अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर पर पानी डाल कर किया गया ठंडा

**चकरनगर, इटावा।** बीहड़ी गांव बहादुरघार सब स्टेशन पर कूलर की तो कोई व्यवस्था नहीं हो सकी तो एस एस ओ अंशुल ने ट्रान्सफार्मर पर चढ़कर सबमर्सिबल से पानी डालकर ठंडा करने का काम किया। जिससे इस सब स्टेशन से जुड़े गांवों को आपूर्ति निबार्ध मिलती रहे।

## डाक अधीक्षक से 60 हजार रुपये ठगे

**इटावा।** प्रधान डाकघर में तैनात डाक अधीक्षक को साइबर ठगों ने अपने जाल में फंसाकर व्हाट्सएप कॉल पर पुत्र को रेप केस में पकड़े जाने की बात कहकर उनसे साठ हजार रुपया ट्रांसफर्र करा लिए। बाद में जब उन्हें असलियत के बारे में पता चला कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गए है तो उन्होने इसकी जानकारी पुलिस के अधिकारियों को दी। पुलिस ने साइबर थाने में उनका मामला दर्ज किया है।

डाक अधीक्षक चंद्र शेखर बरूआ ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। व्हाट्सएप पर किसी पुलिस अधिकारी की फोटो लगी थी। उसने बताया कि वह सीबीआई इंस्पेक्टर बोल रहा है। उसने बताया कि उसका पुत्र अपने साथियों के साथ एक लडकी के रेप व हत्या के मामले में पकड़ा गया है। उसने डाक अधीक्षक का उनके पुत्र से भी बात कराई। इस पर वह सकते में आ गए। कॉल करने वाले ने पुत्र को छोड़े जाने के बदले साठ हजार रूपयों की मांग की। वह बात सुनकर वह हड़बड़ा गए और उन्होने बीस बीस हजार रूपया तीन बार में कॉल करने वाले के बताए नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। रुपया भेजने के बाद जब डाक अधीक्षक ने अपने पुत्र से बात की तो उसने बताया कि वह घर पर है। उसके बाद उन्हें साइबर ठगी होने की बात पता चली। इस पर उन्होने पुलिस अधिकरियों ने मिल शिकायत की।

## सार-संक्षेप



पारस रत्न से सम्मानित संजीव कुमार यादव, रामजी शर्मा एवं अन्य। अमृत विचार

### पांच शिक्षकों को मिला उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान

**इटावा।** बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत जिले के पांच शिक्षकों को पारस रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। पारस एजुकेशनल सोसाइटी ने इटावा के पांच शिक्षकों को सम्मानित किया। इनमें अंतर्जनपदीय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री, जिलाध्यक्ष संजीव कुमार यादव प्राथमिक विद्यालय भगवानपुरा जसवंतनगर, रामजी शर्मा प्राथमिक विद्यालय नगला मके, ताखा, दाऊदयाल वर्मा कंपोजिट विद्यालय नगला नया जसवन्तनगर, सुनीता यादव गौरैया संरक्षक पूर्व माध्यमिक विद्यालय खरदूली, सैफई, अनुराधा दोहरे प्राथमिक विद्यालय नगरिया बुजुर्ग, महेवा को पारस रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया। अर्बन कोपरेटिव बैंक मुख्यालय बरेली के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, महापौर डॉ उमेश गौतम और पारस एजुकेशनल सोसाइटी के प्रतिपाल सिंह बंटी ठाकुर ने इन शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महापौर डॉक्टर उमेश गौतम, डॉ रवि शरण सिंह चौहान, बंटी ठाकुर, डॉ विमल भारद्वाज, गुलशन आनंद, इंजीनियर एके सिंह, अर्चना सिंह, राजपाल, पल्लवी शर्मा, जाकिर हुसैन, प्रमोद रघुवंशी मौजूद रहे।

### लायंस क्लब 3 से 8 जून तक लगाएगा निःशुल्क आई कैंप

**इटावा।** लायंस क्लब इटावा राहतपुर स्थित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में 3 जून से 8 जून तक नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कैंप लगाएगा। जिसमें दवाएं और चश्मे भी मरीजों को नि:शुल्क दिए जाएंगे। श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि लाइंस क्लब इटावा की सचिव परिधि वर्मा द्वारा प्रेषित पत्र में उन्हें सूचित किया गया है कि क्लब ने जनहित में फ्री आई चेकअप कैंप का आयोजन किया है। जिसमें 3 जून से 8 जून के बीच अस्पताल आने वाले सभी मरीजों के लिए ओपीडी बिलकुल फ्री रहेगी। जिसकी व्यवस्था लाइंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन के सहयोग से की जा रही है। जिसमें हमारे अस्पताल के कुशल नेत्र चिकित्सकों द्वारा लोगों की आंखों का चिकित्सीय परीक्षण कर उचित उपचार का परामर्श तथा दवाएं व चश्मे भी निशुल्क दिए जाएंगे। इस निशुल्क नेत्र जांच, परामर्श एवं चश्मा वितरण शिविर के संयोजक लॉयन अतुल भार्गव द्वारा संपर्क कर व्यवस्था संबंधी सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

### बाइक की टक्कर से युवक हुआ जख्मी

**भरथना।** थाना भरथना के समीप बाइक पर सवार चार युवकों ने सड़क किनारे पैदल घर जा रहे शदाब खान निवासी काशीराम कालोनी को टक्कर मार दी। बाइक सवार चारों युवक मौके पर अपनी बाइक छोड़ कर भाग गए। घायल को होश आने पर बताया कि वह सड़क किनारे पैदल पैदल अपने घर जा रहा था। दुर्घटना को अंजाम देकर चारों युवक बाइक मौके पर छोड़ कर भाग जाने में सफल हो गए हैं। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर बाइक पर सवार चारो युवकों की तलाश शुरू करदी है।

### युवक ने विषाक्त पदार्थ खाकर दी जान

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा बल सिंह में किसी बात से नाराज होकर एक युवक ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिवार के लोगों को इसकी जानकारी हुई। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उक्त मोहल्ला निवासी अभिषेक कुमार 20 वर्ष पुत्र आनंद ने किसी बात से नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिवार के लोगों को इसकी जानकारी हुई। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**जसवंतनगर।** फिरोजाबाद के थाना नगलाखंगर के गांव नगला नन्दे के रहने वाला युवक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। आशुतोष शर्मा के 25वर्षीय पुत्र सोनू शर्मा अपनी बहन की ससुराल गांव नगलातौर जा रहा था। जैसे ही वह बलरई से नगला तौर सड़क मार्ग पर जैसे ही पुलिया वाले बाबा के थान से गुजर रहा था। अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। उपनिरीक्षक संजय कुमार यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।



विजेता टीम को पुरस्कृत करते मनोज त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार

### सुपर किंग को हरा कर सिटी स्पोर्ट्स बना विजेता

**इटावा।** क्षेत्र के गांव चितभवन में चल रहे किक्रेट टूर्नामेंट में फाइनल मैच सिटी स्पोर्ट टीम व चितभवन सुपर किंग के बीच खेला गया। सिटी स्पोर्टस की टीम ने जानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चितभवन सुपर किंग की टीम को 11 रन से हराकर फाइनल मुकाबाला जीत लिया। चितभवन में चल रहे किक्रेट टूर्नामेंट के अंतर्गत मंगलवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच सिटी स्पोर्टस टीम व चितभवन सुपर किंग के बीच खेला गया। सिटी स्पार्टस टीम के खिलाड़ियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए चितभवन सुपर किंग की टीम को 11 रनों से पराजित कर दिया। विजेता टीम को चितभवन के पूर्व प्रधान मनोज त्रिपाठी उर्फ मंजू व नावली के प्रधान यतेंद्र कुशवाहा के द्वारा विजेता टीम को 21 हजार रुपया का इनाम व ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी के सदस्य अरमान नौशाद गिरजा अभिषेक शीलू कमल छोटे गणेश राम कुमार के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### ढाई माह से गायब दो चचेरी बहनें बरामद

**इटावा।** बकेवर थाना के एक गांव से अचानक घर से गायब हुई दो चचेरी बहनों को पुलिस ने खोज निकाला। दोनों बहनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि 16 फरवरी को एक गांव से चचेरी बहने अपने घर से अचानक लापता हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी थी। उन्होंने लड़कियों की बरामदगी के लिए तीन टीमों का गठन किया था। गठित पुलिस टीमों द्वारा इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्यों को एकत्रित किया एवं ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद में लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से अथक प्रयास करते हुये बालिकाओं को बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि हम दोनों अपने माता-पिता से किसी कहासुनी से नाराज होकर अपने घर से चले गये थे। हमें घर से बाहर जाकर अपने माता-पिता की अहमियत का पता चला।

### कठिन परिस्थितियों से निपटना सिखाती है एनसीसी

**बकेवर।** 4 यूपी बटालियन एनसीसी इटावा के तत्वावधान में बकेवर के जनता इंटर कालेज में चल रहे एनसीसी कैडेट्स के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सफलता पूर्वक समापन हो गया। एनसीसी सीओ एसएन सिंह ने कहा कि एनसीसी करने से देश सेवा समाज सेवा का भाव रहता है। हमारा कैडेट एक प्रशिक्षित जवान युवा है। जरूरत पड़ने पर हर स्थिति से निपटने को तैयार रहता है। प्राचार्य डॉ. आरके त्रिपाठी और जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिमेष वर्मा ने कहा कि यह शिविर युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा है। निश्चित ही यहां से सीखकर हर एनसीसी कैडेट आगे जीवन में तरक्की करेगा। जनता डिग्री कॉलेज के छात्र नेता आदित्य मोहन शर्मा ने अपने एनसीसी समय के काफी पुराने अनुभव बताये। उन्होंने कहा कि एनसीसी छात्रों को कठिन परिस्थितियों से निपटना सिखाती है। सीओ एसएन सिंह, साहब सिंह ने आदित्य मोहन शर्मा को जएनसीसी विभाग की तरफ से प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कैंप में जिले के 602 एनसीसी छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एनसीसी सीओ एसएन सिंह, एसएम साहब सिंह, प्राचार्य डॉ. राजेश त्रिपाठी, अनिमेष वर्मा, सूबेदार नेक सिंह, गुरमीत, सतनाम, देवेंद्र सिंह, होमगार्ड भूपेंद्र, देवेंद्र प्रताप, हवलदार कोरम सिंह, कई कॉलेज यूनिट के एएनओ, पीआई स्टाफ जन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में व्यापारी नेता सहित चार लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थाना पर हुए सड़क हादसों में व्यापारी नेता सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहली घटना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मिश्री टोला में हुई। जहां स्कूटी से अपने घर जा रहे व्यापारी नेता को ई रिक्शा ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गए। उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अनंम अग्रवाल अपने स्कूटी से घर जा रहे तभी मिश्री टोला के पास तेजी से आ रही बिना लाइट के ई रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के महेरा चुंगी के पास हुई जहां तेजी से आ रही रोडवेज की बस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे उसमें सवार पति पत्नी घायल हो गए। अड्डा श्याम लाल निवासी संजीव कुमार अपनी पत्नी नीलम के साथ दवा लेने के आए थे। दवा लेने के बाद वह ई रिक्शा से वापस घर लौट रहे थे तभी महेरा चुंगी के पास रोडवेज की बस ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई रिक्शा पलट गया जिससे संजीव व नीलम घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इसके अलावा भरथना में थाने के समाने पैदल जा रहे असद निवासी अनवर गंज को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गया। उसे भी उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

# नौतपा में सड़कों पर कर्फ्यू जैसा माहौल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 46 डिग्री पर पहुंचा जिले का तापमान

**अमृत विचार।** नौतपा में शुरू हुई भीषण गर्मी में बुधवार को लगातार पांचवें दिन भी तापमान 46 डिग्री पर टिका रहा। इस गर्मी के कारण स्थिति यह रही कि दोपहर को सड़कों पर कर्फ्यु जैसा माहौल रहा। इसके चलते दोपहर को घरों से निकलना मुश्किल है। बुधवार को भी ऐसा लगता रहा जैसा आसमान से आग बरस रही है। हालांकि बुधवार को सुबह 6 बजे के करीब आसमान में बादल छाए थे लेकिन यह स्थिति ज्यादा देर तक नहीं रह सकी।

अभी नौतपा के चार दिन बाकी हैं और आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है यह गर्मी ऐसे ही फिलहाल जारी रहेगी। स्थिति यह है कि इन दिनो नौतपा चल रहे हैं जिनमें सूर्य की किरणें



सीधी पृथ्वी पर पड़ रहीं हैं। गर्मी की यह स्थिति लोगों को खासा परेशान कर रही है।

गर्मी के कारण दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है हालांकि पिछले दिनों से स्कूलों में छुट्टियां हो जाने के कारण बच्चे इस भीषण गर्मी से बचे हुए हैं लेकिन कार्यालय खुले हैं और कर्मचारियों को इसी भीषण गर्मी के बीच कामकाज करना पड़ रहा है। अब तो सुबह 8 बजे से ही तापमान बढ़ने लगता है और दोपहर 12 से लेकर शाम 5 बजे तक तो सड़क पर निकलना मुश्किल हो रहा है।

ऐसा माना जा रहा है कि इस पूरे सप्ताह गर्मी के तेवर ऐसे ही बने रहेंगे। गर्मी के कारण रोजमर्रा का कामकाज भी बाधित हो गया है। लोग बेहद जरुरी काम ना होने पर घरों से नहीं निकले।

### ब्लाक का वाटर कूलर दे रहा है गर्म पानी

**लखना, इटावा।** महेवा ब्लाक में लगा वाटर कूलर पिछले कई दिनों से खराब पड़ा है इस कारण ब्लाक आने वाले लोगों को गरम पानी ही पीना पड़ रहा है। बीडीओ कार्यालय के ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर लगा है। वह वाटर कूलर पिछले कई दिनों से खराब होने के कारण लोगों को ठंडे पानी की जगह गरम पानी ही पीना पड़ रहा है। वाटर कूलर खराब होने ब्लॉक परिसर में कहीं कोई शीतल पानी पीने को नहीं मिल रहा है। एडीओ पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया से बताया कि वाटरकूलर को जल्द सही करा दिया जाएगा।




ब्लाक महेवा में लगा वाटर कूलर।

# कुंड में नहा रहे किशोर की हुई मौत

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- प्रसाद सामग्री नहर में पलटने के कारण हुआ हादसा

**अमृत विचार।** बलरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत खारजा झाल में ट्रैक्टर ट्राली में भर कर लाये भागवत कथा की प्रसाद सामग्री खारजा झाल कुंड में पलटते समय कुंड में नहा रहे दस वर्षीय बालक की मौत हो गई।

बलरई थाना क्षेत्र के जाखन गांव के रहने वाले रामबाबू का 10 वर्षीय पुत्र आशीष निचली गंग नहर की खारजा झाल शाखा के 8 वें कुंड में नहा रहा था। पीहरपुर गांव से एक व्यक्ति का ट्रैक्टर के साथ आया जिसमें भागवत में बने प्रसाद के बचे हुए मालपुआ, जवारे व मूर्ति को ड्राइवर ने खारजा झाल के कुंड में पलट दिया। इस कारण कुंड में नहा रहे पांच किशोरों के साथ आशीष उसके नीचे दब गया। पानी में डूबने के कारण दम घुटने से आशीष की मौत हो गई। यह जानकारी वहां नहा रहे अन्य किशोरों ने दी है।

### बोले जिम्मेदार

बलरई थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि तीन नामजद के साथ तीन अज्ञात के खिलाफ ट्रैक्टर ट्रॉली से मालपुआ व जवारे पलटने के कारण आशीष की दब कर मौत हो जाने की तहरीर दी गई है। जांच कर तहरीर के आधार पर कार्रवाई करेंगे। अभी शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मौत को दावत देकर कुंड में नहा रहे युवा व बच्चे

यहां हर रोज सैकड़ों युवा 50 फ़ीट ऊंची दीवार से नीचे कूद कर कुंड में गिरकर नहाते हैं। गर्मियों में बीहड़ी क्षेत्र के ब्रह्माणी देवी मंदिर के समीप निचली गंग नहर से निकली खारजा झाल शाखा में बने आठवें कुंड पर काफी दूर दूर से युवा यहां नहाने आते हैं जो किसी दिन फिर बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। अगर समय रहते इस पर क्षेत्रीय थाना पुलिस ने रोक नहीं लगाई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

## घर के बाहर सो रहे युवक से की मारपीट

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के गांव वीरमपुरा में बीती रात घर के बाहर सो रहे एक युवक के साथ दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। गांव निवासी सुधीर घर के बाहर सो रहा था।

रात्रि दो बजे नगला अर्जुन निवासी रविशंकर, हरिशंकर शाक्य पुत्रगण श्रीकृष्ण के साथ दो अज्ञात लोग आये, जो शराब के नशे में थे। बिना कारण गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो एक राय होकर मारपीट करने लगे। गांव में शोर शराब हुआ तो आरोपी भाग गये। तहरीर के आधारा पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मृत युवक की हुई शिनाख्त

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** कस्बे के पास हाईवे के ओवरब्रिज के निकट रविवार को बेहोशी की अवस्था में मिले युवक की जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई थी। बुधवार को युवक की शिनाख्त ताखा निवासी गजेंद्र पुत्र पंचम सिंह के रूप में की गई है।

बकेवर हाइवे पर ओवर ब्रिज के पास दो दिन पूर्व एक युवक बेहोशी की हालत में पडा मिला था। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। सोशल मीडिया के जरिए उसकी जानकारी मृतक की बहिन सुमन देवी पत्नी राजेश कुमार निवासी ग्राम ककरैया थाना बकेवर को मिली। तो वह मोर्चरी पहुंची और उसने शव की शिनाख्त अपने भाई गजेंद्र के रूप में की। सुमन देवी ने बताया कि उसका भाई गजेंद्र इकदिल कस्वा स्थित राजपूत एग्रो की दुकान के पास एक किराये पर कमरा लेकर पिछले 6वर्ष से रह रहा था। मृतक गजेंद्र मजदूरी करता था अभी उसकी शादी नही हुई थी। उसके माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी है जब कि एक भाई मध्य प्रदेश के भोपाल शहर में मजदूरी करता है। पोस्ट मार्टम के बाद पुलिस ने उसके शव को बहिन को सौंप दिया।



बैठक में भाग लेते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

# शहीद स्मारकों की रंगाई पुताई का प्रस्ताव पारित

**इटावा।** कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बंधु की बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनी गईं।

जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया ने पूर्व सैनिकों की सामूहिक समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल हयातउल्ला की लगन और कर्मठ प्रयासों के कारण हर महीने समस्याओं को निस्तारण कराने का मौका मिलता है। प्रशासन के समक्ष जिले की सभी शहीद स्मारकों को रंगाई पुताई कराने का प्रस्ताव रखा। जिस पर प्रशासन ने उसे पूरा करने का भरोसा दिलाया। कर्नल हयात उल्ला ने बताया कि कुछ केस ऐसे हैं जिन पर बहुत समय लग रहा है। अगर समय से सुनवाई नहीं हुई तो सीधे मुख्यमंत्री पोर्टल पर रिपोर्ट की जाएगी। इस मीटिंग में कर्नल हयात उल्ला, जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया, कैप्टन सुरेश सिंह, कैप्टन राज कुमार, कैप्टन अनिल अवस्थी, कैप्टन शैलेन्द्र सिंह, राधा रमन, हर पाल सिंह, राकेश यादव, सीपी सिंह, उपेंद्र सिंह, भगवानदास 'प्रशांत' शिव शंकर सेंगर, उदय प्रताप सिंह, सोहन लाल, विश्राम सिंह, सर्वेश सिंह, अजय आदि मौजूद रहे।

मनाई जयंती | अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दी श्रद्धांजलि

# वीर सावरकर का जीवन हिंदुत्व के लिए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने महान क्रांतिकारी वीर सावरकर की जन्म जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि दी। उनके विचारों को याद किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केकेपीजी कालेज इटावा में अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो पदमा त्रिपाठी ने चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

उन्होंने वीर सावरकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि देशप्रेम का जज्बा उन्हें पारवारिक पृष्ठभूमि से प्राप्त हुआ था। देश की आजादी के लिये छोटी उम्र में ही मित्र मेला का गठन किया था। ये लाला लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक व विपिनचन्द्र से प्रभावित थे। सावरकरजी को ब्रिटिश शासन में दो बार आजीवन कारावास अर्थात पचास वर्ष की सजा हुई थी। अण्डमान निकोबार की सेलुलर जेल में इनको बहुत अधिक यातनाएं दीं गईं। विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेयी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही उन्होंने अपने आप को देश सेवा के लिए तैयार कर लिया था। वे जीवन पर्यन्त हिन्दू, हिन्दी व हिन्दुस्तान के लिए काम करते रहे। इनके हिन्दुत्व में तार्किकवाद, यथार्थवाद, मानवतावाद, सार्वभौमिता, व्यवहारवाद के तत्व थे। पूर्व कार्यकर्ता आशीष बाथम ने बताया कि आज के छात्रों को इनके जीवन का एवं उनके द्वारा लिखी पुस्तकों का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अक्षय चौहान, जिला संयोजक प्रखर शुक्ला, तहसील प्रमुख जगमोहन शुक्ला, अमित सिखरवार, अभिषेक पाल, डॉ श्वेता दुवे, उज्ज्वल दुवे, आदित्य सिंह, श्रीराम बप्पा, शिवम शाक्य उपस्थित रहे।



वीर सावरकर को श्रद्धांजलि देतीं प्रो. पदमा त्रिपाठी। अमृत विचार

## हाईकोर्ट में वाद, फिर भी कब्जे का प्रयास

**इटावा।** खेत में चक परिवर्तन का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन होने के बावजूद एक पक्ष ने खेत पर कब्जा करने को ट्रैक्टर से लेवलिंग शुरू कर दी। पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत की जिसमें चकबंदी अधिकारी को भी आरोपित किया। थाना चौबिया क्षेत्र में गांव बनी हरदू में रहने वाली प्रतिभा पत्नी सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि चकबंदी के दौरान नंबरों का मिलाकर एक खेत बनाकर दिया गया। जिसमें काफी अर्से से अनवरत फसल करवा रही हूं। इसके बावजूद विपक्षी ने चक परिवर्तन का मामला दायर कर दिया जो अब प्रयागराज उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद विपक्षी ने चकबंदी अधिकारी की शह पर खेत पर कब्जा करने की नीयत से लेवलिंग करना शुरू कर दिया। करीं चौकी प्रभारी से शिकायत की तो उन्होंने मौके पर जाकर विपक्षी से काम बंद करवाया।

# मतगणना पंडाल में नहीं बजेंगे मोबाइल

## अनियमितता व लापरवाही बरतने पर होगी कठोर कार्रवाई : डीएम, चार जून को होनी है मतगणना

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन की 04 जून को संपन्न होने वाली मतगणना को निष्पक्षता के साथ पारदर्शिता पूर्वक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को भली-भांति समझ लें जिससे मतगणना के दौरान की जाने वाली बारीक से बारीक गतिविधियों को सुगमता से करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन कर मतगणना कार्य को संपन्न कराए। उक्त बातें जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बैठक के दौरान कहीं।



प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते डीएम, सीडीओ और एडीएम। अमृत विचार

डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने उपरोक्त निर्देश आगामी 04 जून को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना को निष्पक्ष शांतिपूर्वक पारदर्शिता के साथ समय से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान मतगणना कार्मिकों को दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में मतगणना का महत्वपूर्ण कार्य है इसलिए इसमें किसी के द्वारा किसी प्रकार की कोई शिथिलता न बरती जाए जिससे किसी के द्वारा कोई आपत्ति प्रकट की जा सके। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान यदि किसी के द्वारा कोई आपत्ति या विरोध प्रकट किया जाता है तो आप अपने को उत्तेजित न करें और शालीनता के साथ उसका समाधान करते हुए कार्य को पूर्ण करें। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मतगणना में की जाने वाली गतिविधियों को पूरी एकाग्रता के साथ समझ लें और यदि कोई शंका हो तो इसके संबंध में पुनः जानकारी प्राप्त कर लें, जिससे मतगणना के दौरान किसी प्रकार की कोई दुविधा उत्पन्न न हो और मतगणना जैसा महत्वपूर्ण कार्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निष्पक्षता के साथ पारदर्शिता पूर्वक शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि इसमें अपनी - अपनी जिम्मेदारी को भली-भांति समझ लें जिससे कोई समस्या उत्पन्न न होने पाये और मतगणना कार्य टीम भावना के साथ बिना किसी व्यवधान के सम्पन्न हो सके।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि मतगणना कार्य में यदि किसी के द्वारा कोई अनियमितता या लापरवाही बरती जाएगी तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित होगी। एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने सभी संबंधित को निर्देश दिए कि वह अपना परिचय पत्र और ड्यूटी आदेश लेकर अवश्य आएं। उन्होंने विभिन्न प्रपत्रों एवं सी यू तथा वी वी पैंट के संबंध मे की जाने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतगणना पंडाल में मोबाइल फोन पूर्णतः वर्जित होगा इसलिए कोई भी कार्मिक ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन लेकर न आए। प्रशिक्षण के दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, ,जिला विकास अधिकारी करुणा पति मिश्र, मतगणना ड्यूटी में तैनात मतगणना कर्मी आदि मौजूद रहे।

# जेठ के प्रथम मंगल पर आरती कर किया कन्या भोज

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के नेविलगंज में श्री राम बाग मंदिर मे लगातार दो वर्षो से हो रहे कार्यक्रम को पूर्ण होने पर हनुमान की आरती कर कन्या भोज का कार्यक्रम किया गया। शास्त्रों के अनुसार जेठ माह के पहले मंगलवार को हनुमान जी का मिलन अपने आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से हुआ था। इसी उपलक्ष्य पर मंगलवार का विशेष महत्व है। धार्मिक मत है कि हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। साथ ही जीवन में व्याप्त दुख और क्लेश भी दूर हो जाते हैं।

हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर समिति द्वारा मंगलवार को कन्या भोज व आरती का कार्यक्रम किया गया, जिसमें भारी संख्याओं में महिलाओं में भाग लिया।

मंदिर के पुजारी श्री राम लखन दास ने बताया की 2 वर्ष लगातार कार्यक्रम करने के बाद इस वर्ष भी कन्या भोज कराया गया यह पर्व ज्येष्ठ माह के हर मंगलवार को मनाया जाता है।

# चिकित्सक से मारपीट पर तीन वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, औरैया



● आठ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति) अधिनियम अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने नौ वर्ष पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दिबियापुर में सेवारत चिकित्साधिकारी के साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोपी को तीन वर्ष के कठोर कारावास व 8 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

मामले की अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे एडीजीसी चन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि वादी डॉ. अशोक कुमार (चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दिबियापुर) ने थाना दिबियापुर में रिपोर्ट लिखाई थी। वादी में लिखा कि वह 29 मई 2015 की सुबह 10:35 बजे अस्पताल में ड्यूटी कर रहा था तभी आरोपी गोपाल शंकर ने उसके साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश (एससी एसटी एक्ट) के समक्ष चला तथा बुधवार को इसका निर्णय सुनाया गया। कोर्ट के अभियोजन की ओर से ए.डी. जी.सी. चंद्र भूषण तिवारी ने कहा कि अस्पताल में घुसकर चिकित्सक से मारपीट करना गम्भीर अपराध है। अतः कठोर दण्ड देना चाहिए। वहीं बचाव पक्ष ने उन्हें निर्दोष बताया। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद कोर्ट ने एससीएसटी एक्ट के आरोप से आरोपी को दोष मुक्त कर दिया। लेकिन उसे सरकारी कार्य में बाधा डालने व मारपीट, व धमकी का दोषी माना और अपर जिला जज अखिलेश्वर प्रसाद ने ने दोषी गोपाल शंकर को तीन वर्ष का कारावास व आठ हजार रूपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

# अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे गिरा कंटेनर

संवाददाता ऐरवाकटरा औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरैन कस्बा में निकले आगरा लखनऊ हाईवे पर लखनऊ से फिरोजाबाद जा रहा कंटेनर आज सुबह कट नंबर 138 km पर चालक को झपकी आने पर अनियंत्रित होकर रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिर गया। दुर्घटना होने पर चालक फरमान पुत्र महबूब निवासी इमृतपुर थाना कुण्डरीकी जिला मुरादाबाद गंभीर रूप से घायल हो गया और परिचालक सोहिल को मामूली खरोंच आई।

सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष संत प्रकाश पटेल ने चालक फरमान को ट्रक से बाहर निकालकर मिनी पीजीआई सैफई भिजवाया।


क्षतिग्रस्त पड़ा कंटेनर।

● चालक को झपकी आने पर हुआ हादसा

घटना की सूचना चालक के घर पर फोन द्वारा भेज दी गई है। इतनी ऊंचाई से ट्रक नीचे आकर पलट गया लेकिन कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अछल्दा।** बिधूना रोड़ पर मंगलवार शाम एक बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों व परिजनों ने इलाज के लिए उसे सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया।




बताया जाता है कि प्रदीप कुमार मंगलवार की शाम बाइक से बिधूना की तरफ से अपने गांव तेजपुर अड्डा आ रहा था,तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों से सीएचसी अछल्दा में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों से सैफई रेफर कर दिया।

# दंबगों ने नाबालिग छात्र से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** आधा दर्जन दंबगों ने रंगदारी न देने पर एक नाबालिग छात्र को दिनदहाड़े बीच सड़क लात, घूसों व डंडों से मारपीट कर घयल कर दिया। इतना ही नहीं लोगों मे अपनी दहशत और डर बनाने के लिए उस मारपीट का वीडियो बनाया और अपने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डाल दिया। हालां कि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर अभी तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही है।

यह वीडियो दिबियापुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव का है जहां कुछ दबंग एक नाबालिग छात्र को पीटते नजर आ रहे हैं सबसे बड़ी बात तो यह है कि मारपीट का वीडियो खुद ही दबंगों ने वायरल किया। यह पूरी घटना 18 मई की बताई जा रही है।


मारपीट करते युवक। अमृत विचार

पीड़ित दीपू यादव ने अपने साथ हुई है।18 मई शाम करीब 6 बजे मैं जब रामगढ़ गांव में था, तभी कुछ लोग एकजुट होकर आए जिसमे कुछ लोगों को तो मैं पहचानता था, कुछ लोगों को नहीं। यह सभी मुझसे खर्चा मांगने लगे,जब इस बात को

● वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया पोस्ट, तीन आरोपी गिरफ्तार किये गये

लेकर मैंने मना किया तो सभी ने मेरे साथ मारपीट कर दी और वीडियो भी बनाया। जिसको इन लोगों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वायरल भी कर दिया। पीड़ित ने कहा कि की मेरे साथ हुई इस घटना की जब उसी दिन पुलिस में शिकायत दर्ज कराई तो दिबियापुर पुलिस ने मेरी शिकायत दर्ज नहीं लिया। जिसके बाद उन लोगों के हौंसले बुलंद हैं। सोशल मीडिया पर जब इस वीडियो के वायरल होने और कार्रवाई न करने की बात उच्चधिकारियों तक पहुंची तो तत्काल पीड़ित का मामला दर्ज किया गया और तीन आरोपियों को हिरासत मे लिया गया।

## सार-संक्षेप


नहर में नहाते बच्चे। अमृत विचार

### गर्मी से निजात पाने को युवाओं और बच्चों ने नहर में की उछल कूद

**कंचौसी, औरैया।** भीषण गर्मी और आग उगलता सूरज से जिले का पारा सामान्य से ऊपर 45 से 47 डिग्री तक पहुंच रहा है, जिससे आम जनमानस के साथ ही जीव जंतु और पालतू जानवर भी गर्मी और लू से परेशान हैं। ऐसे में गर्मी से बचाव के लिए लोग सभी तरह का जतन कर रहे हैं। गर्मी से बचाव के लिए नहर में पानी पहुंचते ही कस्बा के बच्चे और युवाओं ने पानी में अटखेलिया कर खूब लुत्फ उठाया। कस्बा से निकली निचली राम गंगा नहर में कई दिनों बाद पानी छोड़े जाने पर भीषण गर्मी से जूझ रहे बच्चों और युवाओं को उस समय राहत मिली जब बच्चे और युवाओं ने नहर के पानी में उछल कूद कर जम कर नहाया। बच्चों और युवाओं का कहना हैं कि भीषण गर्मी में नहर के खुले पानी में नहाने का मजा ही अलग है। नहर में नहाने से गर्मी से काफी राहत मिल सकी है। उधर नहर और उससे जुड़े बंबा में पानी पहुंचने से तमाम जीव जंतु और पालतू पशुओं को भी पेयजल उपलब्ध हो गया है। लेकिन क्षेत्र के तमाम गांवों में तालाब अभी सूखे पड़े हैं, जिससे लोग परेशान हैं। जबकि हर साल गर्मियों में जिला प्रशासन द्वारा तालाब में पानी भरवाने के निर्देश दिए जाते हैं। जिसपर जिम्मेदार ही पानी फेर रहे हैं।



वॉटर पार्क जाते बच्चे। अमृत विचार

### विद्यार्थियों को ब्लू वर्ल्ड वॉटर पार्क की कराई सैर

**औरैया।** शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के- 12 स्कूल औरैया के विद्यार्थियों को 28 मई को ब्लू वर्ल्ड वॉटर पार्क में एक आनंदमय यात्रा कराई गई। इस यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण कराने में विद्यालय के अध्यक्ष अनिल हाडा जी सचिव व प्रबंधक देवेन्द्र गुप्ता सहित प्रधानाचार्या डॉ . मीनाक्षी नरुला का पूर्ण योगदान रहा। बच्चों ने गर्मी से राहत व रोमांचकारी यात्रा का आनंद लिया । छात्रों ने विभिन्न प्रकार की रोमांचकारी जल सवारी, तरंग पूल इत्यादि का आनंद उठाया। यात्रा से सभी को न केवल गर्मी से राहत पाने में मदद की, बल्कि छात्रों के बीच सौहार्द्र और टीम भावना को भी प्रोत्साहित किया। सैर-सपाटा की यह यात्रा बेहद सफल रही, जिससे छात्रों को यादगार यादें मिलीं और उन्हें अपनी दिनचर्या से ताज़गी भरा अवकाश बिताने का अवसर मिला।

# नालियों की सफाई न होने से सड़क पर भर गया गंदा पानी

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** विकास खंड के ग्राम रामपुर वैश्य में नालियों की सफाई न होने से रात में घर बाहर के सड़क पर नाली का गंदा पानी भर गया जिससे गांव वालों को पैदल निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आशाराम दोहरे के मकान से रमेश के घर तक नालियों की कई महीनों से सफाई नहीं हुई है ,जिससे सड़क में नाली का गंदा पानी भर गया है । करीब एक दर्जन मकानों के घर के बाहर नाली का गंदा पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान से नाली की सफाई के लिए कहा गया लेकिन प्रधान के सफाई कर्मी नाली साफ करने के लिए नही आते जिससे सड़कों पर गन्दा पानी भर गया।

वहीं खण्ड विकास अधिकारी राम दुलार से जब संपर्क करने का प्रयास किया गया तो इन्होंने फोन ही नहीं उठाया।


नाली के गंदे पानी से निकलता बच्चा। अमृत विचार

### क्या बोले ग्रामीण



सत्येंद्र सिंह ने कहा कि कई महीनों से नाली की साफ सफाई नही हुई है। जलभराव की समस्या पिछले तीन दिन से बनी हुई जिससे ग्रामीणों में भय बना हुआ है कि ऐसी भीषण गर्मी में कोई बीमारी दस्तक न दे दे।



गजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधान भागवत कहने में समय ज्यादा देते हैं और गांव के विकास कार्यों पर कोई ध्यान नही देते हैं। जिससे ये नारकीय स्थिति बनी हुई है। लोग गली में भरे गंदे पानी में घुसकर निकलने को मजबूर हैं।

# भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही होता है पापों का नाश

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के समाधान पुरवा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू हो गई। बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन से पहले बड़ी धूम धड़ाके के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भक्तों ने सिर पर कलश रखकर बैंड बाजे की धुन पर झूमते हुए कलश यात्रा निकाली।

जहां सीएनजी पंप के पास बंबे से कलश में जल भरकर उसके बाद वापस कलश यात्रा भागवत पंडाल में पहुंचे। जहां भागवत आचार्य अर्पण द्विवेदी ने परीक्षित सोनी राजपूत एवं मोहित राजपूत को भागवत कथा की महिमा को बताया। पहले दिन श्रीमद् भागवत कथा का रसपान अपने श्रोताओं को इंसान के जीवन में श्रीमद्भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया गया। कथा का आगाज उन्होंने ठाकुर जी की वंदना के साथ किया। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा को सुनने मात्र से इंसान को मोक्ष की


कलश यात्रा निकालते भागवत प्रेमी।

प्राप्ति हो जाती है। उन्होंने कहा कि 'महा' का अर्थ महान, 'भा' का अर्थ ज्ञान व 'रत' का अर्थ शास्त्र है। यह एक ग्रंथ है, जिसमें इंसान के जीवन की सच्चाई छुपी है। इसके उपरांत उन्होंने परीक्षित प्रसंग सुनाया। इस मौके पर आयोजक मोहित राजपूत, जितेंद्र राजपूत, विमलेश राजपूत, ग्राम प्रधान सुदेश राजपूत सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे। कथा का समापन 4 जून को पूर्ण आहुति और भंडारे के साथ किया जाएगा।

# अज्ञात कारणों से जंगल मे खड़े मूंझ में लगी आग

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के औरैया रोड पर एक गांव में देर रात अज्ञात कारणों से जंगल मे खड़े मूझ (एक तरह की बड़ी बड़ी घास) में आग लग गई। दमकल की दो गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

थाना क्षेत्र के औरैया रोड स्थित शेरपुर सरैया गांव के पास जंगल मे खड़े मूझ में बुधवार की बीती रात्रि किन्हीं अज्ञात कारणों से आग लग गई,देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल विभाग को सूचना दी। जिसके बाद घटना स्थल पर दमकल की दो गाड़ियां पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

फफूंद थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों की मदद से आग बुझवा दी गई थी। किसी भी तरह के जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

**चंबल क्रिकेट लीग-3** दूसरे राउंड के खेले जा रहे हैं मैच, जीतू और अंकित चौहान बने मैन आफ द मैच

# बहाराय का पुरा और भिटौरा ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 के दूसरे राउंड में निनावली और बहाराय का पुरा और निनावली टीमों के बीच मुकाबला हुआ। निनावली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बहाराय का पुरा ने निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान से 99 रन बनाए। बहाराय का पुरा के खिलाड़ी राहुल ने 2 छक्का और 2 चौका सहित 21 रन का योगदान दिया। वहीं निनावली टीम 11.5 ओवर में 92 रन बनाकर आल आउट हो गई। निनावली के खिलाड़ी दीपू ने 4 छक्का व 1 चौका सहित 39 रन बनाने के बावजूद भी अपने टीम को जीत नहीं दिला सके। बहाराय का पुरा खिलाड़ी जीतू ने नाबाद रहकर 1 छक्का 1 चौका सहित 15 रन बनाने के साथ 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे।


अंकित को मैन आफ द मैच की ट्राफी देते महेंद्र सिंह परिहार। अमृत विचार

चंबल क्रिकेट लीग सीजन 3 के बारहवें दिन उस्मान सैफी और चंबल परिवार से जुड़े वीरेंद्र सिंह सेंगर अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

वहीं दूसरे मैच में चौरेला और भिटौरा की टीमों के बीच भिड़ंत हुई। भिटौरा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी चौरेला टीम 11.1 ओवर में 55 रन पर ही सिमट गई। चौरेला टीम के खिलाड़ी पंकज सिंह ने 2 चौका लगाकर 11 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी भिटौरा टीम 9 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाकर जीत दर्ज कर सकी। भिटौरा खिलाड़ी ध्रुव ने 18 रन का योगदान दिया। भिटौरा के खिलाड़ी अंकित चैहान 4 विकेट लेकर मैन आफ द मैच रहे। मैन ऑफ द मैच ट्राफी महेंद्र सिंह परिहार के हाथों से प्रदान की गई।

# फिर दूधिया रोशनी से जगमगाएगा फफूंद चौराहा

**ककोर,औरैया।** औद्योगिक नगर दिबियापुर के फफूंद चौराहे पर लगभग तीन माह से खराब पड़ी हाईमास्क लाइट दोबारा से लगा दी गई है। जिससे एक बार फिर चौराहा दूधिया रोशनी से जगमगाता नजर आएगा । यहां अंधेरा रहने के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की समस्या बनी रहती थी। चारों ओर से आने जाने वाले लोग अंधेरे में एक दूसरे से टकरा जाते थे और कई बार तो लोगों में आपस में मारपीट भी हो जाती थी। दिबियापुर का यह चौराहा सबसे व्यस्ततम चौराहा है। यहां से तिर्वा, बेला,कन्नौज, स्टेशन थाना औरैया जिला मुख्यालय तथा अजीतमल बाबरपुर के लिए आवागमन होता है। इसी मार्ग से। गेल पाता तथा एनटीपीसी का भी आवागमन जारी रहता है।

# रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** रेलवे फाटक के पास स्थित परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन कथावाचक आचार्य महेश चंद्र पांडे ने उद्धव चरित्र, महा रासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया।

कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। प्रभु श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए प्रभु ने महा रास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के


कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

पास पहुंच गईं। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महा रास रचाया था। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया वही संजय पोरवाल, पंकज पोरवाल, मुकेश गुप्ता, तन्नू तिवारी, अखिलेश शर्मा, विशाल, वेद प्रकाश पोरवाल, राम लाल शर्मा ने आचार्य को पगड़ी, अंगवस्त्र, माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## एक नजर

### 3162 किग्रा विस्फोटक 608 बम बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स व अन्य विभागों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 28 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक लोगों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,31,596 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस प्रेषित किए गए हैं, जिनमें से 26,88,418 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 10,147 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10,335 कारतूस, 3162.32 किलोग्राम विस्फोटक व 608 बम बरामद कर जब्त किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5323 केन्द्रों पर रेड डाली गई और 188 केन्द्रों को जब्त किया गया। 28 मई, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 5949 लोगों को पाबन्द किया गया।

# 25 जिलों के 137 ग्रामों की होगी चकबंदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**मिली अनुमति**

▸▸ कई जिलों में एक-दो तो कई में आठ से दस ग्राम हैं शामिल




**अमृत विचार :** शासन ने 25 जिलों के 137 ग्रामों की प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण की चकबंदी कराने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति उप्र. जोत चकबंदी अधिनियम-1953 की धारा 4 के अंतर्गत प्रदान की गई है। इसमें कई जिलों में एक-दो तो कई में आठ से दस ग्राम शामिल हैं। इनमें बरेली, मुरादाबाद, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, बस्ती जैसे जिलों के अधिक ग्राम शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इन गांवों में चकबंदी की मांग लंबे समय से चल रही थी।

**बरेली, मुरादाबाद, कानपुर देहात के ये गांव शामिल**

बरेली की मीरगंज तहसील क्षेत्र के करौरा भगवंतपुर, ठिरिया बुजुर्ग, बफरी अब्दुल नवीबुर, अंबरपुर, जैतपुरा, बिहारीपुर, गोरालोकनाथपुर मुस्तकिल, गोरालोकनाथपुर एहतमाली तथा बहेड़ी तहसील के गांव पनवरिया एवं फरीदपुर तहसील के गांव गोविंदपुर शामिल हैं। उधर, मुरादाबाद की बिलारी तहसील के गांव अलीरजापुर माफी, राधौपुर विरान, जैतिया फिरोजपुर शामिल हैं। मुरादाबाद तहसील के गांव रफातपुर को शामिल किया गया है, जबकि ठाकुरद्वारा तहसील के गांव टांडा अफजल ऐहतमाली, पीपलसाना एहतमाली और कोहनकू गांव को भी शामिल किया गया है। बिजनौर की नगीना तहसील के गांव मुर्तजाबाद, शंकरपुर व धामपुर तहसील के ताजगंज और शाहजहांपुर को शामिल किया गया है। कानपुर देहात की रसूलाबाद तहसील के गांव भीतरगांव, करनजाई, भीटीकुर्सी, तिस्ती, परसौरा, गोपालपुरतालुका, धरमूपुर शामिल हैं, जबकि भोगिनीपुर तहसील के गांव बम्हरौली को भी शामिल किया गया है।

**गोरखपुर, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और गोंडा के ये गांव शामिल**

गोरखपुर की खजनी तहसील का गांव ढढौना तप्पा हवेली, चतुर बंदुआरी तप्पा महसिन, सहजनवा के गांव भीमापार तप्पा उत्तर हवेली, सीहापार तप्पा उत्तर हवेली, खीरीडाड़ तप्पा भरसाड़, महुआपार तप्पा भरसाड़ एवं सदर तहसील के गांव बैजनाथपुर तप्पा मछारी चंदौर गांव को शामिल किया गया है। सुल्तानपुर की तहसील जयसिंहपुर के ग्राम भीखूपुर, कारबेन, पारा, विशुनदासपुर, कल्याणपुर, डोमनपुर, रायापुर, चिरानेडीह तथा लंभुआ तहसील के धनहुआ ग्राम को भी शामिल किया गया है। अंबेडकरनगर के जलालपुर तहसील के ग्राम चौदहप्रास, नारीपुरमेहनाजपुर, मैनुद्दीनपुर, साईपुरसमसपुर को भी शामिल किया गया है। गोंडा की मनकापुर तहसील के अंतर्गत आने वाले वनटांगिया ग्राम अशरफाबाद व मनीपुर ग्रंट के अलावा गोंडा तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव घुसवा को भी शामिल किया गया है। बलरामपुर के उतरौला का गांव महुवाधनी भी शामिल है।

## पशु बीमा में नहीं चलेगी मनमानी करें दावों का भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीमित पशुओं की संख्या बढ़ाने के साथ शर्तों के मुताबिक दावों का भुगतान करना होगा। यह निर्देश मनमानी से लंबित दावों और लक्ष्य न बढ़ने पर निदेशक डॉ. आरएन सिंह ने उप्र पशुधन विकास परिषद और बीमा कंपनी को दिए हैं।

सोमवार को पशुपालन निदेशालय से की गई वीडियो कांफ्रेंसिंग में निदेशक को पशुधन बीमा योजना की समीक्षा में जिलों पर पशुओं के बीमा का लक्ष्य पूरा नहीं मिला था। जिन पशुओं की मौत हुई उनमें ज्यादातर का भुगतान लंबित पाया। नाराजगी जताते हुए लक्ष्य के मुताबिक पशुओं का बीमा करना व लंबित दावों का भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक में एक पशु का बीमा होना और मरने पर कम से कम दो पशुओं के बीमा की अनिवार्यता बताकर क्लेम निरस्त करना और न के बराबर पशुओं के मरने पर ज्यादा क्लेम बताकर चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे बीमा पर रोक लगाना जैसी शिकायतें की गईं। लाभ न मिलने से पशुपालकों का योजना से मोहभंग हो रहा है।

# पांच जिला न्यायालयों में होगी यूपीएसएसएफ की तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कानपुर नगर, अलीगढ़, गोरखपुर, आगरा और मथुरा में होगी तैनाती

**अमृत विचार :** प्रदेश के जिला न्यायालयों की सुरक्षा को लेकर गृह विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब जिला न्यायालयों पर पुलिस के स्थान पर उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) की तैनाती की जाएगी। काफी समय से यह मांग भी की जा रही थी। हालांकि प्रथम चरण में अभी सिर्फ पांच जनपदों में विशेष सुरक्षा बल की तैनाती का फैसला लिया गया है। बाकी जनपद न्यायालयों में सुरक्षा बलों की तैनाती कब की जाएगी यह फैसला अगले चरण के तहत लिया जाएगा।

जिन जिलों के न्यायालयों में यूपीएसएसएफ तैनात करने का निर्णय लिया गया है, वह जिले कानपुर नगर, अलीगढ़, गोरखपुर, आगरा और मथुरा हैं। गृह विभाग ने बुधवार को तैनाती करने की संस्तुति प्रदान कर दी है। न्यायालयों में कितने कार्मिक तैनात होंगे, कब से तैनात होंगे, रुकने आदि की क्या व्यवस्थाएं होंगी.. यह फैसला पुलिस मुख्यालय स्तर पर लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि संस्तुति मिल गई है, जल्द ही संबंधित जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से बातचीत करके तैनाती का फैसला लिया जाएगा। बता दें कि न्यायालयों में यूपीएसएसएफ लगाने का प्रस्ताव बीती 3 जनवरी को पुलिस विभाग की ओर से भेजा गया था। इस संबंध में गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता की ओर से पुलिस महानिदेशक को भी अवगत करा दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक द्वितीय चरण में प्रयागराज, लखनऊ, मेरठ आदि जनपदों के न्यायालयों को शामिल किया जाएगा।

# प्रदेश सरकार ने दिए बिजली आपूर्ति अनवरत बनाए रखने के निर्देश

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने भीषण गर्मी व लू के दौरान प्रदेश में अनवरत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को स्थानीय समस्यायों का जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया है। कहा गया है कि वर्तमान में गर्मी पूरे चरम पर है। पूरे प्रदेश में लगभग सभी जिलों में तापमान निरंतर 45 डिग्री सेंटीग्रेड को पार कर रहा है। शाम को व रात्रि में भी तापमान में विशेष गिरावट नहीं हो रही है। भीषण गर्मी का कहर प्रदेश के विद्युत तंत्र व उत्पादन कर रही इकाइयों की क्षमता को निरंतर चुनौती दे रही है।

अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में बीते 26 मई को 29,058 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई, जो 2022 व 2023 की अधिकतम दैनिक मांग क्रमशः 22,572 व 21,502 मेगावाट से लगभग 29 प्रतिशत व 35 प्रतिशत अधिक थी। इसी प्रकार इस वर्ष 27 मई को आपूर्ति की गई अधिकतम मांग क्रमशः 29,167 मेगावाट व 29,212 मेगावाट थी, जो वर्ष 2022 व 2023 से क्रमशः 35 प्रतिशत व 40 प्रतिशत अधिक है।

**40 उपकेंद्रों पर चल रहा स्वीकृत से ज्यादा बिजली भार**

प्रदेश में जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे बिजली की मांग भी लगातार बढ़ रही है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में बढ़ी हुई मांग के अनुपात में पावर कॉरपोरेशन अनवरत बिजली आपूर्ति कर रहा है। प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों को मिलाकर लगभग 4634 उपकेंद्रों के जरिए प्रदेश के उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसमें से मात्र 40 उपकेंद्रों पर बढ़ती बिजली मांग का प्रभाव देखा गया है। फिलहाल बिजली भार को संतुलित करने का प्रयास लगातार जारी है। स्थायी समाधान के लिए बिजनेस प्लान के अंतर्गत इन सभी उपकेंद्र पर कार्य कराया जा रहा है।

## कश्मीर के विस्थापित परिवारों के दिन बहुराने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कश्मीर से विस्थापित परिवारों में एक बार फिर दिन बहुरने की आस जगी है। वर्ष 1990 से मिल रही 750 रुपये पेंशन अब 1250 रुपये की जाएगी। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिया जाएगा। इतना ही नहीं, उनके बच्चों को आरटीई के तहत स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। वर्ष 1990 में कश्मीर से 99 परिवार विस्थापित किए गए थे। इनमें से एक परिवार अयोध्या में बस गया और शेष परिवार नोएडा में रहकर जीवनयापन कर रहे हैं। सभी को वर्ष 1992 से 750 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन दी जा रही है। इनको रहने के लिए जनता फ्लैट दिए गए हैं। नोएडा के आठ और अयोध्या के एक परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं है। यह नौ परिवार आर्थिक बदहाली का दंश झेल रहे हैं और एक ही कमरे के फ्लैट में गुजर बसर कर रहे हैं। वर्ष 1992 से इनकी पेंशन की धनराशि में आज तक बढ़ोतरी नहीं हुई है। इनकी पेंशन बढ़ाने और अन्य सुविधाएं देने के लिए एक प्रस्ताव समाज कल्याण निदेशालय ने तैयार किया था और शासन को भेजा था, मगर कोई निर्णय नहीं हो सका। विभागीय अधिकारियों ने दोबारा सर्वे कराकर रिपोर्ट मंगवाई।

# बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर चार अधिशासी अभियंता निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ



▸▸ पश्चिमांचल निगम के एमडी ने मेरठ में तैनात अभियंताओं पर की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रदेश में गहराये बिजली संकट के बीच के बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर मेरठ पर तैनात चार अधिशासी अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इस बीच, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने जिन अभियंताओं पर कार्रवाई की है उसमें अधिशासी अभियंता वितरण खंड-पंचम मेरठ मनोज अग्रवाल, अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय मवाना महेश चंद्र विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय बड़ौत कृष्ण पाल व अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-चंदौसी सुशील कुमार पांडे शामिल हैं। इन अभियंताओं पर बिजली आपूर्ति में लापरवाही के साथ ही अपने कार्य में रुचि न लेने व राजस्व वसूली के लिए सार्थक प्रयास न करने का आरोप है। जांच में इन अभियंताओं को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाया गया है। प्रबंध निदेशक ने बिजली आपूर्ति में लगे अभियंताओं को कर्तव्य व दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

**अनपरा व पारीछा की इकाइयां ठप, संकट गहराया**

भारी मांग के कारण अनपरा सी की 600 मेगावाट व पारीछा बिजलीघर की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गईं। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में करीब 200 मेगावाट आपात बिजली कटौती की गई। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार इन इकाइयों के अगले दो दिनों के भीतर चालू होने की संभावना है। जबकि पहले से बंद चल रही इकाइयों बारा व जवाहरपुर बिजलीघर की 660 मेगावाट की एक-एक इकाई व पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को चालू किए जाने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता बुधवार की रात तक इन इकाइयों के चालू हो जाने की संभावना जताते रहे। प्रदेश में बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,282 मेगावाट दर्ज की गई। कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू में करने के प्रयास हो रहे हैं, पर बार-बार उत्पादन इकाइयों के ठप होने के कारण स्थिति संभल नहीं पा रही है। इसके साथ ही स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली संकट लगातार बना हुआ है।

# अजीम प्रेमजी के खिलाफ निचली अदालत का तलबी आदेश निरस्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 'प्रेमजी का कार्य गीता के कर्म योग के सिद्धांत के अनुरूप'

▸▸ न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने की टिप्पणी

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने देश के मशहूर उद्योगपति व विप्रो के चेयरमैन/एमडी अजीम प्रेमजी के खिलाफ श्रम प्रवर्तन अधिकारी, लखनऊ द्वारा स्थानीय अदालत में दाखिल परिवाद की पूरी प्रक्रिया को खारिज कर दिया है, साथ ही न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा अजीम प्रेमजी को तलब किए जाने संबंधी आदेश को भी निरस्त कर दिया है। इसी के साथ न्यायालय ने अपने निर्णय में अजीम प्रेमजी के लोकहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका कार्य श्रीमद्भागवद गीता के 'कर्म योग' के सिद्धांत के अनुरूप है, जिसका आशय है निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए, आध्यात्मिकता को प्राप्त करना।

यह निर्णय न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने अजीम प्रेमजी की याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से दलील दी गई कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में प्रेमजी व अन्य के खिलाफ मुख्य मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ की अदालत में परिवाद दाखिल किया, जिस पर अदालत ने 3 सितम्बर 2016 को संज्ञान लेते हुए प्रेमजी के खिलाफ तलबी आदेश पारित किया और बाद में 13 मई 2017 को वारंट भी जारी कर दिया था।

दलील दी गई कि प्रेमजी की कम्पनी विप्रो ने एक सर्विस प्रोवाइडर कम्पनी मेसर्स जीफॉरएस सिक्योर सल्युशंस इंडिया प्राइवेट लि0 कम्पनी से मैन पावर सप्लाई करने का करार किया था, उक्त करार में ही स्पष्ट था कि जीफॉरएस के कर्मचारी न तो विप्रो के एजेंट होंगे और न ही उसके कर्मचारी माने जाएंगे, यह भी तय था कि अपने कर्मचारियों का भुगतान सर्विस प्रोवाइडर कम्पनी ही करेगी। इस दौरान 2 जून 2016 को श्रम प्रवर्तन अधिकारी के निरीक्षण में जीफॉरएस द्वारा श्रम कानूनों का अनुपालन न करना पाया गया। घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए, याची की ओर से तर्क दिया गया कि उपरोक्त तथ्यों से प्रेमजी के खिलाफ कोई अपराधिक मामला नहीं बनता है। याचिका का राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। हालांकि न्यायालय ने याचिका को मंजूर करते हुए कहा कि प्रेमजी बिजनेस में नैतिक मूल्यों का सम्मान करने वाले व्यक्ति हैं, उन्होंने विप्रो को आईटी सेक्टर में एक ग्लोबल ब्रांड बनाया और वे कई परोपकारी कार्य करते रहे हैं।

# मतगणना कर्मियों को एसएमएस से मिलेगी टेबल संख्या की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कर्मियों को केकेसी कॉलेज में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

▸▸ मतगणना में लगे कर्मियों को सुबह 6 बजे पहुंचना होगा रमाबाई स्थल

▸▸ मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अंदर नहीं ले जा सकेंगे कर्मी

**अमृत विचार :** मतगणना में लगे कर्मियों को एसएमएस के माध्यम से टेबल संख्या की जानकारी मिलेगी। मतगणना में लगे कर्मियों को सुबह 6 बजे रमाबाई रैली स्थल पहुंचना होगा। कर्मी मोबाइल या इलेक्ट्रानिक डिवाइस नहीं ले जा सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बुधवार को केकेसी कॉलेज में 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर 934 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी कर्मियों को सुबह 6 बजे रमाबाई स्थल पहुंचना होगा। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। कर्मियों की जिस लोकसभा में ड्यूटी होगी उसी के अनुसार प्रवेश करेंगे। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे और गणना की समस्त गतिविधियों पर नजर रखेंगे। मतदान में लगे कर्मियों का दूसरा प्रशिक्षण 3 जून को होगा। दूसरी ओर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में चल रही इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) के मतपत्रों की स्कैनिंग प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि 3 जून को रमाबाई स्थल पर सुबह 7:30 बजे ईटीपीबीएस मत पत्रों को स्कैनिंग करने की प्रक्रिया अभ्यास किया जाएगा।

**164 टेबल पर होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला :** रमाबाई रैली स्थल पर 164 टेबल पर मतगणना होगी। इनमें एआरओ और आरओ की टेबल भी शामिल है। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में आरओ और एआरओ के अलावा 14 टेबल होंगी। रिजर्व और पोस्टल बैलेट मिलाकर कुल 19 टेबल एक विधानसभा में होंगी। जिस विधानसभा क्षेत्र में बूथों की संख्या अधिक होगी वहां पर मतगणना के चक्र ज्यादा रहेंगे। जहां बूथ कम हैं उस विधान सभा क्षेत्र की मतगणना जल्द पूरी हो जाएगी क्योंकि चक्र कम होंगे।

**प्रशिक्षण में ये भी बताया**

- मतगणना शुरू होने पर विभिन्न चक्रों में मशीनें प्राप्त होंगी। मशीन प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित कर लें कि चक्र के अनुसार निर्धारित मशीन ही उन्हें प्राप्त हुई है या नहीं।
- परिणाम सेक्शन के एड्रेस टैग सील को खोल कर रिजल्ट सेक्शन कवर को ऊपर की ओर उठाकर खोलना होगा। क्लोज बटन के साथ लगे हुए स्पेशल टैग से भी बूथ का मिलान एवं सील की जांच करनी होगी। जांच में किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर आरओ को तत्काल सूचना देनी होगी।
- मशीन का स्विच ऑन करें उसकी डिस्प्ले प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्रीन पेपर सील एवं स्पेशल टैग को बिना निकाले रिजल्ट बटन को दबाना होगा।


## वर्ग पहेली-85

**बाएं से दाएं**

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।
3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार
5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।
8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

**ऊपर से नीचे**

2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र, बड़ी पली।
3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना
4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।
6. सेवा से अवकाश प्राप्त।
7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।



**वर्ग पहेली-84 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 आ | ■ | 2 कू | ■ | ■ | 3 मे |
| 4 फे | लो | शि | प | ■ | ■ | ह |
| ■ | ड़ | ■ | मं | ■ | 5 चु | र |
| ■ | न | ■ | डू | ■ | ■ | बा |
| ■ | ■ | 6 ने | क | च | 7 ल | न |
| 8 पौ | ■ | ■ | ता | ■ | ति | ■ |
| 9 आ | रा | म | ■ | 10 म | का | म |

## सुडोकू-164

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | | 3 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | | |

**सुडोकू-163 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 | 6 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 11.43 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 07.31 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज आपके लिए समय अनुकूलता भरा रहेगा। विदेश यात्रा की इच्छा रख रहे लोगों की आकान्क्षा पूरी हो सकती है। वैवाहिक जीवन के लिए आपको काफी समय निकालना होगा। ऐश्वर्य के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें।

**वृष** — आज व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी आय में अचानक वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक होना उचित नहीं है। मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। अपनी आत्मप्रशन्सा करने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में कई नकारात्मक लोगों को झेलना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन से जुड़े मामलों में बाहर वाले लोगों की राय न लें। प्रतिष्ठित लोगों को अपने मान-सम्मान के खोने का भय रहेगा। दिनचर्या का क्रम बिगड़ सकता है।

**कर्क** — आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। विवादों से आपको पूरी तरह दूरी बनाकर रखना होगा। यदि किसी रोग से पीड़ित हैं तो दवाइयों का विशेष ध्यान रखें। बजट से अधिक धन खर्च करना हानिकारक हो सकता है।

**सिंह** — आज सामाजिक कार्यक्रमों में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। ससुराल पक्ष के लोगों से मिलना हो सकता है। किसी के भी बारे में नकारात्मक राय न रखें। इससे आपके विषय में भी लोग गलत राय बना सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

**कन्या** — आज आप कई सारे कार्यों में एक साथ उलझ सकते हैं। अपनी सीमा से ज्यादा काम न करें। व्यवसाय को लेकर लुभावने अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी मामलों में लापरवाही महंगी पड़ सकती है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

**तुला** — आज आप अपने विरोधियों के ऊपर काफी नाराज रहेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते है। भावुक होकर कोई भी निर्णय न लें। कला से जुड़े लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। लोग आपकी भावनाओं का शायद मान न रखें।

**वृश्चिक** — आज आप भविष्य को लेकर काफी चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद आप पीछे नहीं हटेंगे। आप अपनी परिस्थितियों को लेकर उदास हो सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालने का प्रयास करेंगे।

**धनु** — आज आपकी बातों से लोग काफी प्रभावित रहेंगे, लेकिन इसका आपको गलत लाभ नहीं उठाना चाहिए। भाई-बहनों को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से आपकी मित्रता होगी। किसी वेबसीरीज या सिनेमा का आनन्द उठा सकते हैं।

**मकर** — आज आप धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। उत्तम भोजन का आनन्द लेंगे। इन्टरव्यू आदि में जा रहे हैं तो आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है। यदि संभव हो तो आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**कुंभ** — आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। किन्तु किसी से अनावश्यक चर्चा में समय बर्बाद न करें। आपके गुप्त शत्रु आज सक्रिय हो सकते हैं। ऐसे में कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुप्त बातें लोगों से शेयर नहीं करनी चाहिये। नशे की सामग्रियों का उपभोग न करें।

**मीन** — आज आप किसी बात को लेकर निराश हो सकते हैं। शेयर मार्केट में सम्भलकर निवश करें। आपका धन आज फंस सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ अशान्ति रहेगी। फिलहाल यथास्थिति में बदलाव करने का विशेष प्रयास न करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- रेस 3 — सुबह : 11.50
- खलनायक — रात : 09.54

&pictures
- दंबग 2 — सुबह : 11.02
- नोटबुक — रात : 08.00

Sony Pix
- द मास्क — दोपहर : 12.42
- जस्टिस लीग — शाम : 06.54

Zee Cinema
- घायल — सुबह : 07.20
- मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी — शाम : 06.00

Colors Cineplex
- फिर हेरा फेरी — सुबह : 08.06
- दिवाने हुए पागल — शाम : 05.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की (टीटी)-अमृतसर जाने वाली गाड़ी कब आएंगी?
टीटी-6 बजे
लड़की-और लोकल?
टीटी-09 बजे
लड़की तो फिर मालगाड़ी
टीटी-अरे, क्यों परेशान कर रह हो,
लड़की-बताओ ना, प्लीज
टीटी-बाबा 1 बजे आएगी।
पर आपको कहां जाना है?
लड़की-कही नहीं सर जी,
बस पटरी पर लेट कर एक सेल्फी लेनी थी।
टीटी बेहोश...।



# बेजोड़ बनारस में मोदी महिमा गान

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो अब खुद को बनारसी कहते हैं, लगातार नई काशी बनाने के अभियान में जुटे हैं। इसी का नतीजा है कि विश्वनाथ धाम कॉरीडोर बनने के बाद 13 करोड़ पर्यटकों के आने से यहां आय और रोजगार के साधन तेजी से बढ़े हैं।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** वाराणसी मोदी मय है। गंगा किनारे घाट हों या गलियां चाहे बाजार कहीं भी किसी से पूछ लीजिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी जीत पर किसी को कोई संशय नहीं है, बल्कि इस तरह का सवाल करने पर लोग आपको घूरते या अचरज से देखते नजर आएंगे। चर्चा में अगर कुछ है, तो वह यह कि इस बार जीत का अंतर कितना बड़ा होगा, 400 पार होगा या नहीं। गोदौलिया चौक में एक चाय के अड्डे पर सुबह अखबार के पन्नों में झांकते हुए मोदी के विरोधी भी उनकी जीत पर बहस करते और शर्त लगाते मिलते हैं। इसी तरह अंधरापुल चौराहा जिसका नामकरण अब सीता राम द्वार किया जा चुका है, पर भीड़भाड़ के बीच सड़क किनारे एक होटल में छिड़ी चुनावी चर्चा में ज्यादातर लोग मानते हैं कि मोदी के आने के बाद बीते दस साल में शहर की सूरत काफी बदल गई है, बड़े शहरों जैसी भव्यता, सुविधा और चमक-दमक आ गई है। मोदी ने जो किया है, वह और कोई नहीं कर सकता है। हालांकि कुछ लोग इस बात से थोड़ा खिन्न नजर आते हैं कि सब कुछ पर्यटकों की खातिर हो रहा है। इससे बनारस का अपना मिजाज और रिवाज बदल रहा है। काशी वाली संस्कृति की पहचान कम होती जा रही है। विरासत भले सहेजी जा रही हो, लेकिन अध्यात्म और मुक्ति वाली पुरानी बात पीछे छूट रही है। लेकिन बात जैसे ही जीत-हार पर आती है तो सबकी राय एक ही नजर आती है कि अब दस लाख से जीतेंगे कि नहीं यह तो नहीं पता पर इतना तय है कि मोदी पिछली बार से ज्यादा वोटों से जीतेंगे।

भाजपा नेता और संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बार वाराणसी से चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए है। प्रचार में जुटे लोग पूछने पर कहते हैं कि 10 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे बढ़कर चुनावी अभियान संभाल रखा है। वह लगातार दौरे, जनसभाएं और रैली कर रहे हैं। आधा दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों की फौज के साथ संगठन के बड़े पदाधिकारियों की टीम वाराणसी में डेरा डाले हैं। छोटी-छोटी की गलियों में बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री को वोट देने के लिए लोगों के हाथ जोड़ रहे हैं। अलग-अलग वर्गों को साधने के लिए अलग-अलग नेता लगाए गए हैं। कहा जा रहा है कि अंतिम तीन दिन प्रधानमंत्री भी वाराणसी में मौजूद रहेंगे।



- भाजपा अपने सबसे बड़े नेता और प्रधानमंत्री को इस बार 10 लाख वोटों से जीत दिलाने के मिशन में जुटी
- अधिकतर लोगों का मानना है कि मोदी ने जो किया, वह कोई नहीं कर सकता, बदल गई शहर की तस्वीर

## मोदी की जीत की हैट्रिक अजय की हार का चौका !

- 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब पांच लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाने के साथ बड़े वोटों के अंतर से जीत का रिकार्ड बनाने की तरफ देख रहे हैं। वहीं उनका मुकाबला करने के लिए चुनावी मैदान में उतरे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की हार का हैट्रिक का रिकार्ड पिछले चुनाव में ही बन चुका है, यदि वह इस बार भी चुनाव हारते हैं, तो उनके नाम पर हार का चौका दर्ज हो जाएगा। अजय राय की पिछली तीनों हार में एक और खास बात रही है कि वह तीनों मर्तबा तीसरे नंबर पर ही रहे हैं, यानी थर्ड डिवीजन हार की हैट्रिक। लेकिन उनके लिए इस बार हालात पिछले चुनावों से थोड़े बेहतर नजर आ रहे हैं। हालांकि मुकाबले में बसपा से अतहर लारी भी हैं, लेकिन मोदी के साथ सीधी लड़ाई अजय राय की ही है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ीं शालिनी यादव 1,95,159 वोट हासिल करके दूसरे नंबर पर रही थीं। इससे पहले 2014 के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहने के साथ अजय राय की जमानत भी जब्त हो गई थी। इस चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी को चुनौती दी थी। दूसरे नंबर पर रहे केजरीवाल को 2,09,238 वोट मिले थे और अजय राय सिर्फ 75,614 वोट ही पा सके थे। 2009 का लोकसभा चुनाव अजय राय सपा के टिकट पर लड़े थे और तीसरे स्थान पर रहते हुए 1,23,874 वोट पाए थे। भाजपा से डॉ. मुरली मनोहर जोशी चुनाव जीते थे। बसपा से मैदान में उतरे माफिया मुख्तार अंसारी दूसरे नंबर पर रहे थे। अजय राय चार बार विधायक रह चुके हैं। वह तीन बार भाजपा और एक बार निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे। 2009 में भाजपा से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने पर सपा से लोकसभा का चुनाव लड़े थे। साल 2012 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद 2012 से 2017 तक वाराणसी की पिंडरा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे।


### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 6,74,664 | |
| सपा | शालिनी यादव | 1,95,159 | |
| कांग्रेस | अजय राय | 1,52,548 | |


### 2014 का जनादेश


| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 5,81,022 | 56.37 |
| आप | अरविंद केजरीवाल | 2,09,238 | 20.30 |
| कांग्रेस | अजय राय | 75,614 | 7.34 |
| बसपा | विजय जयसवाल | 60,579 | 5.88 |
| सपा | कैलाश चौरसिया | 45,291 | 4.39 |

### वाराणसी में पिछले चुनाव का वोट शेयर




### मोदी के विरुद्ध ये तीन प्रमुख प्रत्याशी मैदान में


अजय राय।


अतहर जमाल लारी।


के. शिव कुमार।

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए मांग रहे समर्थन

- वाराणसी में के. शिव कुमार अपनी युग तुलसी पार्टी से मैदान में हैं। वह आंध्र प्रदेश में तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों के प्रबंधन के लिए बने तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व बोर्ड सदस्य हैं। शिव कुमार ने जीवन भर गाय संरक्षण पर काम किया है। वह हैदराबाद में तीन गौशालाओं के मालिक हैं। शिव कुमार का वाराणसी में चुनाव अभियान के दौरान मुख्य मुद्दा यह है कि केंद्र सरकार गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करे। उनका कहना है कि भाजपा सनातन धर्म के बारे में तो बात करती है, लेकिन वे इस संबंध में कुछ भी लागू नहीं कर रहे हैं।

### बसपा प्रत्याशी लड़ चुके दो लोकसभा और दो विस चुनाव

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उतरे बसपा प्रत्याशी अतहर जमाल लारी 1984 में जनता पार्टी के टिकट पर वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे। 1991 में उन्होंने जनता दल से वाराणसी कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा की ज्योत्सना श्रीवास्तव से 5,000 वोटों से हार गए थे। 1995 में सोनेलाल पटेल के नेतृत्व वाले अपना दल में शामिल हो गए थे। 2004 में अपना दल से वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़कर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2012 में लारी ने मुख्तार अंसारी के नेतृत्व वाले कौमी एकता दल से वाराणसी दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।

### इस बार सिर्फ छह प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

- साल 2014 के चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट पर 41 प्रत्याशी मैदान में थे। पिछली बार 2019 में कुल 26 प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रहे थे, लेकिन इस बार यह आंकड़ा सिमटकर छह पर आ गया है।

### नेहरू और इंदिरा के रिकार्ड की कर लेंगे बराबरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार वाराणसी से जीत हासिल करते ही पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह प्रदेश के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। बतौर प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकार्ड बनाया था। हालांकि वह रायबरेली से जीत की हैट्रिक नहीं लगा सकी थीं।

## दो महिला सांसदों का ममता के गढ़ में संघर्ष

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल में सातवें और अंतिम चरण में दम दम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और उत्तर सीटों पर मतदान होना है। इनमें भाजपा ने जिन सीटों को जीतने के लिए तगड़ी व्यूह रचना की है, उनमें कोलकाता दक्षिण लोकसभा क्षेत्र प्रमुख है।

इस सीट को पहले कलकत्ता दक्षिण पूर्व नाम से जाना जाता था। वर्ष 1952 में इस सीट से जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहले सांसद बने थे। पिछले कुछ समय से कोलकाता दक्षिण सीट पर टीएमसी का दबदबा है। लेकिन इस बार भाजपा यहां कमल खिलाने को बेताब है। टीएमसी की सांसद माला राय के मुकाबले भाजपा ने रायगंज से सांसद देबश्री चौधरी को मैदान में उतारा है, जो कड़ी टक्कर दे रही हैं। सीपीआई (एम) से सायरा शाह हैं, जो अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की भतीजी हैं। कोलकाता दक्षिण को मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी का गढ़ कहा जाता है। वह छह बार यहां से सांसद चुनी गई थीं। इसकी शुरुआत उन्होंने 1991 में सीपीआई (एम) नेता बिप्लब दास गुप्ता को हराकर की थी। इसके बाद 1996, 1998, 1999, 2004 और 2009 में वह सांसद चुनी गईं। लेकिन 2011 में सांसद पद से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री बन गई थीं, क्योंकि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में जीत हासिल कर ली थी।

- भाजपा ने कोलकाता दक्षिण लोकसभा सीट पर रायगंज की सांसद देबश्री चौधरी के लिए झोंक रखी है ताकत
- इस लोकसभा क्षेत्र से 1952 में पहले सांसद चुने गए थे भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी

### दम दम से भाजपा ने ढाई दशक पहले खोला था खाता

दम दम लोकसभा क्षेत्र में इस बार टीएमसी के दिग्गज नेता सांसद सौगत रॉय का मुकाबला भाजपा के सीलभद्र दत्ता और सीपीआई (एम) के सुजन चक्रवर्ती से है। बंगाल में दम दम सीट पर ही सबसे पहले भाजपा ने वर्ष 1998 में खाता खोला था। तपन सिकंदर बंगाल के पहले भाजपाई सांसद बने थे। वह 1999 में दोबारा चुने गए थे। इसके बाद से भाजपा यहां जीत को तरस रही है। 2019 में दम दम में टीएमसी सांसद सौगत राय ने भाजपा के समिक भट्टाचार्य को हराया था। 2014 के चुनाव में सौगत राय ने सीपीआई (एम) के असीम दास गुप्ता को पराजित किया था। भाजपा के तपन सिंकदर तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2009 का चुनाव भी सौगत राय ने ही जीता था। राज्य की बारासात सीट पर डॉ. काकोली घोष दस्तीदार का मुकाबला भाजपा के स्वपन मजूमदार और सीपीआई(एम) के संजीब चटर्जी से है। बशीरहाट में हाजी नुरुल इस्लाम का भाजपा की रेखा पात्रा और सीपीआई (एम) के निरापद सरदार में मुकाबला है। मथुरापुर में बापी हलदर, भाजपा के अशोक पुरकैत और शरत चंद्र हलदर में लड़ाई है। डायमंड हार्बर में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का मुकाबला भाजपा के अभिजीत दास से हो रहा है। जादवपुर में टीएमसी की सयोनी घोष का मुकाबला भाजपा के डॉ. अनिर्बान गांगुली से है।

## बलिया में बगावत से गड़बड़ाए समीकरण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के नाम से पहचान रखने वाली बलिया लोकसभा सीट पर इस बार उनके बेटे नीरज शेखर भाजपा से चुनावी मैदान में उतरने के बाद सपा के जातीय समीकरण में फंस गए थे। साल 2019 के चुनाव में सिर्फ 15,000 वोटों से पिछड़ने वाले सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे थे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां जीत रही थी, लेकिन इस बार कांटे की टक्कर मानी जा रही थी। ऐसे में राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को बलिया पहुंचकर एक झटके में समीकरण बदल दिए। उन्होंने सपा नेता और पूर्व मंत्री नारद राय तथा पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह को भाजपा में शामिल कराकर माहौल भाजपा की तरफ मोड़ दिया।

बलिया में चुनाव ब्राह्मण बनाम राजपूत के बीच सिमटता नजर आ रहा था। ऐसे में सपा की पिछड़ा वर्ग में पैठ ने भाजपा की मुश्किलें बढ़ा रखी थीं। बलिया से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में सभा करने पहुंचे अमित शाह ने मंच पर नारद राय को खास तवज्जो दी। नारद राय भूमिहार समाज के बड़े नेता माने जाते हैं और भूमिहार समाज की पूर्वांचल की बलिया, गाजीपुर, मऊ, देवरिया, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही, महाराजगंज, गोरखपुर जैसे जिलों में ठीक-ठाक पैठ है। माना जा रहा है कि अमित शाह ने नारद राय को भाजपा में लाकर बलिया के साथ ही चार और सीटों पर सपा के समीकरण गड़बड़ा दिए हैं। नारद राय की सपा से नाराजगी का कारण सोमवार को बलिया में सनातन पांडे के समर्थन में अखिलेश यादव की रैली से शुरू हुई थी। जब अखिलेश ने मंच से नारद राय का नाम नहीं लिया था। इसी से खफा होकर नारद राय ने बागी तेवर अपनाए और भाजपा का दामन थाम लिया।



जनता ही राजा

हिमाचल प्रदेश की हॉट सीट मंडी में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में सभा करने पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा भीड़ देखकर खुशी से उछलती नजर आईं।

**दो बार की सांसद किरन खेर की जगह भाजपा ने इस बार उतारा है संजय टंडन को चुनावी मैदान में, मुकाबला कांटे का दिख रहा**

## चंडीगढ़ में दांव पर लगी है कांग्रेस नेता मनीष तिवारी की साख

कांटे का मुकाबला

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते 10 साल से भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर की पत्नी किरन खेर यहां से लगातार 2014 और 2019 के चुनाव जीती थीं। इससे पहले 2009 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। पवन कुमार बंसल सांसद चुने गए थे। लेकिन 2014 की मोदी लहर में वह भाजपा प्रत्याशी किरन खेर से चुनाव हार गए थे। इस बार यहां भाजपा ने किरन खेर के स्थान पर संजय टंडन को चुनावी मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस नेता मनीष तिवारी से हो रहा है।


संजय टंडन।


मनीष तिवारी।

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में पले-बढ़े 58 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी कांग्रेस का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने पिछली लोकसभा में आनंदपुर साहिब का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले वह 2009 से 2014 तक लुधियाना से सांसद रहे थे। मनीष तिवारी पिछले दो चुनावों से अपने गृहनगर चंडीगढ़ से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे। उधर, भाजपा नेता बलरामजी दास टंडन के पुत्र संजय टंडन चंडीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में अपनी चुनावी राजनीति शुरू कर रहे हैं। वह 1990 के दशक से भाजपा के साथ जुड़े हैं और पार्टी के भीतर व्यापक संगठनात्मक अनुभव रखते हैं। चंडीगढ़ लोकसभा सीट से बसपा ने डॉ. ऋतु सिंह को उतारा है। ऋतु दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रही हैं। वहां भी वह दलितों के लिए आवाज उठाने के लिए जानी जाती थीं। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

जानकार चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर हुई भाजपा की किरकिरी और मनीष तिवारी को आम आदमी पार्टी का समर्थन मिलने से उनकी स्थिति बेहतर मान रहे हैं। शायद इसी के मद्दे नजर यहां भाजपा ने अंतिम चरण के प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद मनोज तिवारी सभाएं करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मनीष तिवारी के समर्थन में रोड शो करके माहौल बना गए हैं।

### 2019 चुनाव परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट % |
|---|---|---|
| भाजपा | किरण अनुपम खेर | 50.64 |
| कांग्रेस | पवन कुमार बंसल | 40.35 |
| आप | हरमोहन धवन | 3.82 |
| बसपा | परवीन कुमार | 1.62 |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट% |
|---|---|---|
| भाजपा | किरण अनुपम खेर | 42.20 |
| कांग्रेस | पवन कुमार बंसल | 26.84 |
| आप | गुलकीरत कौर पनाग | 23.97 |
| बसपा | जन्नत जहां-उल-हक | 3.51 |

लुधियाना व आनंदपुर साहिब से चुनाव जीतने के बाद चंडीगढ़ से किस्मत आजमा रहे हैं मनीष तिवारी

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 970 फ्लैग 1085 बोल्ड 1135 डीएमओ 850।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूंदड़ा | 2400–2450 |
| आरआर 21 | 2550–2600 |
| गेहूंफारम | 2600–2700 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2000–4000 |
| बाजरा | 2100–2150 |
| मकाई | 2200–2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200–6400 |
| अरहर | 9000–10000 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 3700–4000 |
| उड़दहरा | 10000–11000 |
| उड़दकाला | 6000–8000 |
| मूंग | 8000–8100 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17600–17700 |
| अरहरस्पेशल1 | 14900–15000 |
| चनादाल | 8200–8300 |
| मटरदाल | 5000–5100 |
| मसूरमलका | 7400–7450 |
| मसूरदाल | 7600–7650 |
| उड़ददाल | 9000–13000 |
| उड़द धोवा | 10000–13000 |
| मूँगदाल | 8800–9800 |
| मूँग धोवा | 9700–11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000–2300 |
| बासमती नं.1 | 8500–10000 |
| सेला | 2500–3000 |
| बासमती नं.2 | 6500–7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380–1430 |
| मैदा | 1350–1400 |
| सूजी | 1410–1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325–1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600–5800 |
| अलसी | 4500–4600 रुपये। |

# एसएंडपी ने भारत की रेटिंग को सुधारा

## स्थिर से बढ़ाकर किया सकारात्मक और दो साल में सुधार की जताई है उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया है। मजबूत वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक व्यय की बेहतर गुणवत्ता तथा सुधारों और राजकोषीय नीतियों में व्यापक निरंतरता की उम्मीद के बीच 10 साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में यह बदलाव संभव हुआ है। एसएंडपी ने हालांकि, भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी रेटिंग है। एजेंसी ने पिछली बार 2014 में रेटिंग परिदृश्य को नकारात्मक से बढ़ाकर स्थिर किया था।




अमेरिका की एजेंसी ने बुधवार को बयान में कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक मोर्चे पर जुझारूपन बढ़ता है तो वह अगले 24 महीने में भारत की साख को बढ़ा सकती है। एसएंडपी की रेटिंग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को 2.10 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरित करने के एक सप्ताह के भीतर आई है। इस राशि का इस्तेमाल केंद्र के राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है। एसएंडपी ने कहा-बढ़ती गुणवत्ता के दम पर भारत का परिदृश्य संशोधित कर सकारात्मक किया गया। साथ ही 'बीबीबी-' दीर्घकालिक की पुष्टि की जाती है।

### एशिया-प्रशांत में सबसे अधिक रही जीडीपी की वृद्धि दर

एसएंडपी ने कहा–सकारात्मक परिदृश्य हमारे इस दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है कि निरंतर नीतिगत स्थिरता, गहन आर्थिक सुधार तथा उच्च बुनियादी ढांचा निवेश दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बनाए रखेंगे। एजेंसी का अनुमान है कि पिछले तीन वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर औसतन 8.1 प्रतिशत सालाना रही है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत का राजकोषीय घाटा सार्थक रूप से कम होता है और परिणामस्वरूप सामान्य सरकारी ऋण संरचनात्मक आधार पर सकल घरेलू उत्पाद के सात प्रतिशत से नीचे आ जाता है, तो वह रेटिंग बढ़ा सकती है। एसएंडपी ने कहा कि पिछले चार से पांच वर्षों में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सार्वजनिक निवेश तथा उपभोक्ता गति अगले तीन से चार साल में ठोस वृद्धि संभावनाओं को आधार प्रदान करेगी। भारत की कमजोर राजकोषीय स्थिति हमेशा से ही इसकी सॉवरेन रेटिंग की पृष्ठभूमि का सबसे कमजोर हिस्सा रही है। सभी तीन प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, फिच और मूडीज ने भारत को सबसे निम्न निवेश ग्रेड रेटिंग दी है। वहीं फिच और मूडीज ने अपनी रेटिंग पर अब भी स्थिर परिदृश्य कायम रखा है।

# बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 668 अंक लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी**

- निवेशकों की मुनाफावसूली से निफ्टी भी 183.45 अंक गिरा

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 667 अंक से अधिक लुढ़क गया। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले सतर्क निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,000 अंक के नीचे 74,502.90 अंक पर बंद हुआ। यह कारोबार के दौरान 715.9 अंक टूटकर 74,454.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। बीएसई सेंसेक्स 27 मई को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 183.45 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,704.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी सोमवार को अपने अब तक के उच्चतम स्तर



23,110.80 अंक पर बंद हुआ था।

सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयर चढ़ गए।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख को देखते हुए निवेशकों ने अमेरिका में कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) आंकड़े जारी होने से पहले मुनाफावसूली की। यह आंकड़ा मुद्रास्फीति के बारे में संकेत देता है। मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना है।

### निवेशकों की संपत्ति 5.12 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 5.12 लाख करोड़ रुपये घट गई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले निवेशकों की सतर्कता के बीच शेयर बाजार में इससे पहले रिकॉर्ड बढ़त दर्ज हो रही थी। बैंक शेयरों में बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सूचकांक में गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स 24 मई से चार कारोबारी सत्रों में 915.14 अंक गिर चुका है। हालांकि 27 मई को सेंसेक्स 76,009.68 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 97,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,500–55,700 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,000 |
| चांदी पक्की | 908 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,325 |
| चांदी आभूषण | 92,300। |

## पेटीएम-अडाणी समूह ने हिस्सेदारी बिक्री संबंधी बातचीत से किया इनकार

**नई दिल्ली।** वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह अडाणी समूह को हिस्सेदारी बेचने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही है। अडाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को गलत और असत्य करार दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है। उद्योगपति गौतम अडाणी के पेटीएम में संभावित हिस्सेदारी खरीदने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा के साथ बातचीत करने संबंधी खबरों पर वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा-यह केवल अटकलें हैं। कंपनी इस संबंध में कोई बातचीत नहीं कर रही है।

## एडीबी ने विकास के लिए 2023 में भारत को दिए 2.6 अरब डॉलर के ऋण

**नई दिल्ली एजेंसी**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2023 में भारत को 2.6 अरब डॉलर का ऋण दिया जिसका उद्देश्य शहरी विकास को मजबूत करना, औद्योगिक गलियारे के विकास का समर्थन करना, बिजली क्षेत्र के सुधारों को बढ़ावा देना, भारत की जलवायु लचीलापन बनाना, बागवानी का समर्थन करना और कनेक्टिविटी को बढ़ाना है।

एडीबी ने सॉवरेन पोर्टफोलियो के तहत 2.353 करोड़ डॉलर की तकनीकी सहायता और 41 लाख डॉलर का अनुदान भी दिया। इसके अलावा, उसने वर्ष के दौरान निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए एक अरब डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई।

एडीबी के भारत के कंट्री निदेशक मियो ओका ने कहा-वर्ष 2023 में एडीबी के पोर्टफोलियो ने सरकार के प्राथमिकता वाले एजेंडे का समर्थन किया। हम उन परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे जो भारत के संरचनात्मक परिवर्तन को गति देते हैं, रोजगार पैदा करते हैं, बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करते हैं, हरित विकास को बढ़ावा देते हैं।

## स्पाइसजेट के खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** विमानों का इंजन मुहैया कराने वाली कंपनी इंजन लीज फाइनेंस (ईएलएफ) ने करीब 100 करोड़ रुपये की देनदारी के मामले में कर्ज संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला अर्जी दाखिल की है। ईएलएफ ने स्पाइसजेट को आठ विमान इंजन पट्टे पर दिए हुए हैं। उसने दावा किया है कि स्पाइसजेट पर किराये एवं ब्याज समेत करीब 1.6 करोड़ डॉलर की देनदारी बनती है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ ने बुधवार को इस याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की।

## डिजाइन, प्रोग्रामिंग प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए शीर्ष कौशल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नए स्नातकों के लिए डिजाइन, एनालिटिक्स और प्रोग्रामिंग जैसे कौशल करियर में ढेरों अवसर खोल सकते हैं। अग्रणी पेशवर नेटवर्क लिंक्डइन के अनुसार, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर और प्रोग्रामिंग विश्लेषक में स्नातक डिग्री धारकों के लिए रोजगार के प्रमुख अवसर हैं।

लिंक्डइन की करियर स्टार्टर 2024 रिपोर्ट के अनुसार, स्नातक डिग्री वाले युवा पेशेवरों के लिए यूटिलिटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है। नए स्नातकों को नियुक्त करने वाले अन्य शीर्ष उद्योगों में तेल, गैस व खनन, रियल एस्टेट, उपकरण किराया सेवाएं और उपभोक्ता सेवाएं शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया, शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे विभिन्न नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं। सामुदायिक व सामाजिक सेवा, कानूनी, विपणन और मीडिया व संचार जैसे क्षेत्रों में स्नातक डिग्री धारकों के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। लिंक्डइन करियर विशेषज्ञ एवं भारत की वरिष्ठ प्रबंध संपादक निराजिता बनर्जी ने कहा-नौकरी बाजार में प्रवेश करना कठिन हो सकता है...खासकर करियर की शुरुआत में।



## एक नजर

### आदेश के खिलाफ याचिका पर जामिया विवि से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के प्रोफेसर इकबाल हुसैन की याचिका पर विश्वविद्यालय से बुधवार को जवाब तलब किया। हुसैन ने अपनी याचिका में एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके जरिये विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति और इसके बाद कार्यवाहक कुलपति के तौर पर उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गयी थी। न्यायमूर्ति विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली पीठ ने एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ हुसैन की अपील पर जेएमआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई की तिथि 12 अगस्त तय की।

### फैक्ट्री में लगी आग, दो महिलाओं की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित गोदवारा के फोम फैक्ट्री में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में दो महिलाओं की जिन्दा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी हुई है। आग इतना भयानक है कि दूर दूर तक केवल धुंएं का गुबार नजर आ रहा है। मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये जो फैक्ट्री है वो थाना खमतराई के बसंत नगर में स्थित है। उन्होंने बताया कि यहां सात कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी अचानक फैक्ट्री में आग लगी और पांच कर्मचारियों ने यहां से भागकर अपनी जान बचाई है।

### अमृतसर में हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से एक किलो 90 ग्राम हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद किये हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सुबह के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर ड्रोन की आवाजाही को रोका। प्रोटोकॉल के अनुसार, बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन की हरकतों पर तुरंत नज़र रखी और उन्हें बेअसर करने का प्रयास किया गया है।

# पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण बदल रही है जनसांख्यिकी: मोदी

## रैली में प्रधानमंत्री ने लगाया आरोप, टीएमसी सरकार जारी कर रही फर्जी जाति प्रमाण पत्र

**काकद्वीप (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकी बदल रही है तथा अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले लोग स्थानीय युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों को छीन रहे हैं।

मोदी ने यह भी दावा किया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी कर मूल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के अधिकार मुसलमानों को दे रही है। उन्होंने कहा-बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है। टीएमसी धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के खिलाफ है। वे सीएए का इतना विरोध क्यों कर रहे हैं? ये लोग (तृणमूल नेता) सीएए के बारे में झूठ क्यों बोल रहे हैं।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में लोकसभा चुनाव के लिए रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

### भाजपा सत्ता में आई तो संविधान खत्म कर देगी



**चंडीगढ़।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भारतीय जनता पार्टी सत्ता में वापस आई तो संविधान को खत्म कर देगी। कांग्रेस नेता ने पंजाब में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यह समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस खतरे को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

## भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री विजयन की बेटी के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

**कोच्चि।** भाजपा नेता शोन जॉर्ज ने केरल उच्च न्यायालय में एक अर्जी दायर कर आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी की अब बंद हो चुकी कंपनी 'एक्सलॉजिक' ने अबू धाबी के एक खाते में भारी रकम जमा की और कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन ने इसके माध्यम से धन को अमेरिका स्थानांतरित कर दिया। विजयन पर 1996 में केरल के ऊर्जा मंत्री रहने के दौरान कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन को ठेका देने में हुए कथित भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप है, जिससे सरकारी खजाने को कथित तौर पर नुकसान हुआ था। तिरुवनंतपुरम स्थित एक विशेष अदालत ने 2013 में विजयन और दो अन्य को इस मामले में बरी कर दिया था।

### गर्मी में ठंडक का अहसास...



गुरुग्राम में भीषण गर्मी के दिनों में बच्चे जलाशय में अठखेलियां करते हुए। ● एजेंसी

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र शरजील इमाम को दी जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम को राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप संबंधी 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दी। इमाम ने सुनवाई अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया जबकि दोषसिद्धि की स्थिति में उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि वह काट चुका है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम और दिल्ली पुलिस के वकील की दलीलें सुनने के बाद कहा-अपील स्वीकार की जाती है। अभियोजन के अनुसार इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कथित तौर पर भाषण दिया जहां उसने असम और शेष पूर्वोत्तर को देश से काटने की धमकी दी थी। इमाम ने निचली अदालत के समक्ष दावा किया था कि वह पिछले चार वर्षों से हिरासत में है और गैरकानूनी गतिविधियां

**सांप्रदायिक दंगों से जुड़ा मामला**




(रोकथाम) अधिनियम की धारा 13 (गैरकानूनी गतिविधियों के लिए सजा) के तहत अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर अधिकतम सजा सात वर्ष है। आपराधिक दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436-ए के अनुसार किसी व्यक्ति को हिरासत से उस स्थिति में रिहा किया जा सकता है यदि उसने अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि काट ली हो।

वहीं सुनवाई अदालत ने 17 फरवरी को उसे जमानत देने से इनकार करते हुए अपने फैसले में कहा था कि असाधारण परिस्थितियों में आरोपी की हिरासत की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक इमाम 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े कई मामलों में आरोपी है, जिसमें हिंसा की कथित बड़ी साजिश का मामला भी शामिल है। वह साजिश के एक मामले में भी न्यायिक हिरासत में है।

## पालघर रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरी मालगाड़ी

**मुंबई, एजेंसी**

- घटना से कई ट्रेन रद और कई का बदला गया समय

महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण पश्चिमी रेलवे को कई ट्रेनों का परिचालन रद्द करने के साथ ही कई ट्रेनों का समय बदलना पड़ा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल पर मरम्मत का काम जारी है।

पश्चिमी रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर तक 41 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गईं, 28 आंशिक रूप से रद्द कर दी गईं, 12 के मार्ग में परिवर्तन किया गया और 22 रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन किया गया। दोपहर को जारी बुलेटिन में पश्चिमी रेलवे ने कहा कि दहानु रोड (पालघर जिले में) और मुंबई के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं (आने-जाने के लिए) शाम तक फिर से शुरू हो जाएंगी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने पहले बताया था कि मंगलवार शाम 5.08 बजे मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे गुजरात से मुंबई आने वाली रेलगाड़ियों का यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों के मुताबिक दुर्घटना के 15 घंटे बाद भी रेल मार्ग बहाल करने का कार्य जारी है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय में लोगों के लिए मुफ्त वाई-फाई सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं, वादियों-प्रतिवादियों और आम लोगों के लिए अपने परिसर में मुफ्त वाई-फाई सुविधा बुधवार को शुरू की, ताकि उन्हें मुकदमे और अन्य डेटा की महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कानूनी संसाधनों तक पहुंच आसान बनाने में मदद मिल सके। न्यायालय के अधिकारियों ने बताया कि इस सुविधा का शुरू होना न्यायिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे इसका उपयोग करने वाले लोगों को एक नया अनुभव मिलेगा। इस पहल के पहले चरण के तहत ओटीपी-आधारित मुफ्त वाई-फाई सुविधा खंड-ए, खंड-बी, खंड-सी, विस्तारित खंड, मध्यस्थता केंद्र और अधिवक्ताओं के लिए जलपान स्थल में होगी।

## बदमाशों ने ट्रक में लगाई आग, एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत

**रांची।** झारखंड के रांची में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ट्रक में आग लगा दी, जिसमें एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना यहां से करीब 65 किलोमीटर दूर मैक्लुस्कीगंज-चामा रोड पर मंगलवार को हुई। खलारी के डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि शुरु में संदेह था कि इस घटना को माओवादियों ने अंजाम दिया है। उन्होंने कहा-अब ऐसा लग रहा है कि अपराध को स्थानीय गिरोह ने अंजाम दिया है। डीएसपी के मुताबिक, ड्राइवर से पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ था।

## दिल्ली के उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी को किया निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चिकित्सा उपकरणों की खरीद में अनियमितताओं के चलते हुई कार्रवाई

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आर एन दास को बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

दास को 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान 60 करोड़ रुपये मूल्य के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, दस्ताने, मास्क और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) किट जैसे विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के संबंध में अप्रैल में सतर्कता निदेशालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सतर्कता निदेशालय ने बुधवार को एक आदेश में कहा- दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के नियम-10 के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बच्चों के अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया में भी दास की भूमिका होने का आरोप लगाया है। इस अस्पताल में शनिवार रात आग लगने की घटना में छह नवजात की मौत हो गई थी।

## गिरफ्तारी के खिलाफ बिभव कुमार की याचिका पर शुक्रवार को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की एक याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया जिसने इस पर 31 मई को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। कुमार ने अधिवक्ता रजत भारद्वाज के माध्यम से अपनी याचिका में गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के प्रावधानों का घोर उल्लंघन तथा कानून के विरुद्ध बताया है। कुमार ने अपनी अवैध गिरफ्तारी के लिए उचित मुआवजे और उनकी गिरफ्तारी का निर्णय लेने में शामिल दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने की भी मांग की। सोमवार को कुमार की जमानत याचिका को एक सत्र अदालत ने खारिज कर दिया था।

# पंजाब में अवैध खनन स्थलों पर ईडी का छापा, 3.5 करोड़ जब्त

**चंडीगढ़, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को पंजाब के कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जगदीश सिंह उर्फ भोला मुख्य आरोपी है। एजेंसी ने इस छापेमारी के दौरान साढ़े तीन करोड़ की नकदी जब्त की है।

सूत्रों के मुताबिक, रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों पर छापेमारी की गई। ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि भोला मामले में एजेंसी द्वारा कुर्क की गई जमीन पर 'अवैध' खनन किया जा रहा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी है। इस कथित अवैध खनन मामले के कुछ आरोपियों में 'नसीबचंद व श्री राम क्रशर' और अन्य शामिल हैं। पंजाब में मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन का यह मामला करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ गिरोह से जुड़ा है, जिसका पुलिस ने 2013-14 के दौरान पर्दाफाश किया था। ईडी ने पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले को आमतौर पर 'भोला' मादक पदार्थ मामले के नाम से जाना जाता है क्योंकि इस मामले में कथित मुख्य आरोपी, पहलवान से पुलिसकर्मी और फिर मादक पदार्थ माफिया बने जगदीश सिंह उर्फ भोला की संलिप्तता सामने आई थी। ईडी ने भोला को जनवरी 2014 में गिरफ्तार किया था।


मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े भोला ड्रग्स मामले से ईडी की ओर से जब्त किए गए तीन करोड़ रुपये।

- **रूपनगर जिले में कुल 13 परिसरों पर की गई छापेमारी की कार्रवाई**
- **ईडी ने कुर्क की जमीन पर अवैध खनन किए जाने के बाद उठाया कदम**

## आप विधायक को जमानत देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्टने पंजाब से आप विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा को अंतरिम जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। माजरा को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और माजरा द्वारा मौजूदा लोकसभा चुनाव के वास्ते प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत के अनुरोध संबंधी याचिका पर जवाब मांगा।



विधायक की ओर से पेश वकील ने चुनाव प्रचार के लिए चार जून तक अंतरिम जमानत दिये जाने का अनुरोध किया है। कोर्ट ने कहा कि वह सभी पक्षों की बात सुने बिना अमरगढ़ से विधायक को राहत देने के लिए इच्छुक नहीं है। पंजाब में एक जून को अंतिम चरण में मतदान होगा। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इससे पहले उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इसमें कुछ भी अवैध नहीं है।

सीबीआई ने पिछले साल मई में 40 करोड़ की कथित बैंक धोखाधड़ी में गज्जन माजरा से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। ईडी ने सितंबर, 2022 में बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत उनसे जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी की थी।

## डोंबिवली रसायन फैक्टरी विस्फोट मामले में एक और गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के डोंबिवली में पिछले सप्ताह रसायन फैक्टरी में विस्फोट मामले में कंपनी के एक और निदेशक को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

फैक्टरी के रिएक्टर में विस्फोट की घटना में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। घटना के बाद पुलिस ने अमुदन केमिकल्स के निदेशक मलय मेहता (38) को गिरफ्तार किया था। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को कंपनी की एक और निदेशक और मलय मेहता की पत्नी स्नेहा मेहता को तलब किया और पूछताछ के बाद मामले में प्रथम दृष्टया उनकी संलिप्तता साबित होने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी के मुताबिक स्नेहा को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। घटना के संबंध में पिछले सप्ताह पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी जिसमें उनका नाम नहीं था।

## किशोर न्याय बोर्ड के आचरण की जांच को समिति गठित

**पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी**

**पुणे कार दुर्घटना**

- **19 मई को पोर्श कार की टक्कर से बाइक सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की हो गई थी मौत**

महाराष्ट्र सरकार ने पुणे कार दुर्घटना मामले में एक समिति गठित की है जो किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि क्या मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूर्णतः पालन किया गया था।

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) ने पिछले सप्ताह पांच सदस्यीय समिति गठित की है। उन्होंने बताया कि इसका नेतृत्व विभाग का उपायुक्त पद का एक अधिकारी कर रहा है और इसके अगले सप्ताह तक अपनी रिपोर्ट सौंपने की संभावना है। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को पोर्श कार चला रहे नाबालिग आरोपी ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित तौर पर टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया कि 17 वर्षीय आरोपी नशे की हालत में कार चला रहा था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटों बाद नाबालिग को जमानत दे दी थी। उसने नाबालिग से सड़क दुर्घटनाओं पर 300 शब्दों का एक निबंध लिखने को कहा था जिसकी काफी आलोचना हुई थी। डब्ल्यूसीडी आयुक्त प्रशांत नारनवरे ने बताया कि जेजेबी में न्यायपालिका का एक सदस्य और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त दो लोग होते हैं। उन्होंने कहा, हमने एक समिति गठित की है जो राज्य सरकार द्वारा नियुक्त जेजेबी सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि कार दुर्घटना मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूरी तरह पालन किया गया या नहीं। नारनवरे ने कहा, एक और तीन सदस्यीय समिति नाबालिग आरोपी के रक्त नमूनों को कथित तौर पर बदलने की जांच कर रही है।

## पाकिस्तान में गिरफ्तार दो भारतीयों से मिले उच्चायोग के अधिकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में उन दो भारतीयों से मुलाकात की, जिन्हें चार साल पहले जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ट्रिब्यून अखबार के हवाले से कहा कि जम्मू-कश्मीर में बांदीहुराह शहर के गोरेज इलाके के रहने वाले फिरोज अहमद लोन (29) और नूर मोहम्मद वानी (24) नामक दो युवकों को 2020 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के हिस्से गिलगित-बाल्टिस्तान में गिरफ्तार किया गया था। खबर में कहा गया है, कि दोनों भारतीय नागरिकों को हाल में गिलगित-बाल्टिस्तान की जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित किया गया था। भारत सरकार के अनुरोध पर राजनयिक पहुंच प्रदान की गई। यहां भारतीय उच्चायोग या पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# इजराइली कार्रवाई पर नीतियों में कोई बदलाव नहीं : अमेरिका

### कहा- राफा में हुए हमले में जानमाल के नुकसान दिल दहला देने वाले और भयावह

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने गाजा के शहर राफा पर इजराइल के हवाई हमले में लोगों के मारे जाने की घटना की निंदा की लेकिन कहा कि वह इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर नीतियों में बदलाव नहीं करेगा।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि इजरायल ने भविष्य में हथियारों को पाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्धारित दायरे को पार नहीं किया है और अमेरिका को लगता है कि वह शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा। ऐसा लगता है कि वह राफा के आबादी वाले इलाके में कोई जमीनी अभियान नहीं चला रहे हैं। उन्होंने राफा में हवाई हमले में हुए जानमाल के नुकसान को दिल दहला देने वाला और भयावह करार दिया और कहा कि अमेरिका इजराइल द्वारा की जा रही जांच के परिणामों को देख रहा है, जिसमें कहा गया है कि हमास के दो लड़ाकों पर हमले के बाद हुए दूसरे धमाके में आम नागरिक मारे गए।

किर्बी ने कहा कि इस हमले में हमास के दो सरगना मारे गए, जो हमलों के लिए जिम्मेदार हैं। हमने कई बार कहा है कि इजराइल को लोगों की जान बचाने के लिए एहतियात बरतना चाहिए।

- **इजरायल ने हथियारों को पाने के लिए निर्धारित दायरे को नहीं किया है पार : अमेरिकी प्रवक्ता**
- **अमेरिका को लगता है, शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा इजराइल**

### इजरायल ने राफा शिविर पर बमबारी में शामिल होने से किया इनकार

**गाजा।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने राफा के पास अल-मवासी इलाके में शिविर पर हुए बम विस्फोट में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। आईडीएफ ने कहा कि कुछ घंटों की रिपोर्टों के विपरीत, अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में हमला नहीं किया गया। आईडीएफ ने कहा कि हथियारों का छिपा हुआ भंडार घातक विस्फोटों का कारण है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया था कि इजरायली तोपखाने ने अल-मवासी क्षेत्र में विस्थापितों के लिए तंबुओं पर बमबारी की, जो मानवीय क्षेत्र है जहां विस्थापित गाजावासी आईडीएफ के आदेश के आधार पर शरण लेते हैं।

**इजराइल ने किया फिर हमला :** इजराइल ने बुधवार को राफा में फिर से हमला किया। हमास पर युद्ध में नागरिकों की मौत पर बढ़ती चिंता के बावजूद इजराइल ने बदलाव का कोई संकेत नहीं दिखाया है, जिससे युद्धविराम के लिए हो रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में रुकावट आ रही है। राफा में मीडिया की ओर से आज तड़के नए हमलों की सूचना दी गई।

### आलिया, प्रियंका सहित कई हस्तियों ने फिलिस्तीन के साथ दिखाई एकजुटता

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, आलिया भट्ट और करीना कपूर खान सहित कई भारतीय हस्तियों ने राफा में एक शिविर पर इज़राइली हमले के बाद फिलिस्तीन के प्रति समर्थन जाहिर की है। इज़राइल के हमले में 45 लोगों की मौत हुई है। इज़राइली हमले की कड़ी निंदा हो रही है हालांकि इज़राइली सेना का दावा है कि शिविर में आग फिलिस्तीनी आतंकियों के हथियारों से हुए विस्फोटों से लगी होगी। वहीं सोनम कपूर, सामंथा रुथ प्रभु, कोंकणा सेन शर्मा, एटली, वीर दास, दीया मिर्जा, तृप्ती डिमरी, शिल्पा राव, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह सहित कई हस्तियों ने इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही राफा की वह तस्वीर साझा की जिस पर लिखा है, सभी की निगाहें राफा पर हैं।

### एर्दोगन ने संयुक्त राष्ट्र पर लगाया गाजा में हिंसा रोकने में विफल होने का आरोप

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गाजा के राफा में रक्तपात रोकने में विफल होने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर बुधवार को हमला बोला और कहा कि संयुक्त राष्ट्र की आत्मा मर चुकी है। एर्दोगन ने कहा कि अगर आप नरसंहार को नहीं रोक सकते तो संयुक्त राष्ट्र का क्या उपयोग है? अगर दुनिया का भाग्य पांच देशों के हाथों में है, तो इन इमारतों का क्या उपयोग है? संयुक्त राष्ट्र अपने कर्मचारियों की भी सुरक्षा नहीं कर सकता।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के मद्देड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बद्देपारा इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। मद्देड थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था। बद्देपारा के करीब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों ने अभी तक दो नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किया है।

### नक्सलियों ने कंटेनर के साथ व्यक्ति को जिंदा जलाया

**रांची।** राजधानी रांची से 60 किमी दूर स्थित मैकलुस्कीगंज-चामा रोड में नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। आगजनी की घटना में नक्सलियों ने कंटेनर के साथ-साथ एक व्यक्ति को जिंदा जलाया है। मृतक व्यक्ति कुक का काम करता था। सूचना के बाद से ग्रामीण एसपी, खलारी थानेदार विजय सिंह, मैकलुस्कीगंज थानेदार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रहे है। नक्सलियों ने मैकलुस्कीगंज-चामा रोड में कंटेनर को निशाना बनाते हुए पहले रुकवाया लेकिन, चालक मौके से भाग गया। इसके कुछ देर बाद नक्सलियों ने गाड़ी में आग लगा दी। इस घटना में गाड़ी में बैठा व्यक्ति को जिंदा जला दिया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि जांच जारी है।

### चीन में पूर्व बैंकर को रिश्वत लेने के जुर्म में मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन की अदालत ने 15.1 करोड़ डॉलर की घूस लेने के जुर्म में पूर्व बैंकर को मौत की सजा सुनाई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बुधवार को बताया कि चाइना हुआरोंग इंटरनेशनल होल्डिंग्स (सीएचआईएच) के पूर्व महाप्रबंधक बाई तिआनहुई को मंगलवार को तिआनजिन की अदालत ने मौत की सजा सुनाई। अदालत के फैसले के अनुसार, उसके आजीवन राजनीतिक अधिकार भी छीन लिए गए और उसकी सारी संपत्ति जब्त कर ली गई है। अदालत ने कहा कि बाई ने भारी रकम के बदले में अधिग्रहण और परियोजनाओं के वित्त पोषण में दूसरों की मदद करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया।

### छात्राओं के स्कूल में बदमाशों ने लगाई आग

**मीरानशाह।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में छात्राओं के विद्यालय में आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि रजमक उपमंडल के शाखिमर गांव स्थित गोल्डन एरो पब्लिक स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। आग तेजी से फैली और पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गयी। आग से इमारत में रखे फर्नीचर और कंप्यूटर जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा की और स्कूल के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है।

### न्यू मैक्सिको में एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के न्यू मैक्सिको प्रांत में अल्बुकर्क इंटरनेशनल सनपोर्ट के हवाई क्षेत्र के पास एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लॉकहीड मार्टिन के अधिकारियों ने कहा कि एफ-35 विमान टेक्सास से कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस जा रहा था। यह न्यू मैक्सिको के कीर्टलैंड एयर फोर्स बेस में ईंधन भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों और अल्बुकर्क फायर रेस्क्यू ने कहा कि पायलट को चोटें आई और उसे न्यू मैक्सिको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने कहा कि विमान लॉकहीड मार्टिन कारखाने से स्थानांतरित किया जा रहा था ताकि दुर्घटना के समय उसका उपयोग किया जा सके।

## रूसी हस्तक्षेप की आशंका में यूरोपीय संसद की ली तलाशी

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम के संघीय अभियोजक कार्यालय ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने रूसी हस्तक्षेप को लेकर यूरोपीय संसद के एक कर्मचारी के आवास और ब्रसेल्स में संसद भवन में उसके कार्यालय की तलाशी ली।

अभियोजकों ने कहा कि फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में संदिग्ध के कार्यालय की न्यायिक सहयोग एजेंसी यूरोजस्ट और फ्रांसीसी अधिकारियों के सहयोग से तलाशी ली गई। स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संघ की संसद का मुख्यालय है। यह तलाशी यूरोपीय संसद के चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले ली गई। जांच की घोषणा पिछले महीने बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बेल्जियम की खुफिया सेवा ने एक ऐसे नेटवर्क का पता लगाया है, जो यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। अभियोजकों ने कहा कि यह तलाशी हस्तक्षेप, भ्रष्टाचार और आपराधिक संगठन की सदस्यता के मामले का हिस्सा है और रूसी हस्तक्षेप के संकेतों से संबंधित है, जिस पर यूरोपीय संसद के सदस्यों से संपर्क किया गया और वॉयस ऑफ यूरोप समाचार वेबसाइट के माध्यम से रूसी हित वाले प्रचार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें भुगतान किया गया।

## राजकोट के गेम जोन में आग

# एसआईटी को शीर्ष अधिकारियों से पूछताछ की मिली अनुमति

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- **गृह राज्य मंत्री ने दी अनुमति, 7 सरकारी और दो पुलिस कर्मियों की भूमिका की हो रही जांच**

गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में लगी आग की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि जांच में जरूरत के अनुरूप उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों से भी पूछताछ करने की अनुमति मिल गई है।

संबंधित घटनाक्रम में राजकोट के जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मृतकों के डीएनए नमूने उनके रिश्तेदारों से मेल खा गए हैं। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी द्वारा गांधीनगर में एसआईटी सदस्यों से मुलाकात करने और जांच में प्रगति की समीक्षा करने के बाद विशेष जांच दल के प्रमुख सुभाष त्रिवेदी ने मीडिया से बात की। त्रिवेदी ने कहा कि हमें राजकोट नगर निगम, अग्निशमन विभाग, पुलिस और बिजली कंपनी से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की जांच करने और दोषी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

एसआईटी में तकनीकी शिक्षा आयुक्त बीएन पाणि, गांधीनगर स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी, अहमदाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी जेएन खड़िया और सड़क एवं भवन विभाग के अधीक्षण अभियंता एमबी देसाई शामिल हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि गृह राज्य मंत्री (सांघवी) ने कहा है कि यदि आवश्यक हो तो आईएएस और आईपीएस अधिकारियों सहित वरिष्ठ सरकारी कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाए। एसआईटी दो पुलिसकर्मियों समेत उन सात सरकारी कर्मचारियों में से प्रत्येक की भूमिका की भी जांच कर रही है, जिन्हें पहले ही निलंबित कर दिया गया था। त्रिवेदी ने कहा कि गेम जोन संचालकों ने सीमा से अधिक 30 लीटर से ज्यादा पेट्रोल संग्रहित किया था, इसलिए पेट्रोलियम अधिनियम के तहत प्राथमिकी में धाराएं जोड़ी जाएंगी। मंत्री ने हमें जांच करने को कहा है ताकि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।


## गुप्त धन मामले में ट्रंप चुनाव कानून उल्लंघन के दोषी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी को किए गए भुगतान से जुड़ा मामला**

अमेरिकी अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने जूरी से कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गुप्त धन मामले में अभियोजन पक्ष ने साबित कर दिया है कि ट्रंप चुनाव कानूनों के उल्लंघन के दोषी हैं। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 2006 में उनके बीच हुए यौन संबंध के बारे में सार्वजनिक रूप से बताने से चुप कराने के लिए कथित गुप्त धन भुगतान से संबंधित व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। ट्रंप पर यह भी आरोप है कि 2016 के चुनाव से पहले उन्होंने चुप्पी साध ली। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने आरोपों और डेनियल्स के साथ कोई संपर्क होने से इनकार किया है। मंगलवार को अंतिम दलील देते हुए अभियोजक ने कहा कि यह साबित हो गया है कि ट्रंप ने चुनाव कानून का उल्लंघन करने, सहायता करने या छिपाने का प्रयास किया था। अभियोजक ने बताया कि बहुत सारे सबूत हैं कि यह भुगतान डेनियल्स को किया गया था। जूरी बुधवार को न्यायाधीश जुआन मर्चन के 12-सदस्यीय जूरी को निर्देश देने के बाद इस पर विचार करेगी कि ट्रंप को दोषी ठहराए या नहीं।

## इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत


चिलचिलाती गर्मी का कहर जारी है। देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गर्मी से राहत पाने के लिए विजय चौक पर लगे फव्वारे के पानी में बंदर अठखेलियां करते नजर आए। ● एजेंसी

## मेक्सिको में इज़रायली दूतावास के बाहर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में झड़प

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी**

- **80 लोगों ने दूतावास घेरने का किया प्रयास, इनमें ज्यादातर महिलाएं रहीं शामिल**

मेक्सिको सिटी में इजरायली दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन पुलिस के साथ हिंसक झड़प में बदल गया और पत्रकारों समेत कई घायल हो गए। मैक्सिकों के प्रसारक टेलीडियारियो ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली दूतावास के बाहर मंगलवार रात 80 लोग एकत्र हुए तथा पुलिस घेरा और अवरोधकों को तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस के सहयोग से दूतावास के गार्डों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी लेकिन उन पर पत्थरों और पेट्रोल बमों से हमला किया गया। प्रदर्शन और झड़पें जिनमें कथित तौर पर ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं, दो घंटे तक चली और बिना किसी गिरफ्तारी के समाप्त हो गई। घटनाओं को कवर करने के लिए मौजूद कई पत्रकार भी झड़प के दौरान घायल हो गए। रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए कहा गया है कि झड़प के दौरान चार पुलिस अधिकारियों और दो महिलाओं को चोटें आईं, जिनमें से ज्यादातर के शरीर के विभिन्न हिस्से जल गए और डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार यह विरोध प्रदर्शन दक्षिणी गाजा पट्टी में एक शरणार्थी शिविर पर हाल ही में हुए इजरायली हमलों को लेकर था।

## बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इमरान खान के वकील ने किया हमला

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इस्लामाबाद की अदालत के बाहर खान के वकील ने हमला कर दिया। यह हमला तब हुआ जब वह गैर-इस्लामिक विवाह मामले में दंपती की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए थे।

इमरान खान और बुशरा बीबी को तीन फरवरी को एक निचली अदालत ने शादी के लिए सात-सात साल जेल की सजा सुनाई थी। बुशरा के पूर्व पति खावर ने 2023 में दंपती के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बुशरा द्वारा इद्दत की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन किए बिना शादी कर ली थी।

## उत्तर कोरिया ने दक्षिण की ओर उड़ाए कचरे से भरे गुब्बारे

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे सैकड़ों गुब्बारे उड़ाए जिससे दक्षिण की सेना को देश के विभिन्न हिस्सों में कचरे और मलबे को इकट्ठा करने के लिए रासायनिक तथा विस्फोटक प्रतिक्रिया टीमों को तैनात करना पड़ा।

उत्तर कोरिया द्वारा कचरे के गुब्बारे उड़ाया जाना हाल के वर्षों में दक्षिण कोरिया के प्रति सबसे विचित्र उकसावे वाला कदम है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सैन्य वैज्ञानिकों से उपग्रह प्रक्षेपण में मिली असफलता से उबरने और अंतरिक्ष में अपनी टोही क्षमताओं को विकसित करने को कहा था, जिसके बाद ये गुब्बारे उड़ाए गए। किम ने अंतरिक्ष परियोजना को अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने में बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उत्तर कोरिया का उपग्रह प्रक्षेपण मिशन सोमवार को असफल हो गया था। कुछ घंटे पहले दक्षिण कोरिया ने अंतर-कोरियाई सीमा के पास 20 लड़ाकू विमानों के साथ अभ्यास किया था। किम ने प्रक्षेपण असफल होने के बाद पहली टिप्पणी करते हुए दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' की खबर के मुताबिक, किम ने मंगलवार को अपने भाषण में दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को उन्मादी पागलपन और नजरअंदाज नहीं करने योग्य खतरनाक उकसावे वाला कदम करार दिया था।

**खगोलीय घटना** | **मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का हुआ खुलासा**

# लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की धरती

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** हमारे सौर मंडल का सबसे खूबसूरत ग्रह वीनस यानी शुक्र ग्रह की सतह पर ज्वालामुखी सक्रिय हैं, जो बड़े पैमाने पर लावा उगल रही है। मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का खुलासा हुआ है।

शुक्र ग्रह की सतह पर माट मॉन्स नामक स्थान पर यह ज्वालामुखी काफी सक्रिय है। 3-डी कंप्यूटर मॉडल से लावा उगलते ज्वालामुखी का स्पष्ट पता लगाया जा सका है। नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र ग्रह की कक्षा में पहुंचकर इसकी तस्वीरें ली हैं। इन तस्वीरों का कई वर्षों तक अध्ययन किया गया। तब जाकर इस रहस्य का खुलासा हो पाया। वीनस पर सक्रिय ज्वालामुखी की यह दूसरी खोज है। मैगेलन अंतरिक्ष यान 1990 से 1992 तक शुक्र ग्रह की सतह का 98 फीसद मानचित्रण किया था और इटली के वैज्ञानिकों ने इसका विश्लेषण किया।

पेस्कारा डी अन्नुंजियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डेविड सुल्केनीज़ ने अपने बयान में कहा कि सक्रिय ज्वालामुखी के लिहाज से पृथ्वी और शुक्र ग्रह में एक जैसी समानता है और शुक्र पर यह नवीनतम खोज मैगलन के सिंथेटिक एपर्चर रडार से छवियों की ऐतिहासिक 2023 खोज पर आधारित है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।


शुक्र ग्रह की सतह पर बने ज्वालामुखी की तस्वीर।

- **नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र की कक्षा में पहुंचकर ली तस्वीर, कई वर्षों तक किया गया अध्ययन**

### 3 से 20 मीटर ऊंचे ज्वालामुखी

**नैनीताल :** शुक्र के दोनों ज्वालामुखी 3 से 20 मीटर ऊंची हैं, जो ज्वालामुखी लगभग 30 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। संभव है कि और भी ज्वालामुखी हो सकते हैं। जिनकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके अलावा शुक्र की भूगर्भीय स्थिति का पता भी लगाया जा रहा है। इस खोज से शुक्र की पृथ्वी की तुलना में भूगर्भीय स्थिति की सही जानकारी मिल पाएगी।

## पाकिस्तान में बस के खड्ड में गिरने से 28 लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक तेज रफ्तार यात्री बस के पलट कर खड्ड में गिर जाने से बच्चों और महिलाओं सहित 28 लोगों की मौत हो गई। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। यह बस तुर्बत से बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा जा रही थी और क्वेटा से लगभग 700 किलोमीटर दूर वाशुक शहर के पास खड्ड में गिर गई। रिपोर्ट के अनुसार तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई।

जियो न्यूज ने बचाव अधिकारियों के हवाले से बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए और उन्हें बसिमा के सिविल अस्पताल भेजा गया। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं, यहां यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। पंजाब के खुशाब जिले में 18 मई को एक ट्रक के खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे पहले तीन मई को गिलगित बाल्टिस्तान में एक यात्री बस के एक संकरी सड़क से फिसलकर खड्ड में गिर जाने से कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थीं, जबकि 21 अन्य घायल हो गए थे।